माघ शुक्ल पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 363, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण 14

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू 13

केजरीवाल को धनशोधन के मामले में ईडी का छठा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति मामला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल (55) को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में भेजे गए समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पिछले सप्ताह केजरीवाल को 17 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा था। अदालत ने कहा था कि केजरीवाल प्रथम दृष्टया इसका अनुपालन करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं। इस मामले में ईडी द्वारा आईआरएस के पूर्व अधिकारी को भेजा गया यह छठा समन है।

बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खोले जाएंगे

देहरादून। चारधाम में एक बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को सुबह छह बजे खोले जाएंगे। बुधवार को बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि परंपरा को ध्यान में रखते हुए बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर नरेंद्र नगर पैलेस में एक धार्मिक समारोह के बाद मंदिर के कपाट खोलने की तारीख और समय की घोषणा की गई है। समारोह में टिहरी के पूर्व शाही परिवार के सदस्य उपस्थित थे जिनमें टिहरी से भाजपा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, उनके पति मनुजेंद्र शाह और उनकी बेटी श्रीजा शाह शामिल थे। मंदिर के उद्घाटन से जुड़े अनुष्ठानों में टिहरी शाही परिवार एक अभिन्न हिस्सा है।

यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में लिखा स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री मोदी ने किया अबू धाबी के पहले मंदिर का लोकार्पण

अबू धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वामीनारायण संप्रदाय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के बीच अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। हल्के गुलाबी रंग का रेशमी कुर्ता पजामा, बिना बांह वाली जैकेट और पटका पहने हुए प्रधानमंत्री ने मंदिर के लोकार्पण समारोह में पूजा विधि में भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने 'वैश्विक आरती' में भी भाग लिया जो बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा दुनियाभर में बने स्वामीनारायण संप्रदाय के 1200 से अधिक मंदिरों में एक साथ आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। इससे पहले मोदी ने यहां पहले हिंदू मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले विभिन्न संप्रदायों के लोगों से मुलाकात की। दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए मंदिर के उद्घाटन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गईं गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। मंदिर अधिकारियों के अनुसार शिल्प और स्थापत्य शास्त्रों एवं हिंदू ग्रंथों में उल्लेखित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार भव्य मंदिर बनाया गया है। बीएपीएस के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने कहा, यहां वास्तुशिल्प पद्धतियों को वैज्ञानिक तकनीकों के साथ जोड़ा गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर 300 से अधिक उच्च तकनीक वाले सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है तो मंदिर इसका पता लगा लेगा और हम अध्ययन कर सकेंगे। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है।



अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में मंदिर के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 27 एकड़ में क्षेत्रफल में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से हुआ निर्माण

एक नजर

नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी गन

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी निर्मित 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन (एसआरसीजी) के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) कानपुर के साथ बुधवार को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबंध की कुल लागत 1752.13 करोड़ रुपए है और इन गनों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा।

500 से अधिक अस्पताल बने ईट राइट कैंपस

नई दिल्ली। खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने देशभर में 500 से अधिक अस्पतालों को 'ईट राइट कैंपस' के रूप में प्रमाणित किया है। यह पहल अस्पतालों सहित विभिन्न संस्थानों और कार्यस्थलों के भीतर सुरक्षित, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल खाद्य परिवेश बनाने पर केंद्रित है।

उत्तराखंड से होगी देश में पहली बार इमरजेंसी मेडिकल सेवा की शुरुआत

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की इस सुविधा की घोषणा

डेढ़ सौ किमी के दायरे में हेलीकॉप्टर से मरीजों को लाने की होगी व्यवस्था

- मुख्यमंत्री ने किया जौलीग्रांट हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 का लोकार्पण

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर नवनिर्मित टर्मिनल भवन फेज-2 का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअली जुड़े। फेज-2 में टर्मिनल का 14 हजार वर्ग मीटर विस्तार हुआ है। इस विस्तार के बाद टर्मिनल 42 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में हो गया है। एयरपोर्ट का टर्मिनल दो चरणों में 486 करोड़ से बना है।

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड से उनका पुराना नाता है। 5 साल राज्य में शिक्षा ग्रहण की। जौलीग्रांट एयरपोर्ट टर्मिनल के विस्तारीकरण से देश के 13 शहरों के लिए हवाई सेवा चल रही है। पिथौरागढ़-हिंडन हवाई सेवा के लिए कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की देश में उत्तराखंड से शुरूआत हो रही है। एम्स ऋषिकेश में हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की जाएगी। 150 किलोमीटर के दायरे में हेलीकॉप्टर से मरीजों को लाने की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में तीन एयरपोर्ट देहरादून, पंतनगर और पिथौरागढ़ विकसित करने की पहल हो चुकी है। वर्ष 2014 में देवभूमि में मात्र एक हेलीपोर्ट था, जो अब 10 हो चुके हैं। उड़ान 5.0 योजना तक राज्य में 21 हेलीपोर्ट बनाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री धामी ने पिथौरागढ़-हिंडन हवाई सेवा की प्रक्रिया और इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत करने पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ ही बाहर के लोगों को भी सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इससे राज्य को राजस्व प्राप्त होगा, आमजन को सरल एवं सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध होगा। केंद्र की उड़े भारत का हर नागरिक योजना के तहत सहस्रधारा, चिन्यालीसौड़, गोचर, हल्द्वानी, नैनीताल, अल्मोड़ा, नई टिहरी, श्रीनगर, मसूरी, जोशीमठ, धारचूला, हरिद्वार में हेलीपोर्ट्स बनाए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को राज्य में आवागमन के लिए हर प्रकार की सुविधा मिले। सीएम ने कहा कि जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। जौलीग्रांट से पिथौरागढ़ हवाई सेवा शुरू हो गई है। जौलीग्रांट से देहरादून-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ के बीच हेलीसेवा की शुरूआत की थी, इसको भी नियमित करने की योजना है। जल्द ही चिन्यालीसौड़ व गोचर से छोटे एयर क्राफ्ट की सेवाओं को शामिल करने पर भी काम हो रहा है। साथ ही गौजियाना (घनसाली), गैरसैंण (चमोली), देघाट-स्यालदे(अल्मोड़ा), जखोल एवं जोशीयाड़ा (उत्तरकाशी), डीडीहाट (पिथौरागढ़) में हेलीपोर्ट बनाए जा रहे हैं। विभिन्न पर्यटक केंद्रों के दर्शन के लिए जॉय राइड सेवा तथा हिमालयन दर्शन सेवा भी प्रस्तावित है। इस अवसर पर सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक बृज भूषण गैरोला मौजूद रहे।

जौलीग्रांट हवाई अड्डे के टर्मिनल फेज-2 का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री धामी।

मलिक बगीचा प्रकरण : हाईकोर्ट ने सरकार से 4 हफ्ते में मांगा जवाब

बनभूलपुरा में इसी जमीन से अतिक्रमण हटाने गई थी टीम

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में नजूल भूमि पर बने मलिक का बगीचा अतिक्रमण के मामले पर सुनवाई की। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को कोई राहत नहीं देते हुए राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता से प्रति शपथपत्र पेश करने को भी कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 मई को होगी।

मामले के अनुसार सफिया मलिक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि नगर निगम हल्द्वानी ने उन्हें 30 जनवरी 2024 को नोटिस देकर मलिक के बगीचे से अतिक्रमण हटाने को कहा है। उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया गया। जो नोटिस दिया वह प्रशासनिक था, न कि किसी कोर्ट का। प्रशासन को ध्वस्तीकरण का आदेश देने का अधिकार नहीं है। ध्वस्तीकरण से पूर्व उन्हें पीपी एक्ट में नोटिस दिया जाना चाहिए था।

याचिकाकर्ता के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से पैरवी की। कहा कि नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने का जो नोटिस दिया है वह नियम विरुद्ध है। किसी भी नियमावली का पालन नहीं किया गया है इसलिए इस नोटिस पर रोक लगाई जाए। जवाब में राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर व मुख्य स्थायी अधिवक्ता सीएस रावत ने कहा कि नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार के पास पॉलिसी है। प्रशासन ने नियमों के तहत ही अतिक्रमण हटाया है। पूर्व में यह भूमि सरकार ने कृषि करने के लिए 10 साल की लीज पर दी थी जिसकी लीज समाप्त हो गई और इसका नवीनीकरण नहीं किया गया।

विवाद

- प्रशासन का पक्ष...कृषि कार्य के लिए 10 साल के लिए लीज पर दी गई थी जमीन



मंडलायुक्त ने शुरू की घटना की जांच

हल्द्वानी। बनभूलपुरा बलवे के जांच अधिकारी एवं मंडलायुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय का नंबर जारी किया है। बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए बलवे के दो दिन बाद शासन ने मंडलायुक्त दीपक रावत को मजिस्ट्रेट जांच का जिम्मा सौंपा गया था। इसी क्रम में मंडलायुक्त रावत ने बताया कि किसी व्यक्ति को बनभूलपुरा में हुई घटना से संबंधित कोई भी तथ्य, साक्ष्य, बयान दर्ज कराने हो तो वह एक सप्ताह के भीतर खाम बंगला हल्द्वानी स्थित कैंप कार्यालय में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बयान दर्ज करा सकता है। साथ ही कैंप कार्यालय नंबर 05946-225589 पर भी संपर्क कर सकता है।

नड्डा गुजरात तो वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की नई सूची

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमशः ओडिशा और मध्य प्रदेश से उम्मीदवार घोषित किया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने महाराष्ट्र से चव्हाण के अलावा पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। जरूरत पड़ने पर 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मध्य प्रदेश से भाजपा ने राज्य मंत्री मुरुगन के अलावा उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है। मध्य प्रदेश में भाजपा के पास चार सीट जीतने का दम है जबकि कांग्रेस एक सीट जीत सकती है।

कांग्रेस ने सोनिया समेत 10 प्रत्याशी घोषित किए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पहले चार और फिर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की। उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तेलंगाना से पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी और प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम अनिल कुमार यादव को प्रत्याशी बनाया है। पहली सूची में सोनिया गांधी का नाम सबसे प्रमुख था जिन्होंने राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश, बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से वरिष्ठ नेता चंद्रकांत हंडोरे को उम्मीदवार बनाया गया है।

थोक महंगाई दर जनवरी में घटकर 0.27 % पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- फल और सब्जियों के दाम कम होने का असर

फल और सब्जियों के दाम कम होने से थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 0.27 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर 2023 में यह 0.73 प्रतिशत थी।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.39 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में लिए 0.27 प्रतिशत (अस्थायी) रही। थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 4.8 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी। इनमें सब्जियों की महंगाई दर 19.71 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 26.3 प्रतिशत रही थी। आलू की महंगाई नकारात्मक दायरे में रही। फल, अंडे, दूध, मछली और दूध की कीमतों में गिरावट आई है। ईंधन और बिजली क्षेत्र में जनवरी में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे 0.51 प्रतिशत रही।

मांग पर डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली चलो मार्च

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसान

हजारों किसान बुधवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने जब अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। कुछ किसानों ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जो अवरोधकों के करीब तैनात थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए एक ड्रोन तैनात किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया। दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वे एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत अपनी मांगों पर केंद्र के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

केंद्र-किसानों में आज चंडीगढ़ में होगी तीसरे दौर की वार्ता

चंडीगढ़। तीन केंद्रीय मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। दो बैठकें बेनतीजा रही हैं।

राजनाथ, मुंडा और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने की चर्चा

नई दिल्ली। राजनाथ सिंह और अर्जुन मुंडा समेत वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन और मुद्दों के समाधान के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री मुंडा के साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुंडा भी उन मंत्रियों में से एक हैं जिन्होंने किसान समूहों के साथ चर्चा की। बैठक के बारे में विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका है।

आतिशबाजी पैनल में विस्फोट से 4 की मौत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन समारोह से पहले हादसा

अमृत विचार : चित्रकूट इंटर कालेज में चल रहे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को समापन समारोह से पहले ही आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट हो गया। अफरा-तफरी और भगदड़ के बीच विस्फोट से चार युवकों की मौत हो गई। देर शाम मरने वालों की शिनाख्त हो गई। विस्फोट के बाद महोत्सव स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

चित्रकूट इंटर कालेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव चल रहा था। बुधवार को अंतिम दिन था। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव की आखिरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी प्रस्तावित थी। मैदान पर आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे आतिशबाजी के पैनल में अचानक विस्फोट हो गया। जो इतना जबर्दस्त था कि पैनल के पास मौजूद चार लोग लगभग 30 फीट तक उछल गए। एक युवक कालेज की तीसरी मंजिल पर जा गिरा और उसके चीथड़े उड़ गए। तीन युवक नीचे मैदान पर गिरे, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को फौरन जिला अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। देर शाम इनकी शिनाख्त कर्वी के मिशन चौराहा निवासी प्रभात पुत्र धर्मेंद्र, कर्वी माफी के विद्या नगर निवासी यश पुत्र विश्व प्रताप, पारस पुत्र कंशराज और मोहित पुत्र मुकेश के रूप में हुई। ये चारो छात्र थे और महोत्सव में घूमने पहुंचे थे। इनमें से मोहित (15) को छोड़कर तीनों 13-14 साल के थे। विस्फोट की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुःख, जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुःख जताते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को पांच- पांच लाख रुपये और घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। एडीजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है और जो दोषी हैं उन पर एफआईआर कराने के लिए कहा है। घायलों का निःशुल्क उपचार कराने के लिए भी कहा है।

बेहमई कांड : 43 साल के बाद आया फैसला, एक को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने एक आरोपी को किया दोष मुक्त

अमृत विचार : बहुचर्चित बेहमई कांड के मुकदमे में अदालत ने 43 साल तक चली सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ एक जाति वर्ग के लोगों को कतार में खड़ाकर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर सामूहिक नरसंहार किया था। इस नरसंहार में 20 लोग मारे गए थे, जबकि छह घायल हो गए थे। इस मामले में गांव के ही राजाराम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। इस मुकदमे की 43 साल तक चली सुनवाई के दौरान मुकदमे के वादी सहित गवाह और कई आरोपी दुनिया को अलविदा कह गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को अदालत ने फैसला सुनाते हुए आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया, दूसरे आरोपी श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा दी है। 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

सार-संक्षेप

जनसंवाद कार्यक्रम में समस्याएं सुनते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट। ● अमृत विचार

दूरदराज से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना

भीमताल : विकासखंड सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान भीमताल ब्लॉक के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों ने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखा और निराकरण की मांग की। ब्लाक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने संबंधित समस्याओं के विभागीय अधिकारियों से समस्याओं के समाधान करने और वहां के जनप्रतिनिधियों को समस्या के निराकरण की प्रगति के बारे में बताने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान हेमा आर्य, लक्ष्मण गंगोला, खष्टी राघव, पूरन लाल, दिनेश चंद, कमल गोस्वामी, मनीष गोनी, कमल जोशी, धीरेंद्र रावत, प्रदीप कुमार, महेश भंडारी मौजूद रहे।

ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्बेट पार्क पहुंचे 16 आईएफएस ऑफिसर

रामनगर : जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क पहुंचे देश के अलग-अलग राज्यों से 16 आईएफएस सीनियर ऑफिसरों ने तीन दिवसीय भ्रमण किया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। गौरतलब है कि तीसरे दिन इन फॉरेस्ट ऑफिसर्स का कॉर्बेट पार्क में भ्रमण कार्यक्रम के साथ ही रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत पड़ने वाले नगर वन में ड्रोन प्रशिक्षण लिया। यहां उन्हें आधुनिक ड्रोन सिग्मा 25 के बारे में विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया। ड्रोन सिग्मा 25 इन्ड्रोन्स सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के ट्रेनिंग प्रोग्राम हेड मनीष कुमार भारती ने सभी को सिग्मा 25 ड्रोन को उड़ाने से संबंधित जानकारियां दीं।

भीमताल के दो विद्यार्थी इंस्पायर अवार्ड लिए चयनित

भीमताल : सरस्वती पब्लिक स्कूल निशौला के छात्र प्रतीक कुमार और छात्रा दीप्ती मेहता का इंस्पायर अवार्ड स्कीम के लिए चयन हुआ है। विद्यालय के निदेशक हरीश सिंह रौतेला ने बताया कि दोनों को अपने-अपने मॉडल, प्रोजेक्ट को जिला एवं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित करने के लिए दस हजार की धनराशि प्रदान की गई है। विद्यालय निदेशक हरीश चन्द सिंह रौतेला, प्रधानाचार्या गीता रौतेला, पीटीए अध्यक्ष राम पाल सिंह गंगोला, सभी अभिभावकों ने बधाई दी है।

राजेंद्र सिंह बिष्ट रज्जी बने कांग्रेस के प्रदेश सचिव

हल्द्वानी : कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के सुपौत्र राजेंद्र सिंह बिष्ट उर्फ रज्जी को प्रदेश सचिव बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि संगठन को मजबूती मिलेगी। वह कांग्रेस की गौरवशाली परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए काम करेंगे। साथ ही संगठन को हर तरह से मजबूत करने का काम करेंगे। उनकी नियुक्ति पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, विधायक सुमित हृदयेश, जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, सतीश नैनवाल, गोविंद बिष्ट, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चनौतियां, महेश शर्मा, नरेश अग्रवाल ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही बिष्ट के प्रदेश सचिव बनने से कांग्रेस को जिले में ही नहीं कुमाऊं में मजबूती मिलेगी।

भरतपुर की आबादी में पहुंचा तेंदुआ, सीसीटीवी में कैद

भीमताल : भीमताल के वार्ड संख्या छ के भरतपुर के जंगल में तेंदुआ दिखाई देने से क्षेत्र में भय बना हुआ है। मामला मंगलवार देर शाम का है। क्षेत्र में लगभग बीस परिवार निवास करते हैं। इस क्षेत्र में अब भी दूध उत्पादन और जानवर पाले जाते हैं। ऐसे में तेंदुए की उपस्थिति से भय बना हुआ है। स्थानीय लोगों के घरों में लगे कैमरे में इसको देखा गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जिस स्थान में इसको देखा गया है वह आबादी के काफी समीप है। वहीं निशौला क्षेत्र में भी एक अन्य तेंदुए ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

नौकुचियाताल में प्रस्तावित हेलीपैड और भीमताल में पार्किंग का निर्माण अधर में, लोगों में है नाराजगी

भीमताल की दो महत्वपूर्ण योजनाएं अब तक लंबित

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : भीमताल की दो महत्वपूर्ण योजनाएं विभिन्न विभागीय कार्यशैली के चलते लंबित हैं। जहां इन महत्वपूर्ण योजनाओं को शासन द्वारा दिए गए निर्देश के तहत शीघ्र से शीघ्र पूरा होना था वहीं विभिन्न विभागीय कार्यशैली के चलते योजनाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं।

इन योजनाओं में सबसे पहले पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत 85.55 लाख योजना से निर्मित होने वाले नौकुचियाताल हेलीपैड का मामला है। इस हेलीपैड के निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग ने लगभग आज से 6 माह पहले निविदा आमंत्रित की थी जो स्वीकृत हो भी गई है। पर वहीं क्षेत्र में पावर एलटी की विद्युत लाइन आने के कारण हेलीपैड निर्माण के बाद भी उड़ान भरना संभव नहीं है। वहीं प्रभागीय वन अधिकारी पर इस के दायरे में आने वाले 241 पेड़ों का मामला अटका हुआ है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक इस क्षेत्र में 241 विभिन्न प्रकार की प्रजाति के पेड़ आ गए हैं। इसके चलते इनको हटाना यहां से जरूरी है। इस पर कार्रवाई लंबित है। इस योजना को धरातल में उतरने के लिए लोक निर्माण विभाग भवाली ने अधिशासी अभियंता पावर कारपोरेशन को पत्र लिखा है तो वहीं पेड़ों के लिए प्रभागीय वन अधिकारी वन विभाग को भी पत्र जारी किया है।

वहीं दूसरा प्रकरण भीमताल की मुख्यमंत्री की घोषणा में शुमार पार्किंग से संबंधित है। इस पार्किंग के निर्माण की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने की थी। पहले तो विभाग को इसके लिए जमीन नहीं मिली, अब विभाग को जमीन मिली है तो वहीं कई बार शासन स्तर पर निरीक्षण करने के बाद इसकी अनुमति प्रदान कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस निर्माण के लिए सॉइल टेस्टिंग को कराए हुए बीस दिन से अधिक हो गया है। टेस्टिंग की रिपोर्ट नहीं आने के कारण यह मामला भी रुका हुआ है।

भीमताल विधानसभा की दो महत्वपूर्ण योजनाएं पर्यटन से जुड़ी हैं। शासन स्तर पर तुरंत अनुमति देकर कार्रवाई प्रारंभ कर दी जानी चाहिए ताकि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। **-दान सिंह भंडारी**, पूर्व विधायक भीमताल

भीमताल विधानसभा में अधिकांश लोगों का रोजगार पर्यटन से जुड़ा है। ऐसे में हेलीपैड वह पार्किंग योजनाओं को काफी समय तक लंबित करना ठीक नहीं है। शीघ्र इसकी अनुमति और निर्माण प्रारंभ हो। **-लाखन नेगी**, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामगढ़

भीमताल व आसपास के क्षेत्र में कई होटल, रिसोर्ट, होम स्टे हैं। ऐसे में शीघ्र ही हेलीपैड और पार्किंग के निर्माण की नितांत आवश्यकता है। इसके निर्माण से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। इस प्रकार की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को तुरंत अनुमति दी जानी चाहिए। **-हरीश जोशी**, स्थानीय कारोबारी

लोक निर्माण विभाग ने हेलीपैड का निर्माण शीघ्र से शीघ्र हो। इसकी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। निर्माण के लिए अनुबंध की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कुछ विभागीय अनुमति मांगी गई है। इसके आते ही कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। दूसरी तरफ भीमताल की पार्किंग की सॉइल टेस्टिंग रिपोर्ट का इंतजार है। उसके आते ही उसकी भी कार्रवाई प्रारंभ करेंगे। **- पंकज तिवारी**, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग भवाली

अवैध सीवर और पेयजल कनेक्शनों की जांच शुरू

नैनीताल: जल संस्थान के महाप्रबंधक के आदेश पर नगर में अवैध पेयजल कनेक्शनों के साथ ही सीवर लाइनों की जांच शुरू कर दी गई है। जल संस्थान की ओर से एक टीम गठित की गई है। जो घर-घर जाकर सभी पेयजल कनेक्शनों की जांच कर रही है।

नैनीताल शहर में वर्तमान में पेयजल के 7087 घरेलू और 988 कॉमर्शियल कनेक्शन हैं। 5875 सीवर लाइन कनेक्शन हैं। इसमें टीम की ओर से अभी तक 1000 घरों में जाकर जांच की जा चुकी है।

जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि शहर में अवैध पेयजल कनेक्शनों की जांच की जा रही है। अब तक लगभग 60 अतिरिक्त लोग शुल्क जमा करने के लिए कार्यालय पहुंच चुके हैं। जांच के दौरान जो भी अवैध कनेक्शन पाये जाएंगे उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सुबह अधिकारियों को घेरा, दिन में पहुंच गया पानी

जल निगम विश्व बैंक कार्यालय में फूटा तल्ली हल्द्वानी के लोगों का गुस्सा

पानी की किल्लत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पानी की समस्या से जूझ रहे तल्ली हल्द्वानी के लोगों का गुस्सा बुधवार को जल निगम विश्व बैंक कार्यालय में फूट पड़ा। सुबह लोगों ने अधिकारियों का घेराव कर शीघ्र आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। इसके बाद दोपहर में घरों में पानी पहुंच गया।

निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में तल्ली हल्द्वानी शक्ति विहार के लोग जल निगम विश्व बैंक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने विभागीय प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश जोशी के सामने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि कुछ समय पूर्व पाइप लाइन को ठीक कराया गया था, उसके बाद कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। मनोज जोशी ने कहा कि त्यौहार के दिन भी लोग पानी से वंचित रहे। जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर ने तुरंत कार्यवाही के लिए टीम को मौके पर भेजा। साथ ही घरों के मीटर चैक करने व लाइन को वॉश करने के आदेश दिए। जिसके बाद करीब 4 बजे पानी की आपूर्ति सुचारू हो गई। पानी पहुंचने से लोगों ने राहत की सांस ली। घेराव करने वालों में सीपी चौहान, जय सिंह, शेखर जोशी, उमेश पंत, चंचल, अभिषेक, नितिनआदि शामिल रहे।

पानी की समस्या को लेकर नाराजगी जताते लोग। ● अमृत विचार

एक टैंकर से 6000 लोगों को बांट रहे पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ट्यूबवेल खराब होने से पेयजल संकट से जूझ रही 6000 से ज्यादा की आबादी को जल संस्थान सिर्फ एक टैंकर से पानी सप्लाई कर रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी है।

बीते शनिवार से खराब पड़े आईटीआई स्थित ट्यूबवेल की मरम्मत में समय लग रहा है, जिससे आईटीआई, सीएमटी, इको टाउन, धान मिल, छड़ायल आदि की 6000 से ज्यादा की आबादी पानी के संकट से जूझ रही है, क्योंकि जल संस्थान ने इतने बड़े क्षेत्र में पानी सप्लाई के सिर्फ एक टैंकर लगाया है।

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उसके पास 10 टैंकर ही हैं, जिसमें से कुछ कालाढूंगी, भगवानपुर, दमवाढुंगा आदि क्षेत्रों में, जबकि कुछ बाहर से आए अर्धसैनिक बलों व अन्य सुरक्षा जवानों को सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में, फिलहाल टैंकरों की कमी है, इसलिए आईटीआई क्षेत्र में एक टैंकर लगाया गया है। इधर, पर्याप्त पानी न मिलने से लोगों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। नारायण विहार के एचएस नगरकोटी कहते हैं कि पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोगों को परेशानी हो रही है।

हमारी कॉलोनी में टैंकर नहीं आया है। लोग पानी न मिलने से परेशान हैं। विभाग को समुचित व्यवस्था करनी चाहिए। **- चंद्रशेखर जोशी**, मित्र विहार

पानी का टैंकर आया लेकिन एक ही बाल्टी पानी मिल पाया। परिवार में पांच लोग हैं, एक बाल्टी पानी में कैसे काम चलेगा। **- सीता मेहरा**, डहरिया

आईटीआई क्षेत्र में फिलहाल एक टैंकर से पानी वितरित किया जा रहा है लेकिन जल्द ही टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। **- रविशंकर लोशाली**, ईई, जल संस्थान

चोरगलिया में सुबह-शाम बिजली कटौती से परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: लगातार हो रही बिजली कटौती से चोरगलिया के लोग खासे परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। चोरगलिया में पिछले कुछ दिनों से घंटों तक बिजली कटौती से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अक्सर सुबह व शाम को अंधेरा ढलने के साथ ही बिजली गायब हो जाती है। उन्होंने बताया कि दो-दो घंटे के लिए बिजली गायब रहने से लोगों की नियमित दिनचर्या गड़बड़ा गई है।

लाखनमंडी के हरीश जोशी ने कहते हैं कि ठंड के दिनों में लोगों को सुबह गर्म पानी चाहिए लेकिन उठते समय ही लाइट गायब हो जाती है। शाम को भी ठीक 6 बजे बिजली चली जाती व डेढ़-दो घंटे के बाद ही आती है। उन्होंने कहा कि बिजली गुल होने से सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों का हो रहा है, बच्चों की परीक्षाएं होने वाली हैं लेकिन घंटों तक बिजली गायब रहने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

हेम बजेठा ने बताया कि चोरगलिया में लाखनमंडी, खनवाल कटन, पचुवाखेड़ा, नया गांव कटान आदि गांव जंगलों से जुड़े हुए हैं, घंटों तक बिजली गुल होने से लोग सुबह-शाम के समय घर से बाहर निकलने में भी डरते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया लेकिन अधिकारी हर बार आगे से रोस्टिंग की बात कहकर अपी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। विभाग के अधिकारी लोगों के फोन तक नहीं उठाते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का बिल बराबर आता है लेकिन बिजली कभी-कभार ही आती है।

दिक्कत

अधिकारी ऊपर से बिजली कटौती की बात कहकर अपनी जवाबदेही से झाड़ रहे पल्ला

चोरगलिया में बिजली की सप्लाई सितारगंज से होती है, कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। **- दीपक आर्या**, ग्रामीण

देहरादून तक शिकायत कर चुके हैं। डीएम ने भी अधिकारियों को फटकार लगाई, फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ, लोगों में नाराजगी है। **- सुरेश भारती**, ग्रामीण

शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित होंगे डॉ. प्रदीप

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : सहायक अध्यापक (एलटी) हिंदी रा.उ.मा. विद्यालय महरागांव को शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने कवि, साहित्यकार, चित्रकार, गीतकार, संगीतकार, गायक, अभिनेता, कोरियोग्राफर, मंच संचालक, फोटोग्राफर, अन्वेषक की भूमिका में समाज में पहचान बनाई हुई है। इसके अलावा प्रदीप को आठ विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय कुमाउनी भाषा साहित्य सेवी सम्मान, पर्यावरण रत्न 2016, हल्द्वानी गौरव 2016, शिक्षक भूषण सम्मान 2016 आदि सम्मान मिल चुके हैं। उनके दिशा निर्देश में विद्यालय स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में रा.उ.मा. विद्यालय महरागांव में कक्षा 10 के छात्र राहुल कुमार को जनपद से एकमात्र प्रतिभागी के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर लोकवादन विधा में प्रतिभाग किया है। राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में लगातार आठ बार अपने विद्यालय को राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों में कई शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

व्यवसायी का निधन

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: प्रमुख व्यवसायी व उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक सुंदर खुराना का बुधवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इससे उनके घर में कोहराम मच गया। इधर, नगर उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर शोकाकुल परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

नगर के प्रमुख व्यवसायी सुंदर खुराना बीती रात मथुरा वृंदावन से आगरा फोर्ट ट्रेन द्वारा अपने साथियों के साथ घर लालकुआं आ रहे थे। रास्ते में उन्हें हल्का दर्द महसूस हुआ जिस पर उनके सहयोगियों की मदद से उन्हें कासगंज रेलवे स्टेशन पर उन्हें प्राथमिक उपचार दिलाया गया। उपचार के दौरान आराम मिलने पर उन्होंने आगे का सफर किया। बताते हैं कि इस बीच उन्हें लालकुआं पहुंचने पर पुनः दर्द की शिकायत हुई। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं ले जाया गया जहां उपचार से पहले उन्होंने दम तोड़ दिया।

व्यवसायी सुंदर खुराना।

इधर उनके परिवार में घटना को लेकर कोहराम मचा हुआ है। शोक में नगर के व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान बुधवार प्रातः से ही सायं 4 बजे तक बंद रखे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र बोरा आदि मौजूद रहे।

ड्रेन ए की दीवारों की मरम्मत की मांग मुखर

भीमताल: झील का मुख्य स्रोत ड्रेन ए इन दिनों सूखा हुआ है। सिंचाई विभाग द्वारा इन दिनों इसके दोनों तरफ झाड़ी कटान का कार्य किया जा रहा है। वहीं इस नहर के दोनों तरफ की दीवारें आपदा के दौरान से क्षतिग्रस्त है। इन दीवारों में लगे पत्थर आपदा के दौरान बह गए हैं, जिससे दीवारों की बुनियाद खोखली हो गई है। स्थानीय लोगों की मानें तो बारिश होने पर इन दीवारों के टूटने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय प्रभावित जनता ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से इन दीवारों की मरम्मत कराने की मांग की है। बताया कि वर्तमान में कम खर्चे पर कार्य संभव है। बाद में दीवारों के टूटने पर काफी धन खर्च होगा।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्र्ब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिम्स इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

मौसम दिन में निकल रही चटक धूप, बुधवार को अधिकतम तापमान 26 .1 डिग्री रहा जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है

19 फरवरी से बदेलगा मौसम, बारिश का अनुमान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: फरवरी में एक बार फिर से मौसम में बदलाव हो सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि जल्द ही बारिश होने की संभावना है। फिलहाल पहाड़ से लेकर मैदान तक चटक धूप निकल रही है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि उत्तराखंड में 19 फरवरी से मौसम में बदलाव हो सकता है। पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश हो सकती है। साथ ही उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होने के भी अनुमान हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी माह की शुरूआत बारिश और बर्फबारी के साथ हुई थी। जिससे सर्दियों के मौसम में बने सूखे के हालात खत्म हो गए। अगर एक बार फिर से बारिश होती है तो यह पर्यावरण, कृषि और उद्यान के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। इधर हल्द्वानी में दिन के समय चटक धूप निकल रही है। दोपहर के समय धूप में हल्की गर्मी का भी अहसास हो रहा है।

बुधवार को अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री रहा जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। साथ ही न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है। न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री दर्ज किया गया है। पहाड़ों में भी चटक धूप की वजह से पारे में उछाल आया है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 12.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री रहा है।

ठंड का अहसास हुआ कम। ● अमृत विचार

दिनभर चलता रहा धूप छांव का खेल

नैनीताल : बर्फबारी नहीं होने से फरवरी में ही ठंड का अहसास कम होने लगा है। जबकि बीते वर्ष फरवरी में हुई बर्फबारी के चलते मार्च पहले सप्ताह तक ठंड का अहसास हुआ था। बुधवार को भी नगर में सुबह से ही धूप छांव का खेल चलता रहा। इसके बावजूद ठंड का एहसास भी काफी कम हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जीआईसी के अनुसार बुधवार को नगर का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

एक नजर

केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

हल्द्वानी : भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत बुधवार को छड़ायल शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 103 में बैठक हुई। इसमें बूथ गठन समिति की ओर से संरचना व विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। साथ ही केंद्र व राज्य की जनहित योजनाओं को समाज के अन्तिम छोर तक पहुंचाने के लिए चर्चा की गई। प्रभारी कार्यकर्ता/जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट ने कहा कि अब कमर कसने और संगठन के विस्तार व बूथों को मजबूत बनाने की ओर तेजी से काम करने का समय है। इस दौरान बूथ अध्यक्ष प्रमोद बिष्ट, जितेन्द्र सिंह रावल, सुरेश गौड़, दीपक सनवाल, दिनेश भाकुनी, आनंदी बिष्ट, नीरज नेगी, शीतल चंद्र तिवारी, भुवन पाठक, सुशीला पांडे, कृष्णा वोरा, हरीश चुफाल मौजूद रहे। भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत लामाचौड़ मंडल में शक्ति केन्द्र पनियाली के बूथ नंबर-179 लोहरियासाल तल्ला में बैठक हुई। बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बूथ पर करणीय कार्यों की समीक्षा की गई।

लालकुआं से धारा-144 हुई समाप्त

हल्द्वानी : एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि बनभूलपुरा में नजूल भूमि पर बने विवादित ढांचा गिराने पर समुदाय विशेष के लोगों ने विरोध के दौरान पथराव, आगजनी की थी। इस पर बीती 9 फरवरी को सुरक्षा के मद्देनजर लालकुआं में अग्रित आदेशों तक धारा-144 लागू कर दी गई थी। अब स्थिति सामान्य होने पर लालकुआं से धारा -144 हटा दी गई है।

मदरसे के बच्चों को दूसरे स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

हल्द्वानी : बनभूलपुरा में विवादित भूमि पर बने मदरसे को ढहाये जाने के बाद उसमें पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई का इंतजाम किया जा रहा है। बच्चों को दूसरे स्कूलों में पढ़ने के लिए भेजा जाएगा। आठ फरवरी को जब विवादित भूमि में बने मदरसे को नगर निगम ने ध्वस्त किया था, उसके बाद से क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया। साथ ही यहां पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई ठप हो गयी। अब मदरसे में पंजीकृत बच्चों की सूची तैयार कि जाएगी, जिससे उनका प्रवेश निकटतम विद्यालय में करवाया जाएगा। एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी को निर्देश दिए हैं कि नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के साथ समन्वय करके मदरसे में पंजीकृत बच्चों की सूची तैयार कर लें।

मलिक समेत फरार 9 दंगाइयों की संपत्ति होगी कुर्क

कोर्ट से जारी हुआ 83 का नोटिस, फरार दंगाइयों में मास्टर माइंड के बेटे समेत पार्षद भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे के फरार मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत सभी फरार आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस अब फरार सभी आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी कर रही है। इस घटना में अब्दुल मलिक का बेटा भी नामजद है। दोनों दंगे की रात से ही शहर छोड़कर फरार हो गए थे। सभी फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली और हरियाणा तक दबिशें दे रही है।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर बने अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल को ढहाने के लिए पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम पहुंची थी। टीम के पहुंचते ही पथराव शुरू हो गया और करीब साढ़े 4 घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान लगातार दंगाइयों ने पथराव किया। टीम ने निकलने का प्रयास किया तो सरकारी वाहनों में आग लगा दी गई और कर्मियों को घेर पथराव व जलते टायर फेंके गए। इस मामले में पुलिस ने अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद समेत 18 लोगों को नामजद किया था। अभी नामजदों में नौ लोगों की गिरफ्तारी होनी बाकी है, जिसमें मलिक और उसका बेटा भी शामिल है।

दोनों घटना की रात से फरार हैं। इन दोनों के साथ ही पुलिस फरार शकील अंसारी, वसीम उर्फ हप्पा, मौकिन सैफी, एजाज अहमद, तस्लीम, जियाउल रहमान और रईस उर्फ दत्तू की तलाश भी कर रही है। ये सभी दंगे के मामले में नामजद हैं। पुलिस को न्यायालय से इन सभी की संपत्ति कुर्क करने के आदेश मिल चुके हैं।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 6 टीमों को लगाया गया है। एक टीम अब्दुल मलिक और उसके बेटे के पीछे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने पड़ोसी जिले और राज्यों की पुलिस से संपर्क किया है। फरार आरोपियों की फोटो और अन्य डिटेल भी विभिन्न राज्यों की पुलिस से साझा किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इन सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। फिलहाल, पुलिस ने फरार आरोपियों की संपत्ति का आंकलन शुरू कर दिया है।

कार्रवाई

- दंगे की रात ही बेटे समेत फरार हो गया था अब्दुल मलिक
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश से दिल्ली, हरियाणा तक हो रही तलाश

फरार आरोपियों के खिलाफ पहले से ही एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया गया है। अब कुर्की की कार्रवाई के आदेश भी न्यायालय से मिल चुके हैं। जल्द ही फरार आरोपियों की संपत्ति कुर्क की जाएगी। - **योगेंद्र सिंह रावत**, डीआईजी

दंगे में इन नामजद आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

1. लाइन नंबर 16 बनभूलपुरा निवासी महबूब आलम पुत्र अब्दुल रउफ वार्ड 23 का पार्षद
2. वार्ड 21 इंद्रानगर लाइन नंबर 14 बनभूलपुरा निवासी जिशान परवेज पुत्र स्व. जलील अहमद, वार्ड 25 का पार्षद
3. लाइन नंबर 12 बनभूलपुरा निवासी अरशद अयूब पुत्र अमीर अहमद
4. लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा निवासी जावेद सिद्दीकी पुत्र स्व. अब्दुल मोइन, सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी का भाई
5. लाइन नंबर 3 बनभूलपुरा निवासी अस्लम उर्फ अस्लम चौधरी पुत्र स्व. इब्राहिम, डेयरी का काम
6. लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा निवासी जुनैद पुत्र असलम

इन आरोपियों की होनी है गिरफ्तारी व संपत्ति कुर्क

1. अब्दुल मलिक
2. अब्दुल मोईद
3. शकील अंसारी
4. वसीम उर्फ हप्पा
5. मौकिन सैफी
6. एजाज अहमद
7. तस्लीम
8. जियाउल रहमान
9. रईस उर्फ दत्तू

जब्त होंगे पासपोर्ट, बैंक खाते किए जाएंगे फ्रीज

हल्द्वानी : जितने भी लोग पुलिस को चकमा देकर फरार हैं, अब उनपर कानून का शिकंजा कस रहा है। फरार सभी नौ आरोपियों में जितने लोगों के भी पासपोर्ट हैं, पुलिस सभी को जब्त करने जा रही है। इसके अलावा वह धन बल के दम पर फरार न हो सकें तो उनके बैंक खातों को फ्रीज करने की तैयारी की जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि दंगे के बाद से फरार लोगों ने खाते से कितने पैसे कहां से निकले और कहां खर्च किए। अगर ट्रांजेक्शन ऑन लाइन हुई है तो पुलिस के लिए इन तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को ज्ञापन सौंपते मौलाना। ● अमृत विचार

उलमा ए हिन्द ने कर्फ्यू में ढील देने की मांग की

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उलमा ए हिन्द ने बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को ज्ञापन सौंपकर कहा कि बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा में विवादित निर्माण के ध्वस्तीकरण के दौरान उपद्रवियों ने पथराव व आगजनी की थी।

हल्द्वानी के इतिहास में पहली बार ऐसी अप्रिय घटना हुई है। इस अप्रिय घटना के बाद सप्ताह भर से कर्फ्यू लगा हुआ है। इस वजह से समूचा बनभूलपुरा प्रभावित है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन इस कर्फ्यू की वजह से बुजुर्ग, बीमार, स्कूली बच्चों, कमजोर वर्ग को खासी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा के वे स्थान जिनका घटना से संबंध नहीं है वहां से कर्फ्यू हटाया जाए। जिन स्थानों पर कर्फ्यू की जरूरत है वहां ढील दी जाए ताकि वहां के बाशिंदे भी जरूरी काम कर सके। सीबीएसई की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो रही है, ऐसे में बच्चों में परीक्षा को लेकर संशय बना है इसलिए वहां छूट दी जाए।

हिंसा में प्रभावित पत्रकारों की मदद करेंगे भाईजी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हुई हिंसा में कई पत्रकारों को भी आर्थिक और शारीरिक क्षति पहुंची। स्वामी रामगोविंद दास ने सभी पीड़ित पत्रकारों की मदद करने की घोषणा की है।

कुमाऊं की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था हरि शरणम जन के प्रमुख स्वामी रामगोविंद दास 'भाईजी' बनभूलपुरा हिंसा से प्रभावित हुए पत्रकारों की मदद के लिए आगे आए हैं। एक महीने की धर्म प्रचार यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया गए भाईजी ने संदेश जारी कर सूचना दी कि वह प्रत्येक प्रभावित पत्रकार को 51 हजार रूपये की राशि देंगे। उन्होंने इस बनभूलपुरा प्रकरण पर भारी नाराजगी जताते हुए कहा कि इस वारदात से हल्द्वानी की छवि को नुकसान हुआ है। पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले पर वह अचंभित हैं। साथ ही उन्होंने शासन को भी सख्त कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। स्वामी रामगोविंद दास ने प्रशासन को भी आवश्यकता पड़ने पर सहयोग की बात की है।

बनभूलपुरा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर तैनात

हल्द्वानी: कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की टीम तैनात कर दी गई है। बुधवार को टीम ने केंद्र में लगभग 180 मरीजों की निशुल्क जांच की। साथ ही उन्हें दवा भी वितरित की। जनपद की प्रभारी सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कि डीएम के निर्देश के बाद बनभूलपुरा स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के इलाज के लिए एक बाल रोग विशेषज्ञ, एक महिला एवं प्रसूति विशेषज्ञ, पैथोलॉजी टीम व राष्ट्रीय बाल कार्यक्रम की टीम तैनात कर दी गई है। बुधवार को करीब 180 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से लोगों को हर आवश्यक सामग्री और दवाइयों की पूर्ति की जा रही है।

आज बनभूलपुरा जाएंगे विभिन्न संगठन

संवाददाता, रामनगर

एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे विभिन्न संगठनों के सदस्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार: जिलाधिकारी नैनीताल ने उत्तराखंड के बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल को गुरुवार दोपहर को बनभूलपुरा के कर्फ्यूग्रस्त इलाके में जाने एवं जनता से बातचीत की अनुमति प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

बनभूलपुरा में शांति कायम करने व कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र में निवास कर रही जनता को मानवीय व कानूनी सहायता उपलब्ध कराने आदि की मांग को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों का प्रतिनिधि मंडल एसडीएम हल्द्वानी व जिलाधिकारी नैनीताल से मिलने हल्द्वानी पहुंचा। दोनों अधिकारियों के कार्यालय में उपलब्ध न होने पर उन्होंने नायब तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कर्फ्यू ग्रस्त इलाके में जाने एवं शांति स्थापना के लिए लोगों से संवाद करने व मिलने की अनुमति मांगी। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने राजीव लोचन शाह के व्हाट्सएप पर गुरुवार की दोपहर बाद कर्फ्यूग्रस्त इलाके में जाने की अनुमति का संदेश दिया है। इस दौरान समाजवादी लोकमंच के संयोजक मुनीष कुमार, एक्टू के राज्य महामंत्री केके बोरा, वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के संयोजक तरुण जोशी, महिला कांग्रेस के खष्टी बिष्ट, धनी दुमका, प्रीति बिष्ट, मधु सांगुरी, जया कर्नाटक, पछास के महेश, संजय रावत, विंध्या रावत,जनवादी लोकमंच के मनोज कुमार, महिला एकता केंद्र की रजनी जोशी शामिल रहे।

बनभूलपुरा क्षेत्र में छाया सन्नाटा। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा की घटना पर विभिन्न संगठनों ने जताई चिंता

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा में आठ फरवरी को हुई हिंसा व आगजनी के बाद लगे कर्फ्यू की स्थिति सामान्य नहीं हुई है। इसको लेकर बुधवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने ऑनलाइन बैठक कर मामले में चिंता जताई। साथ ही कर्फ्यू को जल्द से जल्द खत्म करने पर जोर दिया।

उन्होंने इलाके में किसी प्रकार की अशांति न फैलने के बावजूद कर्फ्यू लगाने को लोगों को प्रताड़ित करना बताया। कहा कि इस मामले की न्यायिक जांच के लिए सरकार ने कमिश्नर व सिटी मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारी दी है, लेकिन घटना में जिला प्रशासन खुद एक पक्ष है। ऐसे में उससे न्यायिक जांच कराना संदेह के घेरे में रहेगी।

ऑनलाइन बैठक में प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र की महासचिव रजनी जोशी, इंकलाबी मजदूर केन्द्र के अध्यक्ष खीमानन्द, उपपा के अध्यक्ष पीसी तिवारी, प्रभात ध्यानी, भाकपा माले से कैलाश पांडे, क्रालोस के महासचिव भूपाल, किसान संघर्ष समिति से ललित उप्रेती, पछांस के महासचिव महेश, सुभाष शर्मा, रोहित, इस्लाम हुसैन आदि शामिल रहे।

ताज चौराहे पर राहगीरों से पूछताछ करते एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार

सफाई कर्मियों को सुरक्षा की चिंता

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बनभूलपुरा में सफाई व्यवस्था चौपट पड़ी है। क्षेत्र में अभी कर्फ्यू लगा हुआ है। एक सप्ताह से वहां सफाई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं। नगर निगम की बैठक में भी कर्मचारियों ने सुरक्षा दिए जाने की बात कही है। गुरुवार को एक बार फिर से बैठक होगी।

आठ फरवरी को बनभूलपुरा में अतिक्रमण ढहाए जाने की कार्रवाई के दौरान नगर निगम के कर्मचारियों पर जानलेवा हमले हुए। नगर निगम के करीब ढाई करोड़ के वाहन या तो फूंक दिए या नष्ट कर दिए गए। साथ ही नगर निगम के कर्मचारियों को चोटिल भी होना पड़ा। करीब 30 कर्मचारी चोटिल हुए। इसके बाद बनभूलपुरा में कर्फ्यू लगा दिया।

नगर निगम के सफाई कर्मचारी बनभूलपुरा में सफाई के लिए नहीं जा रहे हैं। कर्मचारियों में सुरक्षा का भय बना हुआ है। बुधवार को नगर निगम सभागार में वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल के साथ सफाई कर्मचारियों की बैठक हुई। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि बनभूलपुरा में हुई हिंसा के बाद वहां काम करने का माहौल नहीं है। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि वहां काम करने में उनकी जान को खतरा है।

कर्मचारियों के साथ फिर करेंगे बैठक

वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने कहा कि कर्मचारियों ने अपनी सुरक्षा चिंता से अवगत कराया है। हम चाहते हैं कि बनभूलपुरा में सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटे लेकिन हालात भी देखने हैं। एक बार फिर से सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक है।

बनभूलपुरा में जो कुछ हुआ, उसे देखने के बाद सफाई कर्मियों में सुरक्षा का भय है। हमने अपनी चिंताओं और समस्याओं से कर्मचारियों को अवगत करा दिया है। सफाई कर्मियों के भी परिवार हैं। - **सुनील चौधरी**, प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ

षड्यंत्र में सफेदपोश, जल्द होंगे गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे के षड्यंत्र में कुछ सफेदपोशों के नाम में सामने आए हैं और दो से तीन दिन के भीतर पुलिस इनकी गिरफ्तारी कर सकती है। फिलहाल पुलिस इनके खिलाफ मिले सुबूत को गहनता से परख रही है। जिन सफेदपोशों के नाम इस घटना से जुड़ रहे हैं, उनके फोन भी बंद हैं।

बता दें कि जिन लोगों को पुलिस ने मुकदमे में नामजद किया है, उनमें से अधिकांश या तो सक्रिय राजनीति में हैं या फिर उनकी अच्छी राजनीतिक पहुंच है। कुछ को तो पुलिस सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है और कुछ की तलाश में दबिशें जारी हैं।

इन सबके बीच अज्ञातों की शिनाख्त के लिए भी धर-पकड़ तेजी से जारी है। पुलिस को जांच में अभी तक जो सुबूत मिले हैं, उसमें कुछ बड़े नेता भी हैं। हालांकि पुलिस ने अभी तक नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन पता लगा है कि शुक्रवार तक पुलिस इनकी गिरफ्तारी कर सकती है। माना यह भी जा रहा है कि इनकी गिरफ्तारी से राजनीतिक गलियारे में बड़ी हलचल मचने वाली है।

सख्ती

- पुलिस की जांच में शहर के बड़े सफेदपोशों के नाम आए सामने
- शुक्रवार से पहले पुलिस कर सकती है कुछ लोगों की गिरफ्तारी

मुकदमा वापस लेने से मिली राहत

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : दस साल पहले चर्चित रोहित कांड में पुलिस द्वारा बनाए गए सभी आरोपियों को शासन ने बड़ी राहत देते हुए उन पर चल रहे मुकदमे वापस ले लिए हैं।

बता दें कि नवम्बर 2014 में लखनपुर स्थित पानी की टंकी पर कुछ छात्र नेता आत्मदाह की धमकी देते हुए चढ़े थे। इसमें छात्र नेता रोहित पांडे बुरी तरह झुलस गया था। बाद में दिल्ली में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने इस मामले में बीस लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। उस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और हरीश रावत मुख्यमंत्री थे।

रोहित की मौत के बाद रामनगर में जनाक्रोश भी फैल गया था। कोर्ट ट्रायल के दौरान दो आंदोलनकारियो की मौत हो गई। यह मुकदमा संजय नेगी,आशा बिष्ट अन्य बनाम सरकार था। आरोपियों के अधिवक्ता दीपक जोशी ने बताया कि मामला सिविल जज जूनियर डिविजन कुलदीप नारायण की अदालत में चल रहा था। दीपक जोशी ने बताया कि मुकदमे में ट्रायल के दौरान ही दो लोग कपिल जोशी और चंचल जोशी की मौत हो गयी थी।

चार नवम्बर 2014 को तत्कालीन एसएसआई मोहन चंद्र पांडे ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा कायम किया था।

अधिवक्ता जोशी ने बताया कि अब प्रदेश सरकार ने जनहित में इस मुकदमे को वापस लिए जाने के लिए न्यायालय में आवेदन किया था। सिविल जज जू. डि. कुलदीप नारायण ने सरकार के आवेदन को स्वीकार कर लिया है।

छात्रा से किया दुष्कर्म, मिली 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शादी और दो बच्चों का बाप होने की बात छिपा कर दुष्कर्मी ने नाबालिग छात्रा को प्यार के जाल में फंसाया और सालों तक दुष्कर्म करता रहा। खुलासा हुआ तो पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया और अब अदालत ने दुष्कर्मी को 20 साल की सजा 41 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। होमगार्ड में तैनात दुष्कर्मी की मां अदालत ने बरी कर दिया है।

पीड़िता की ओर से मामले की पैरवी कर रहे एडीजीसी फौजदारी नवीनचंद्र जोशी ने बताया, 2015 में पीड़िता 11वीं की छात्रा थी। वर्ष 2015 में स्कूल के वार्षिकोत्सव में पीड़िता अपने दोस्त के जरिये गुलजारपुर बंकी कालाढूंगी निवासी अरुण गड़िया से मिली। वह शादीशुदा और दो बच्चों का पिता था, लेकिन यह बात उसने पीड़िता से छिपाई और प्यार में फंसा लिया। उसे फोन गिफ्ट किया और एक दिन कार से उसके स्कूल पहुंच गया। वह उसे मुखानी ले गया जहां से उसके साथ दुष्कर्म किया।

वर्ष 2016 में उसे नैनीताल ले गया और कोल्डड्रिंक में शराब पिलाकर दुष्कर्म किया और शादी का झांसा देता रहा।

इस रात लड़की देर से घर पहुंची तो घरवालों ने फटकार लगा दी। तड़के सुबह उसने अरुण से बात की और अरुण उसे लेकर फरार हो गया। मुखानी थाने में शिकायत हुई तो वह लड़की को सुपुर्द कर गया। परिजनों ने लड़की को पहले उत्तर प्रदेश में अपने एक रिश्तेदार और फिर नाना-नानी के घर भेजा, लेकिन अरुण ने पीछा नहीं छोड़ा।

वह दोनों जगह से उसे ले आया और पुलिस के दखल पर फिर सुपुर्द कर दिया। इसके बाद वह उसे फिर अपने घर ले गया। पीड़िता कालाढूंगी पहुंची तो पता लगा कि वहां उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं। करीब एक साल वो यहां कैद में रही, फिर किसी पड़ोसी से संपर्क कर वंदे मातरम ग्रुप तक पहुंची। वर्ष 2021 में ग्रुप ने उसका रेस्क्यू किया और थाने पहुंचा। जिसके बाद गणेश व उसकी होमगार्ड में तैनात मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ।

अधिवक्ता नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि मामले में 8 गवाह पेश किए गए। जिसके आधार पर दुष्कर्मी को 20 साल की सजा और 41 हजार जुर्माने की सजा सुनाई गई। जबकि मामले में दुष्कर्मी की मां को बरी कर दिया गया है। दुष्कर्मी वर्ष 2021 से ही जेल में बंद है और एकाध बार पैरोल पर बाहर आया है।

फैसला

- होमगार्ड में तैनात दुष्कर्मी की मां को कोर्ट ने किया बरी
- शादी की बात छिपाकर नाबालिग से करता रहा दुष्कर्म

एक नजर

फुटबॉल खिलाड़ी भीम दद्दा के निधन पर शोक

हल्द्वानी : हल्द्वानी स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने काठगोदाम निवासी फुटबॉल खिलाड़ी भीम सिंह चौहान के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन वर्मा कहा कि स्व. भीम दद्दा वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ रहे। उन्होंने हर खेल को प्रोत्साहित करने के लिए काम किया। वर्तमान में हल्द्वानी स्टेडियम की जगह जो पहले सरकारी बाग कहलाता था वहां पर उन्होंने फुटबॉल प्रतियोगिता और कुश्ती के दंगल कराए था। शोक प्रकट करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष मोहन सिंह बोरा, महासचिव गोपाल बेलवाल, उपाध्यक्ष ख्याली राम पांडे, हीरा बल्लभ बेलवाल, गुरमीत सिंह, संदीप गुप्ता, वरुण बेलवाल, त्रिलोक सिंह जीना, श्याम भट्ट, उमेश पांडे, मनोज जोशी शामिल रहे।

ट्रेन की चपेट में आया मजदूर, मौत

हल्द्वानी : बिहार के मजदूर की ट्रेन की चपेट में आने स मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। विसनपुरा सिवान बिहार निवासी अजीत कुमार यादव (28 वर्ष) सुभाषनगर में भाई के साथ रहता था और सेंचुरी पेपर मिल में मजदूरी करता था। मंगलवार को मजदूरी करने नहीं गया। शाम को सूचना मिली कि एक युवक सुभाषनगर पुलिस चौकी लालकुआं के पास ट्रेन से कट गया है। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सुशीला तिवारी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जहर खाने से युवती की मौत

हल्द्वानी : जहर खाने से एक युवती की मौत हो गई। घटना किन परिस्थितियों में हुई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। मेडिकल चौकी इंचार्ज प्रवीन तवेतिया ने बताया कि कुवंरपुर सितारगंज निवासी चंचल (16 वर्ष) ने मंगलवार देर शाम कोई पदार्थ निगल लिया। इससे उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे पहले सितारगंज के अस्पताल ले जाया गया। यहां से उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्दकरदिया।

महाविद्यालय हल्दूचौड़ में आज कार्यशाला

लालकुआं : लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय हल्दूचौड़ गुरुवार दोपहर साढ़े 12 बजे से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें रोजगार से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। महाविद्यालय रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं कार्यशाला में पहुंचकर इसका लाभ ले सकते हैं।

रंगीली बिंदी घाघर काई, धोती लाल किनर वाई, हाय हाय रे...

लोक नृत्य प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने मचाई धूम, प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के रंगमंच पर पहले दिन कुमाउनी, गढ़वाली लोक नृत्य हुए

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के रंगमंच पर प्रतियोगिता के पहले दिन स्कूली बच्चों ने कुमाऊनी, गढ़वाली लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों ने जहां रंगीली बिंदी घाघर काई, धोती लाल किनर वाई, वै सुनार वै बनूला द्वरहटा, बेडु पाको बारामासा के अलावा अन्य कुमाउनी, गढ़वाली लोक नृत्यों की प्रस्तुति रखी।

वहीं राजस्थानी लोक नृत्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कृष्ण सुदामा, नंदा राजजात यात्रा नृत्य नाटिका के जरिए अपने अंदर छिपी अभिनय की क्षमता को भी उजागर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रतियोगिता में जय मोहन कॉलेज, जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल, राइंका ढिकुली, साइनिंग स्टार, पोम्पिंग रोपर्स, स्टेपिंग स्टोन एकेडमी, महेश पब्लिक स्कूल, केएन हुंडिवाल, सरस्वती विद्या मंदिर छोई, बीडीजेएम पब्लिक स्कूल, उत्तराखंड देव भूमि बग्वाल कला केंद्र, सेंट जोन पब्लिक स्कूल, ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर हनुमान गढ़ी व ग्रीन फील्ड एकेडमी के बच्चों ने लोक नृत्यों के माध्यम से सबका दिल जीता।

इससे पूर्व विधायक दीवान सिंह बिष्ट व भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष गिरीश मठपाल, प्रबन्धक भूपेंद्र खाती, कमल बेलवाल, गणेश पंत, मनोज पपनै, विनीत रिखाड़ी, नवीन करगेती, मोहन बिष्ट, गोपाल दत्त रिखाड़ी, मानवेन्द्र कालाकोटी, चन्दन नेगी, दीप जोशी, भावना भट्ट, माया रावत, आशा बिष्ट, निकिता भट्ट, नीमा मठपाल आदि मौजूद रहे।

रामनगर में प्रतियोगिता का शुभारंभ करते विधायक दीवान बिष्ट। ● अमृत विचार

रामनगर में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में लोक नृत्य प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

महिलाओं ने पेश की ऐपण कला की शानदार बानगी

रामनगर, अमृत विचार : प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति में बुधवार से शुरू हुई राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आगाज महिलाओं की ऐपण प्रतियोगिता के साथ हुआ। प्रतियोगिता में शामिल महिलाओं ने विस्वार, गेरू और लाल मिट्टी के माध्यम से विभिन्न शुभ अवसरों पर बनाई जाने वाली ऐपण कला की शानदार बानगी रखी। महिलाओं ने लक्ष्मी पीठ, चिड़िया चौकी, नव दुर्गा चौकी, जनेऊ चौकी, विवाह चौकी, धूली अर्घ्य चौकी, आचार्य चौकी व लक्ष्मी पूजा चौकी बनाकर दर्शकों को अपनी हस्तकला से अवगत कराया। ऐपण प्रतियोगिता में कुल 28 महिलाओं ने भागीदारी की। निर्णायक की भूमिका निभा रही अलका खाती ने बताया कि ऐपण प्रतियोगिता का मकसद अपनी इस धरोहर से नई पीढ़ी को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि ऐपण कला का इतिहास अनन्त है। ऐसा माना जाता है कि कुमाऊं की प्रसिद्ध लोककला ऐपण, पौराणिक काल से अनंत रूप में चली आ रही है। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में शुभवसरों पर तथा त्योहारों व संस्कारो पर अपने घरों के मुख्य द्वार, और मंदिर को सजाने की परंपरा पौराणिक रही है। इन जगहों को सजाने के लिए, भीगे चावल पीस कर, जिन्हें विस्वार कहते हैं, और गेरू, लाल मिट्टी का प्रयोग किया जाता रहा है। लेकिन अब गेरू और विस्वार कि जगह, लाल और सफेद आयल पेंट ने ले ली है और स्टीकर ने ले ली है। मगर ऐपण कला वही है, और इसका महत्व कभी कम नही हुआ है। उत्तराखंड की अमूल्य लोक कला ऐपण को, घर के मुख्यद्वार, देहली और मंदिर को सजाने में किया जाता है। इसके अलावा पूजा विधि के अनुसार, देवी देवताओं के आसन, पीठ आदि अंकित किए जाते हैं। ऐपण कला पारंपरिक कला है। इसे सीखने के लिए किसी स्कूल या संस्थान में जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ऐपण बनातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

बाइक को टक्कर मार कार चालक फरार

नैनीताल: कालाढूंगी मार्ग पर नैनीताल की ओर आ रहे बाजपुर निवासी पर्यटकों की बाइक को दिल्ली नंबर की कार ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक व महिला छटक का दूर जा गिरे और चोटिल हो गए। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने चोटिल महिला को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलवाया।

जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह बाजपुर निवासी विक्रम अपनी मां बीनू देवी के साथ दर्शन के लिए कैंची धाम जा रहा था। वह कालाढूंगी रोड पर नारायण नगर के समीप पहुंचा ही था कि सामने से अनियंत्रित गति से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे में बीनू देवी गंभीर रुप से चोटिल हो गई।

हादसा होता देख राहगीर महिला को वाहन से बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां महिला को उपचार दिया गया।

माल रोड के सौंदर्यीकरण में आड़े आ रही दुकानें टूटेंगी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: माल रोड पर अवैध रूप से संचालित हो रही दुकानों पर जल्द ही गाज गिरने जा रही है। नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने मल्लीताल रिक्शा स्टैंड से लेकर तल्लीताल तक दुकान और उनके आगे हुए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए ऐसे 40 से अधिक लोगों की सूची तैयार की है।

उन्होंने माल रोड पर अवैध रूप से दुकानें बनाई है या दुकानों का विस्तार सड़क तक कर दिया है। उन पर अब कार्रवाई होने जा रही है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि अपर मॉल रोड पर पर्यटकों और स्थानीय लोगों के चलने के लिए फुटपाथ का निर्माण किया जाना है। पिछले वर्ष हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने सफाई अभियान के दौरान पैदल चलने वाले लोगों के लिए फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद संयुक्त टीम ने माल रोड का सर्वे किया।

इस दौरान टीम को मॉल रोड में 40 से अधिक ऐसी दुकानदार मिले जिन लोगों ने या तो अवैध दुकानें बनाई है या दुकान का साइज बढ़ा दिया है।

सख्ती

- लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध दुकानें कीं चिन्हित

24 को हरिद्वार में होगी व्यापारियों की बैठक

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि प्रदेश के सभी प्रांतीय पदाधिकारियों की पहली महत्वपूर्ण बैठक 24 फरवरी को हरिद्वार में आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रांतीय पदाधिकारियों की कार्यप्रणाली व अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही जिला प्रभारी को उचित निर्देश दिए जाएंगे। इस संदर्भ में प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा की ओर से प्रांतीय पदाधिकारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं। संगठन को प्रत्येक जिले में और अधिक प्रभावी रूप से बनाए जाने के लिए सभी प्रांतीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने कहा कि संगठन को प्रत्येक जिले में मजबूत स्तंभ के रूप में खड़ा करना होगा, ताकि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने सुरक्षा कर्मी के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: बीडी पांडे नर्सिंग स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्कूल में तैनात महिला गार्ड से तंग आकर बीते तीन दिनों से कक्षाओं का बहिष्कार किया है। बुधवार को शिकायत के बाद पहुंची पुलिस ने छात्राओं की काउंसलिंग की तो बच्चों ने गार्ड पर दुर्व्यवहार और जबरन अपने निजी कार्य कराने के आरोप लगाए। कुछ छात्राएं तो काउंसलिंग के दौरान रो भी पड़ीं। फिलहाल पुलिस ने बच्चों को समझाकर मामला शांत करवा दिया है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से महिला गार्ड के स्थान पर दूसरा कर्मचारी भेजने के लिए आउटसोर्स कंपनी से वार्ता की है।

तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने स्कूल में ही आउटसोर्स से तैनात महिला गार्ड पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। छात्रों का आरोप है कि बीते दस फरवरी को गार्ड ने एक छात्र को रास्ते में रोक अभद्रता की। जब उसके बचाव के वहां दूसरा छात्र पहुंचा तो गार्ड उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी। छात्रों ने यह बात प्रधानाचार्य को लिखित प्रार्थनापत्र के साथ देते हुए गार्ड पर कार्रवाई की मांग की। मगर प्रधानाचार्य ने उनकी मांग को टाल दिया। इससे रोष में आए तृतीय वर्ष के 30 छात्र-छात्राओं ने स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। छात्रों ने कक्षा का बहिष्कार शुरू कर दिया। तल्लीताल एसओ रमेश सिंह बोहरा, एसआई अंजुला जॉन ने सभी छात्र-छात्राओं के साथ बैठक कर उनकी काउंसलिंग की। प्रधानाचार्य सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि महिला गार्ड को आउटसोर्स कंपनी टीडीएस के जरिए तैनात किया गया है। जिसे हटवाकर दूसरे कर्मचारी को नियुक्त करने को लेकर कंपनी से पत्राचार किया गया है।

पुलिस को आपबीती सुनाती छात्राएं। ● अमृत विचार

संगीत संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

संगीत संध्या में बाल कलाकारों ने मोहा मन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : स्वर संगम संगीत संस्थान में मंगलवार को सरस्वती पूजा संगीत संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें संस्थान के बाल कलाकारों व युवा कलाकारों ने शास्त्रीय गायन, भजन, वायलिन वादन व तबला वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी।

पांच वर्षीय बालिका यशस्वी ने देवी महात्म्य की देवी स्तुति अयि गिरि नन्दिनि नन्दित मेदिनी से कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। बाल कलाकार अयांश, नमन, हिमांक, रक्षिता व जीविका ने द्रुत एकताल में राग यमन की प्रस्तुति दी। स्वस्तिका जोशी ने वायलिन वादन में द्रुत व अतिद्रुत रचनाऐं प्रस्तुत की।

आहना ने राग भूपाली, देवयानी व श्रेया ने राग बागेश्वरी व प्रभुनारायण ने भीमपलासी की अवतारणा की। हिमानी, कशिश व उमा जायसवाल ने कर्णप्रिय भजन की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। उदीयमान गायक तनिष्क भट्ट ने सांझ भयी उदित भये व युवा गायक जयंत मेलकानी ने राग मियां मल्हार में दो राग रचनायें प्रस्तुत की।

दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन का समापन लखनऊ तबला घराने के कलाकार लोकेश जोशी, रणविजय सिंह व युग जोशी ने तीनताल में प्रस्तुत तबला-ट्रायो से किया। डॉ. मुकेश चन्द्र पंत ने हारमोनियम में संगति प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन आचार्य हरीश चन्द्र पंत ने किया। इसके साथ ही संस्थान के 41वें नवीन सत्र का शुभारंभ भी हो गया। इस अवसर पर पं. चन्द्र शेखर तिवारी, लोक कला मर्मज्ञ हेमन्त जोशी, आचार्य विनीता पांडे, मीरा पंत, प्रसिद्ध सरोद वादक स्मित तिवारी व संगीत प्रेमी मौजूद रहे। आज बुधवार को पूजा हवन से सरस्वती पूजा सम्पन्न होगी।

37 परीक्षा केंद्रों में होगी सीबीएसई की परीक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आज से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू हो जाएंगी। परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 144 लगाई गई है।

गुरुवार से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू हो रहीं हैं। सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा चलेगी। नैनीताल जिले में 8186 बच्चे हाईस्कूल और 7508 बच्चे इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे। नैनीताल जिले में 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हल्द्वानी में सबसे ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें सेंट थरेसा, इंस्पिरेशन, सेंट पॉल, निर्मला कॉन्वेंट, नैनी वैली, सिंथिया, केवीएम, महर्षि विद्या मंदिर, बिड़ला स्कूल, बीयरशिवा, डॉन बास्को, एवरग्रीन, बीएलएम, डीएवी, यूनिवर्सल, निमोनिक कॉन्वेंट, गुरुकल इंटरनेशनल, एबीएम स्कूल शामिल हैं। सीबीएसई की हल्द्वानी सिटी कोर्डिनेटर मंजू जोशी ने बताया कि सभी परीक्षार्थी सुबह 10 बजे से पहले परीक्षा केंद्र में पहुंच जाएं। अपने साथ प्रवेश पत्र, पानी की पारदर्शी बोतल लेकर जाएं।

बनभूलपुरा के बच्चे भी शामिल होंगे परीक्षा में

हल्द्वानी : कर्फ्यूग्रस्त बनभूलपुरा के बच्चे भी सीबीएसई की परीक्षा में शामिल होंगे। प्रशासन से जानकारी मिली कि जांच होने परीक्षा प्रवेश पत्र दिखाना होगा। उल्लेखनीय है कि बनभूलपुरा में कर्फ्यू लगने की वजह से वहां बच्चों की पढ़ाई काफी प्रभावित हुई है। आठ फरवरी को हुए बवाल के बाद क्षेत्र में असजहता की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में बच्चे अपनी परीक्षा देंगे।

तैयारी

- हल्द्वानी में सबसे ज्यादा केंद्र बनाए गए

बोले अधिकारी

परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की भीतर परीक्षा की अवधि में समूह को एकत्रित होने की अनुमति नहीं है। साथ ही फोटो स्टेट और फैक्स मशीन भी इस दायरे में बंद रहेंगी।
-पारितोष वर्मा, एसडीएम, हल्द्वानी

नैनीताल जिले में 37 परीक्षा केंद्र हैं। बच्चे परीक्षा शुरू होने से पहले ही परीक्षा केंद्र में पहुंचे।
-मंजू जोशी, सिटी कोर्डिनेटर, सीबीएसई

परिवहन विभाग के स्वास्थ्य शिविर में उमड़े वाहन चालक

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत परिवहन विभाग ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

इसमें 100 से अधिक वाहन चालकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। डिग्री कॉलेज के बाहर लगे शिविर में वाहन चालकों की आंखों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, एक्स-रे किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने किया। शिविर में उपजिलाधिकारी रामनगर राहुल शाह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर भूपेंद्र भंडारी मौजूद रहे।

बगैर सीमांकन के टेंडर पर उठाए सवाल

गरमपानी : सरस्वती शिशु मंदिर खैरना के समीप क्षतिग्रस्त सड़क निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पर ग्राम प्रधान छड़ा खैरना ने सवाल खड़े कर दिए है। आरोप लगाया है की बगैर सीमांकन के कार्य की निविदा प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। जो सरासर गलत है। ग्राम प्रधान ने पहले सीमांकन करने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरु करवाए जाने की मांग उठाई है।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कार्यालय से जारी क्षतिग्रस्त सड़क निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पर ग्राम प्रधान छड़ा खैरना प्रेम नाथ गोस्वामी ने नाराजगी जताई है। ग्राम पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंप बताया की बगैर सीमांकन के टेंडर प्रक्रिया शुरु करना एकदम ग़लत है।

हालात कभी इस काम से 250-300 लोग जुड़े थे लेकिन अब 10-12 लोग ही बचे हैं

जूट बारदाना सिलने वालों के रोजगार पर छाया संकट

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर की नवीन मंडी में कटे-फटे जूट बारदाना सिलने वालों की संख्या कभी सैकड़ों थी लेकिन प्लास्टिक बारदाना की मांग बढ़ने से इनकी संख्या कम होती गई व अब गिने-चुने लोग ही इस रोजगार में बचे हुए हैं।

नवीन मंडी में पिछले 35 साल से कटे-फटे जूट के बारदाना सिलने वाले बिहार निवासी हरी कृष्णा बड़े गर्व के साथ बताते हैं कि उन्होंने कोलकाता में काम सीखा था व वहां काम सीखने वाला कहीं मात नहीं खाता। जिस बोरे को वह सिल रहे थे, उसे दिखाते हुए कहते हैं कि काम में बड़ी सफाई चाहिए, सिलाई बिल्कुल सिकुड़नी नहीं चाहिए।

फिर कुछ देर सोचने के बाद वह कहते हैं कि अब काम बहुत कम हो गया है। वह बताते हैं कि कभी हल्द्वानी मंडी में कटे-फटे जूट के बारदाना सिलने वाले 250-300 लोग थे। वर्ष 2000 तक उनकी यूनियन भी हुआ करती थी लेकिन प्लास्टिक बारदाने के बढ़ते चलन से इस धंधे में अब केवल 10-12 लोग ही रह गए हैं।

वारदाना सिलते कारीगर। ● अमृत विचार

मालिक भी अपने बच्चों को इस धंधे में नहीं लाए

कभी मंडी में जूट बारदाना का धंधा करने वाले लोगों की संख्या सौ से ज्यादा थी लेकिन अब इनकी संख्या भी घटकर दो-तीन रह गई। हरी कृष्णा बताते हैं कि कामधंधे पर असर पड़ने पर मालिकों ने भी अपने बच्चों को इसकी बजाए दूसरा काम करने की नसीहत दी।

वह बताते हैं कि पहले आटा, चावल, दाल, गेंहू आदि सामान ले जाने के लिए जूट की बोरियों का इस्तेमाल होता था लेकिन धीरे-धीरे इसकी जगह प्लास्टिक की बोरियों ने ले ली, जिसका सीधा असर उनके रोजगार पर पड़ा। उन्होंने कहा कि जूट के मुकाबले प्लास्टिक की बोरियां सस्ती होने से लोग इसे प्राथमिकता देने लगे। उनके साथ काम कर रहे संजय कहते हैं कि जूट की बोरियों का इस्तेमाल अब किसान आदि करते हैं।

वह बताते हैं कि प्लास्टिक की बोरियां एक ही बार, जबकि जूट की बोरी पांच-छह बार प्रयोग में लाई जा सकती है व मरम्मत करके इसका फिर उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वह ध्याड़ी के हिसाब से काम करते हैं व सुबह 8 से शाम 7 बजे तक 100-125 बारदाना सिलते हैं।

सार संक्षेप

3 करोड़ से संवेरगी घोड़ाखाल-श्यामखेत रोड

लोनिवि सचिव को ज्ञापन देते विधायक कैड़ा।

भीमताल : शासन ने घोड़ाखाल से श्यामखेत से शिव मंदिर रामगढ़ मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए 3 करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से गोल्ज्यू मंदिर घोड़ाखाल-चाय बगान श्यामखेत होते हुए शिव मंदिर रामगढ़ तक मार्ग वर्षों से बदहाल था। डामरीकरण नहीं होने से स्थानीय लोगों व पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश में मार्ग पर कीचड़ होने से यातायात पर असर के साथ ही दुर्घटना का भी खतरा बना रहता था। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए लोनिवि को डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए थे। विधायक ने शासन में प्रस्ताव की पैरवी की। इसके बाद शासन ने उक्त मार्ग के डामरीकरण व टाइल्स बिछाने की 3 करोड़ की डीपीआर को मंजूरी दी। इसकी निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। इधर, बुधवार को विधायक कैड़ा ने देहरादून में लोनिवि सचिव पंकज पांडेय से मुलाकात कर भीमताल विस सीट के अंतर्गत अन्य लंबित मार्गों के निर्माण के लिए धन आवंटित करने की मांग की है।

सुर वंदिता भजन प्रतियोगिता का आयोजन

हल्द्वानी : बसंत पंचमी के अवसर पर मां पूर्णागिरि मंदिर प्रांगण श्यामविहार में शेरदा अनपढ़ कला एवं साहित्य समिति की ओर से सुर वन्दिता भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडी बोर्ड अध्यक्ष डॉ. अनिल डब्बू, विशिष्ट अतिथि साकेत अग्रवाल, हरीश पांडे, आनन्द सिंह बिष्ट, हरखेला मेडम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर वर्ग के बीच हुई, जिसमें 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग में दिव्यांशी गोसाई, दक्ष कार्की, आयुष्मान चौबे व सीनियर वर्ग में आयुष तिवारी, पूजा पंत, इशिता जोशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। श्याम विहार की रहने वाली उत्तराखंड की प्रमुख स्केटर निहारिका चौधरी को भी समिति ने पुरस्कृत किया। संचालन शर्मिष्ठा बिष्ट ने किया। निर्णायक मंडल में हेमचन्द्र पंत, अलंकार महतोलिया रहे। कार्यक्रम का समापन निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र सिंह रौतेला ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया। कार्यक्रम में साहित्यकार जुगल किशोर पेट साली, लता कुंजवाल, डिंपल जोशी, लता जोशी, भगवती बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

सरकारी विभाग परिसंपत्तियों की बाउंड्री सृजन करें

हल्द्वानी : विभिन्न सरकारी विभागों को परिसंपत्तियों की बाउंड्री सृजन करते के लिए विकसित नवीनतम कस्टमाइज मोबाइल एप्लीकेशन ट्रेनिंग और पीएएम पोर्टल में डाटा फीडिंग के लिए 1-2 फरवरी को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विकास भवन भीमताल में लगाया गया था। इस प्रशिक्षण शिविर में कई विभागों के खंडों ने हिस्सा नहीं लिया। सीडीओ अशोक पांडेय ने सभी संबंधित विभाग जिन्होंने अभी तक प्रशिक्षण नहीं किया है, वे एक सप्ताह के भीतर प्रशिक्षण प्राप्त करते इसका निष्पादन करें। किसी प्रकार की परेशानी- समाधान या प्रशिक्षण के लिए जीआईएस तकनीशियन बसंत चंद 8475818863 से संपर्क कर सकते हैं। जिन विभागों की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है, उक्त विभाग पीएएम पोर्टल पर एक सप्ताह के भीतर फीडिंग करते हुए विभागीय परिसंपत्तियों की बाउंड्री सृजन करें। सभी विभाग कार्य को प्राथमिकता के साथ निष्पादन करते हुए प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

एथेनॉल प्लांट के विरोध में तहसील में धरना शुरू

चकलुवा में एथेनॉल प्लांट के निर्माण के विरोध में तहसील में धरना देते ग्रामीण।

कालाढूंगी : चकलुवा क्षेत्र में निमार्णाधीन एथेनॉल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों ने एसडीएम को पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर कार्रवाई न करने व मानकों की जांच न करने को लेकर गांव बचाओ, संघर्ष समिति बैनर के तले तहसील में बुधवार को टेंट लगाकर धरना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि आज तक कई बार प्रशासन व शासन को अवगत कराने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। मजबूरन ग्रामीणों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकाल तक धरना देने को लामबंद है। चकलुवा सूरपुर गांव में एथेनॉल प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है। इसका विरोध ग्रामीण विगत दो वर्षों से करते आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि दो दर्जन गांव के बीचों बीच एथेनॉल प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि एथेनॉल प्लांट का निर्माण मानकों के विरुद्ध किया जा रहा है। इस दौरान त्रिभुवन कन्याल, जगतार सिंह, जनार्दन जोशी, गुड्डू चौहान, कुंदन बसेड़ा, महेश बिष्ट, तारा जलाल, कुबेर जलाल, राजू जंतवाल आदि मौजूद रहे।

बेस में फटे गद्दे और टूटे बेड पर हो रही डायलिसिस

मरीजों में रोष, प्रभारी पीएमएस को सौंपा ज्ञापन, व्यवस्था सुधारने की मांग, 60 से 65 लोग रोजाना पहुंचते हैं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेस अस्पताल में संचालित डायलिसिस केयर सेंटर की हालत खराब है। यहां आने वाले मरीजों को डायलिसिस के लिए फटे गद्दे और टूटे बेड पर लिटाया जा रहा है। इससे मरीजों में भारी रोष है। उन्होंने प्रभारी पीएमएस को ज्ञापन देकर व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर डालयिसिस केयर सेंटर का संचालन होता है। यह सेंटर गरीब मरीजों का बड़ा सहारा है। प्रतिदिन 60 से 65 मरीज आयुष्मान कार्ड धारक डायलिसिस कराते हैं। ये मरीज हल्द्वानी के अलावा आसपास क्षेत्रों से लेकर सितारगंज, किच्छा से भी पहुंचते हैं। लेकिन वर्तमान में सेंटर खस्ताहाल हो चुका है। इसको लेकर मरीजों ने रोष जताते हुए बुधवार को अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डॉ. केके पांडे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि मरीजों को चार घंटे डायलिसिस करानी पड़ती है। जिन बिस्तरों पर लिटाया जाता है वह बहुत ही जीर्ण हालत में हैं। गद्दे फटे हैं और बेड टूटे हैं। इससे उन्हें काफी तकलीफ होती है। उन्होंने प्रभारी पीएमएस से शीघ्र यूनिट का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राहुल पांडे, राजेंद्र प्रसाद, बसंत, टीका सिंह, पार्वती देवी, दर्शनी देवी, मिराज, शशिकांत साहू, आसिया, दीपा जोशी, मुकेश, आरिफ आदि शामिल रहे।

टूटे बेड पर डायलिसिस कराता मरीज। ● अमृत विचार

फटे हुए गद्दे। ● अमृत विचार

> मामले की जांच की जा रही है। डायलिसिस केयर सेंटर के साथ हुए अनुबंध की शर्तों को देखा जा रहा है। शर्तों के अधीन व्यवस्था दुरूस्त करने का प्रयास किया जाएगा।
> – डॉ. केके पांडे, प्रभारी पीएमएस बेस अस्पताल

चिकित्सालय में बढ़ेंगे 50 बेड

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : वीआईपी शहर समेत समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के रोगियों के बढ़ते दबाव के बावजूद बीडी पांडे अस्पताल में बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। अस्पताल प्रबंधन ने इसके विस्तारीकरण की योजना बनाई है। इसके लिए स्वास्थ्य निदेशक व पीएमएस आवास को ध्वस्त कर वहां 50 बेड की व्यवस्था की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने 14.39 करोड़ का प्रस्ताव स्वास्थ्य निदेशालय भेज दिया है।

अस्पताल के पुराने प्रशासनिक भवन को तोड़ हाईटेक कार्डियक यूनिट बनाने की भी योजना है। अस्पताल में कार्डियक यूनिट सहित तमाम सुविधाओं की लगातार मांग उठ रही है। कई बार सभी बेड फुल हो जाने से रोगियों को रेफर करने तक की नौबत आ जाती है। सुविधाओं में कमी व अव्यवस्थाओं का मामला हाई कोर्ट पहुंचा तो अस्पताल प्रबंधन भी हरकत में आ गया है। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि अस्पताल के पीछे स्थित निदेशक व पीएमएस आवासों को ध्वस्त कर वहां 50 बेड का अस्पताल बनाने का प्रोजेक्ट तैयार किया है। 14.39 करोड़ के प्रोजेक्ट को स्वास्थ्य निदेशालय भेजा गया है।

अस्पताल में भी होगा सुविधाओं का विस्तार

अस्पताल का वर्तमान भवन ब्रिटिशकालीन है। सीमित भूक्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां संसाधन जोड़ने में परेशानी होती है। अब हृदय रोगियों को अस्पताल में बेहतर उपचार मिल पाएगा। डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि अस्पताल के पुराने प्रशासनिक भवन को ध्वस्त कर वहां कार्डियक यूनिट बनाया जाएगा। नया भवन निर्मित कर ईको व टीएमटी मशीन स्थापित की जाएगी। साथ ही हृदय रोगियों को भर्ती करने के लिए कार्डियक यूनिट में ही अलग से बेड भी स्थापित किए जाएंगे।

एएनएम सेंटर को दिया जाए स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे रातीघाट क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है। ग्राम प्रधान चौरसा सविता बिष्ट ने रातीघाट स्थित एएनएम सेंटर को उच्चीकृत कर स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई है। ग्राम प्रधान के अनुसार ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती है। रातीघाट में सेवाएं उपलब्ध होने से तमाम लोगों को राहत मिल सकेंगी।

गांवो के बाशिंदों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर दराज रुख करना मजबूरी बन चुका है। प्राथमिक उपचार के लिए तक दस से पंद्रह किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। लंबी दूरी तय करने में समय के साथ साथ पैसे भी खर्च होते है। बेतालघाट ब्लाक के बुधलाकोट, जाख, चौरसा, कफूल्टा , रातीघाट आदि क्षेत्रों के लोग टैक्सी वाहन बुक कर मरीज को सीएचसी गरमपानी पहुंचाते हैं। फिर वापस वाहन बुक कर घर पहुंचना पड़ता है। ऐसे में गरीब परिवारों पर अतिरिक्त भार पड़ता है।

25 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार

बसंत पंचमी पर जिले भर में हुए धार्मिक कार्यक्रम, पीले वस्त्र धारण कर पूजा अर्चना की

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिले में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। लोग पीले वस्त्र धारण कर बसंती रंग में रंगे नजर आए। घरों, मंदिरों और शिक्षण संस्थानों में विद्या की देवी सरस्वती का पूजन हुआ। शहर और आसपास के तमाम मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा।

बुधवार को हीरानगर स्थित गोल्ज्यू मंदिर में बसंत पंचमी पर यज्ञोपवीत संस्कार किए गए। सुबह 9 बजे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर के पुजारी कैलाश चंद्र भट्ट ने बताया कि मंदिर में करीब 25 बटुकों के यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। साथ ही 2-3 छोटे बच्चों के बाल भी उतारे गए। बताया कि कार्यक्रम दोपहर ढ़ाई बजे तक चलता रहा। इसके बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती और वाघ देवी की उपासना की जाती है। यज्ञोपवीत संस्कार सबसे उत्तम माना जाता है। यज्ञोपवीत संस्कार 16 संस्कारों में सबसे श्रेष्ठ है। इसके चलते बच्चा यज्ञ और अनुष्ठान में बैठने का अधिकारी हो जाता है। इधर, बसंत पंचमी पर रानीबाग चित्रशिला घाट के अलावा अनेक मंदिरों में यज्ञोपवीत संस्कार हुए।

हीरानगर स्थित गोल्ज्यू देवता के मंदिर में बंसत पंचमी पर यज्ञोपवीत संस्कार के दौरान बटुक व परिजन।

आयो नवल बसंत सखी ऋतुराज कहावे...होली गायन-वादन में झूमे लोग

हल्द्वानी, अमृत विचार : बसंत पंचमी के अवसर पर प्रगति विहार डहरिया स्थित रागरस संगीत विद्यालय में बसंतोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठकी होली में देर सायं तक कलाकार वासंती रंग में डूबे रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आयो नवल वसंत सखी ऋतुराज कहावे...राग काफी की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद विभिन्न रागों में होली गायन-वादन हुआ। आयोजन में हल्द्वानी के अलावा बैरती, गैराड़, उलैनी व रामनगर से होली कलाकारों ने यहां पहुंचकर बसंतोत्सव एवं होली बैठक में भागीदारी की। प्रमुख कलाकार कैलाश त्रिपाठी, पंकज पांडेय, महेश उपाध्याय, डीएन जोशी, हेमंत त्रिवेदी, जीवन चंद्र जोशी, गीतिका पाठक, सुनीता उपाध्याय, तनुजा टटवाल, भूपाल राणा, सुरेश त्रिपाठी, उमेश त्रिपाठी, रणजीत सिंह राणा, राजेंद्र कोठारी कन्नुदा, जानकी पन्त, गिरिजा प्रसाद पंत एवं सचिन आदि कलाकारों ने संगत की। देर सायं तक कृष्णा टावर वासंती रंग से सराबोर रहा।

रागरस संगीत विद्यालय डहरिया में होली गायन करते लोग। ● अमृत विचार

रामनगर में शैक्षणिक सामग्री के साथ स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

स्कूली बच्चों को दी शैक्षणिक सामग्री

रामनगर, अमृत विचार : बसंत पंचमी पर ज्योतिबाफुले सायंकालीन स्कूल के बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस दौरान सायंकालीन स्कूल में बच्चों के लिए एक पुस्तकालय का भी उद्घाटन किया गया। बच्चों ने बसंत से संबंधित अनेक छोटी-छोटी कविताओं का वाचन किया। इस मौके पर नवेंदु मठपाल, नंदराम आर्य, सुभाष गोला, शबनम, सुजल, सुमित कुमार, अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर्व पर हवन करते अभिभावक।

सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी मनाई

कालाढूंगी, अमृत विचार: नगर में सरस्वती शिशु मन्दिर में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हवन व सुंदर कांड का पाठ किया गया। प्रधानाचार्य गणेश बिष्ट ने 25 बच्चों को अक्षराम्भ करवाया। पंडित जगदीश कांडपाल ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना, 7 दंपतियों (जजमानों) से हवन करवाया। इस दौरान कैलाश मिश्रा, अक्षत बिष्ट, नगर संघ चालक घनश्याम बोरा, राकेश भंडारी, किशन गोस्वामी, तारा पांडे, आन सिंह गैड़ा, कर्नल पृथ्वी राज सिंह बिष्ट, राम सिंह नेगी, दीप पंत, कविता वालिया, रेखा गुप्ता, सोबन बिष्ट मौजूद रहे।

आज से शुरू होगा नाट्य महोत्सव

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय(इंटरनेशनल थियेटर फेस्टिवल ऑफ इंडिया) के तत्वावधान में गुरुवार से पांच दिवसीय नाट्य महोत्सव होगा। इसमें देश के साथ ही विदेश के नाट्य विधाएं कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी।

बता दें कि गुरुवार से होने जा रहे भारत रंग महोत्सव की जानकारी पत्रकारों को देते हुए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के उपाध्यक्ष प्रोफेसर भरत गुप्त ने बताया कि गैस गोदाम रोड स्थित पंडित एनडी तिवारी ऑडिटोरियम हॉल में होने जा रहे संस्थान द्वारा देश के अलग-अलग 15 शहरों में आयोजित होगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड की संस्कृति को भी कलाकारों द्वारा रंगमंच पर प्रदर्शित किया जाएगा तो वही नाटक मंचनों के माध्यम से विदेशी नाटकों का मंचन भी रंग कर्मियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्मियों में होने वाली बच्चों की छुट्टियों में भी संस्थान द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर बच्चों को इससे जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा किया जाएगा। उनके साथ बॉलीवुड कलाकार संजय मिश्रा, पद्मश्री माधुरी बर्थवाल मौजूद रहेंगे। रामनगर में ये थिएटर फेस्टिवल राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय तथा शाइनिंग स्टार स्कूल के सहयोग द्वारा 15 फरवरी से हो प्रारंभ हो रहा है जो 20 फ़रवरी तक चलेगा। रामनगर में महोत्सव की शुरुआत 15 फरवरी को शाम 6:00 बजे 'तानी ला तान्यो' नाटक के साथ होगी। 16 फ़रवरी को 'कित्तनखोला', 17 फ़रवरी को 'जलियाँवाला बाग फाइल्स', 18 फ़रवरी रूसी नाटक 'कास्टिंग' को और 19 फ़रवरी को 'क्लेसह' का मंचन किया जाएगा। रामनगर थिएटर फेस्टिवल का समापन 'तीलू रौतेली' नाटक से होगा। पत्रकार वार्ता में प्रोफेसर भरत गुप्त, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय सोसाइटी, एनएसडी के सहायक रामजी बाली, साइनिंग स्टार स्कूल के प्रबंधक डीएस नेगी और एनएसडी के सदस्य मौजूद रहे।

वार्ता करते नाट्य विद्यालय के पदाधिकारी

नम हुई वीर नारी की आंखें, याद में रोपा पौधा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलवामा, जम्मू-कश्मीर हमले की 5वीं वर्षगांठ पर शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवानों को समूह केंद्र सीआरपीएफ काठगोदाम में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहीद सिपाही जीडी वीरेंद्र सिंह की धर्म पत्नी वीरनारी रेनू देवी व उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।

ग्रुप केंद्र के सहायक कमांडेंट संदीप कुमार बिष्ट ने शहीद सिपाही जीडी वीरेंद्र सिंह की धर्म पत्नी रेनू देवी व उनके परिजनों का स्वागत किया और पुलवामा आतंकी हमले हमले की पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डाला। जिसके बाद दो मिनट का मौन रख, इस हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि दी गई। समूह के उप महानिरीक्षक रवि गोपाल वर्मा ने वीरनारी रेनू देवी को स्मृति चिह्न व शॉल भेंट किया। कार्यक्रम के अंत में वीरनारी रेनू देवी ने पति शहीद वीरेंद्र सिंह की स्मृति में शहीद वाटिका में एक पौधा रोपा।

युवाओं ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि : कालाढूंगी। पुलवामा में शहीद हुए 40 जवानों को स्थानीय युवाओं व जनता ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार देर शाम को स्थानीय युवा व जनता ने शहीद उधम सिंह पार्क में एकत्रित होकर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी व उनके बलिदान को याद किया। इस दौरान मयंक गुप्ता, रितिक गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, धीरज नेगी, जीवन मंगोलिया, पूरन जोशी, मनोज अधिकारी, विक्की सिंह, वकील अहमद, संजील फारूकी, हेमंत सैनी, विवेक पाल मौजूद रहे।

शहीद वाटिका में पति की याद में पौधा रोपतीं वीरनारी रेनू देवी।

पुलवामा के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के सदस्य।

कालाढूंगी में पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देते स्थानीय युवा।

पुलवामा के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी, अमृत विचार : एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों को पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था अध्यक्ष योगेश साहू के नेतृत्व में सदस्यों ने नैनीताल रोड स्थित मेजर चंद्र शेखर मिश्रा पार्क में एकत्र होकर शहीदों को पुष्पांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीद जवानों के बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा। भारतीय सेना के जवान अपनी जान की परवाह किए बगैर देशवासियों को सुरक्षित रखते हैं। इसलिए हर भारतीय को सेना के त्याग, पराक्रम और बलिदान के प्रति सच्ची निष्ठा रखनी चाहिए। इस दौरान संरक्षक हरीश चंद्र पांडे, नंद किशोर आर्या, बलराम हलदार, हेमंत साहू, योगिता बनोला, पूजा लटवाल, रिंकी गुप्ता, पूनम गुप्ता, प्रीति आर्या, पूर्णिमा रजवार, अमित गोस्वामी, अशोक कुमार, रोहित भंडारी आदि मौजूद रहे।

10 उम्मीदवारों की वैध नामांकन पत्र सूची जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नैनीताल दुग्ध संघ चुनाव में प्रबंध कमेटी के 10 उम्मीदवारों की वैध नामांकन पत्र सूची प्रकाशित कर दी गई है, जिसे निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच के बाद जारी किया। आगामी 22 फरवरी को प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव होगा। इधर, विपक्षी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों को रद्द करने से उनके समर्थकों ने नाराजगी व्यक्त की।

दुग्ध संघ के प्रबंध कमेटी के चुनाव के लिए आपत्ति निस्तारण की अंतिम तिथि के बाद बुधवार को निर्वाचन अधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने 10 वैध नामांकन पत्रों की सूची नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित कर दी है। सभी 10 उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। निर्वाचन अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नैनीताल डीसी जोशी ने बताया कि नैनीताल दुग्ध संघ की 9 सदस्यी प्रबंध कमेटी के लिए कालाढूंगी सीट से किरण कुमटिया व दीपा देवी, लालकुआं से गोविंद सिंह मेहता व हल्द्वानी से दीपा देवी, रामनगर से कृष्ण कुमार, भीमताल से हेमा देवी, रामगढ़ से किशन सिंह, धारी से मुकेश बोरा व ओखलकांडा से पुष्पा देवी का नामांकन पत्र आपत्ति निस्तारण के आखिरी दिन कुल 10 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं, जिसके चलते अब एकमात्र कालाढूंगी सीट से 21 फरवरी को संचालक बोर्ड सदस्य का चुनाव करने के उपरांत 22 फरवरी को प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इधर, निर्वाचन अधिकारी के लालकुआं व हल्द्वानी सीट पर विपक्षी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों को अपूर्ण बताकर रद्द करने से उनके समर्थकों में रोष है। लालकुआं सीट से पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल के पुत्र हेमवती नंदन दुर्गापाल व हल्द्वानी सीट से जीवन सिंह बिष्ट, आनंद शर्मा व आनंद राणा का नामांकन पत्र अपूर्ण बताकर निरस्त कर देने से दुग्ध उत्पादकों में खासा आक्रोश है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को दोषपूर्ण बताते हुए कहा कि चुनाव अधिकारी ने सत्ता के दबाव में एकतरफा निर्णय लिया है, जो लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं।

दुग्ध संघ चुनाव

▸▸ आगामी 22 फरवरी को प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष का होगा चुनाव

एक नजर

आशीष जोशी बने नायब तहसीलदार

सितारगंज। राज्य लोक सेवा आयोग की लोअर पीसीएस परीक्षा में आशीष जोशी ने 12वीं रैंक हासिल की है इसके बाद आशीष का चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है। वर्तमान में आशीष जोशी उच्च न्यायालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। सितारगंज निवासी आशीष जोशी नायब तहसीलदार बने हैं। उन्होंने लोअर पीसीएस की परीक्षा में 12वीं रैंक हासिल की है। आशीष जोशी के पिता बिजली विभाग में जेई के पद से रिटायर्ड हुए हैं। उन्हें सिविल सेवा की प्रेरणा परिवार से ही मिली है। आशीष की तीन बड़ी बहनें असिस्टेंट प्रोफेसर, ग्राम विकास अधिकारी और आर्मी में मेजर के पद पर कार्यरत हैं। आशीष की धर्मपत्नी डॉक्टर हैं जो बंगलुरु में तैनात हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा सितारगंज विद्यालय से प्राप्त की है।

चयनिका के स्टार्टअप को काशीपुर आईआईएम के माध्यम से 25 लाख रुपये की भी हुई फंडिंग

मुर्गे से तैयार किया प्राकृतिक मीट प्रोटीन बार

स्टार्टअप

▸▸ जिम में मिलने वाले महंगे प्रोटीन पाउडरों का बन सकता है विकल्प

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

अमृत विचार: असम की चयनिका मुर्गे से प्राकृतिक मीट प्रोटीन बार तैयार कर रही हैं। जो शरीर में पोषक तत्वों की कमी पूरी करेगा साथ ही जिम में मिलने वाले महंगे प्रोटीन पाउडरों का विकल्प भी बनेगा। इंडियन काउंसलिंग ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च हैदराबाद के नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीट्यूट में बिना किसी हानिकारक मिलावट के इसे तैयार किया जा रहा है। जिसे जल्द ही कर्नाटक, हैदराबाद के बाद उत्तराखंड में लांच किया जाएगा। चयनिका के चयनित इस स्टार्टअप को काशीपुर आईआईएम के माध्यम से 25 लाख रुपये की फंडिंग भी की गई है।

मूल रूप से असम के गुवाहाटी निवासी चयनिका डेका ने यूपी के मेरठ से वर्ष 2010 में एमबीए किया और उसके बाद कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) में प्रोजेक्ट लीडर के रूप में, काजीरंगा बहुउद्देशीय महिला सोसायटी में परियोजना समन्वयक के रूप में काम किया। जहां वह आदिवासी महिलाओं की सहायता कर रही थी। कोविड के समय में जनजाति महिलाओं द्वारा पाले गये शूकर व मुर्गों में काफी नुकसान हो रहा था और उन्हें पर्याप्त मूल्य नहीं मिल रहा था। इस पर उन्होंने मुर्गे से मीट प्रोटीन बनाने की सोची और नेशनल मीट रिसर्च सेंटर में एडवांस ट्रेनिंग शुरू की। जहां व अपना प्रोडेक्ट विकसित कर रहे हैं। बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में युवनयन शाइकीया के साथ मिलकर अपना स्टार्टअप शुरू किया। उनके द्वारा तैयार मीट प्रोटीन बार को छह महीने बिना फ्रिज से कमरे के तापमान में रखा जा सकता है। प्राकृतिक मीट के साथ वह इसमें काली मिर्च, अदरक व अन्य हिमालयन हब्स का प्रयोग कर रहे हैं।

चयनिका ने बताया कि अभी प्रोडक्ट की पायलट टेस्टिंग चल रही है। दो माह के अंदर इसे आसाम, कर्नाटक, हैदराबाद में लांच किया जाएगा। उसके बाद इसे उत्तराखंड में लाया जायेगा। बताया कि आईआईएम काशीपुर में 550 आवेदनों में से उनका स्टार्टअप चयनित किया गया और उन्होंने दो महीने की ट्रेनिंग भी दी। साथ ही 25 लाख रुपये की फंडिंग भी की है।

खिलाड़ी के लिए है लाभदायक

काशीपुर। चयनिका ने बताया कि प्राकृतिक मीट प्रोटीन बार खिलाड़ियों के साथ ही सेना के जवानों के लिये भी फायदेमंद है। जहां खिलाड़ी को महंगे मिलावटी प्रोटीन पाउडरों से छुटकारा मिलेगा वहीं किसी ऑपरेशन में जाते समय सैनिकों को भी इसका लाभ होगा। बताया कि इसे जेब में रखकर ले जाया जा सकता है और बिना गर्म किये खाया जा सकता है। बताया कि विदेशों में इसकी भरमार है, लेकिन भारत में यह पहला होगा। हालांकि हरियाणा में इसे किसी व्यक्ति द्वारा छोटे रूप में शुरू किया गया है।

> मीट प्रोटीन बार अच्छा स्टार्टअप है। जिसे आईआईएम काशीपुर के माध्यम से 25 लाख रुपये की फंडिंग की गई है।
> **-प्रो. सफल बत्रा,** प्रबंध निदेशक, आईआईएम काशीपुर फीड।

सार-संक्षेप

गांव चलो अभियान के तहत सफाई करते भाजपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

जसपुर। गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपाइयों ने बैठक कर बूथों को मजबूत करने पर चर्चा करते हुए भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा रात्रि में प्रवास भी किया। गांव चलो अभियान के तहत लोकसभा विस्ताक दिनेश कुमार एवं जिला महामंत्री डॉ. सुदेश कुमार के नेतृत्व में भाजपाइयों ने बूथ नम्बर 58 पर बूथ अध्यक्ष को साथ लेकर बैठक की। जिसमें बूथों एवं पन्ना प्रमुखों को मजबूत बनाने के लिए मंथन किया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने वॉल पेंटिग का कार्य करते हुए धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई की और सरकार की योजनाओं के विषय में बताया तथा रात्रि में प्रवास किया। साथ ही गांव चलो अभियान के तहत पंफ्लेट भी बांटे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौहान, मंडल महामंत्री विशाल कुमार, महेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

संस्कृति एकेडमी में दादा-दादी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि शेखर त्रिपाठी।

संस्कृति एकेडमी में मनाया दादा-दादी दिवस

शांतिपुरी। शांतिपुरी नंबर दो ढाकानी संस्कृति इंटरनेशनल एकेडमी में दादा-दादी दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय की ओर से अध्यनरत बच्चों के बुजुर्ग दादा-दादी को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन एवं कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि समर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। त्रिपाठी ने क्षेत्र के बुजुर्ग दादा-दादी दिलीप सिंह मेहता, लक्ष्मी देवी एवं मोतिमा देवी को शॉल ओड़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता में बुजुर्गों का आशीर्वाद सर्वोपरि होता है। विद्यालय के मैनेजिंग डारेक्टर राम सिंह कोरंगा व प्रबंधक ईश्वर सिंह कोरंगा ने अतिथियों अभार जताया। कार्यक्रम में प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, कल्याण सिंह मटियानी, नव युवक मंगलदल अध्यक्ष मोहन सिंह कोरंगा, देवेंद्र सिंह कोरंगा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप सिंह कोरंगा, कविंद्र सिंह कोरंगा, नेत्र सिंह देउपा, जगत पाल, प्रधानाध्यापिका उर्मिला कोरंगा व दर्जनों अविभावक मौजूद रहे।

पुलिस ने चाकू के साथ दो आरोपियों को दबोचा

किच्छा। देर रात्रि थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गोला पुल कट के पास ग्राम दरऊ, थाना किच्छा निवासी फहीम तथा ग्राम इंदिरा नगर, वार्ड नंबर 20, थाना पुलभट्टा निवासी यासीन अहमद को पकड़ लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों से दो अवैध चाकू बरामद कर लिए। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दोनों नशा करने की आदी हैं और नशा पूर्ति के लिए उनके द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। लोगों को डराने धमकाने के लिए उन्होंने चाकू रखा था।

सेवानिवृत्त पर्यावरण मित्र निर्मल के निधन पर शोक

किच्छा। नगर पालिका परिषद में सेवानिवृत्त पर्यावरण मित्र निर्मल पाल के निधन पर शोक व्यक्त किया। नगर पालिका परिसर में शोक सभा में पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि मंगलवार की देर शाम पर्यावरण मित्र निर्मल पाल के आकस्मिक निधन से समाज को बड़ी श्रृति हुई है। यहां अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, ताहिर मलिक, सुनील कुमार, बालकिशन भट्ट, प्रमोद पंत, आनंद सिंह नेगी, श्याम बाबू आदि रहे।

द्रोण माइनर बाईपास का निर्माण कार्य शुरू

काशीपुर में 28 करोड़ की लागत से बनेगा 3.02 किमी लबां बाईपास, भूमि पूजन के साथ किया गया शुभारंभ

बाईपास का निर्माण शुरू कराते वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी।

फीता काटकर टाइल्स सड़क का शुभारंभ करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार काशीपुर में द्रोण माइनर बाईपास का काम भूमि पूजन के साथ शुरू हो गया है। एसकेडी कंपनी ने विधायक व अन्य भाजपा नेताओं की मौजूदगी में इस बाईपास का कार्य प्रारंभ किया।

शहर में यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए काशीपुर में 3.02 किमी के इस बाईपास के लिए केंद्र सरकार ने 28 करोड़ की राशि स्वीकृत किए हैं। यह बाईपास रामनगर रोड पर विश्वकर्मा पेपर मिल के पास से शुरू होकर सीधे रुद्रपुर मार्ग पर द्रोणा सागर के पास खत्म होगा। इसमें विद्युत व बीएसएनएल के पोल शिफ्टिंग का खर्च भी शामिल है। इसका टेंडर एसकेडी कंपनी को मिला है। माइनर के एक हिस्से पर पीडब्ल्यूडी सीसी टाइल्स बिछाने का कार्य कर चुकी है।

बुधवार को एसकेडी कंपनी ने भूमि पूजन किया। पूजन के बाद नारियल फोड़कर कार्य शुरू किया गया। वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी ने बताया कि बाईपास के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जाएगा। यहां विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, दीपक बाली, आशीष गुप्ता, गुरविंदर सिंह चंडोक, सुरेंद्र सिंह जीना, रजत सिद्धू, पुष्कर बिष्ट, मनोज जग्गा आदि थे।

पिपलिया एक में शुरू हुआ 600 मीटर सड़क का कार्य

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विधायक शिव अरोरा ने ग्राम पिपलिया एक में राज्य योजना से स्वीकृत 600 मीटर इंटरलॉक टाइल्स सड़क के निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण होने के बाद आवाजाही की सुविधा मिलेगी।

बुधवार को विधायक अरोरा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पिपलिया एक गांव पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्य मार्ग से शिव मंदिर को जोड़ने वाली 600 मीटर इंटरलॉक टाइल्स और आंतरिक मार्गों का फीता काटकर निर्माण कार्य शुरू करवाया। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर विधानसभा निरंतर विकास कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। प्रदेश की धामी सरकार के कार्यकाल में प्रत्येक विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाने की मुहिम प्रारंभ है। बिना किसी भेदभाव के प्रकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की लहर है और आगामी लोकसभा चुनावों में भी भाजपा पांचों लोकसभा सीटों पर विजयी प्राप्त करेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, प्रीत ग्रोवर, जगदीश विश्वास, हरीश भट्ट, आयुष चिलाना, ओमियो विश्वास, राकेश बाला, शांति बाला, ज्योति विश्वास, फूलमाला ढाली, जयदेव राहा, गुरचरण, प्रशांत मुखर्जी आदि मौजूद रहे।

मिलेगी सुविधा

▸▸ विधायक अरोरा ने किया शुभारंभ राज्य योजना से धनराशि स्वीकृत

उधमसिंह नगर ए की टीम क्वार्टर फाइनल में

किच्छा। क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के तत्वावधान में सीनियर पुरुष वर्ग की अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में ग्रुप ए से चार मैचों में सभी मैच जीत कर उधमसिंह नगर ए टीम ने अपने पूल में टॉप करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

उधम सिंह नगर के टीम का मुकाबला बागेश्वर टीम से महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में 15 फरवरी को होगा तथा दोनों टीम के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। क्रिकेट एसोसिएशन का उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि उधम सिंह नगर ए टीम की कमान सीनियर खिलाड़ी मोहम्मद नाजिम को दी गई है जबकि मुख्य कोच बीसीसीआई लेवल के मोहम्मद इकरार हैं। वहीं पूल बी में उधम सिंह नगर बी टीम ने तीन मैचों में दो मैच जीत कर चार अंक प्राप्त करते हुए पूल बी में दूसरा स्थान हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि उधम सिंह नगर बी टीम का क्वार्टर फाइनल मैच 16 फरवरी को देहरादून में ए टीम के साथ खेला जाएगा तथा उधम सिंह नगर बी टीम की कमान अभिमन्यु सिंह को सौंपी गई है तथा मुख्य कोच की भूमिका में बीसीसीआई लेवल के सुनील यादव नजर आएंगे। जिला अध्यक्ष तिवारी ने दोनों ही टीमों को अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

रक्तदान से बचा सकते हैं दूसरे की जान

संवाददाता, रुद्रपुर

शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार: जागृति सामाजिक धर्मार्थ एवं शैक्षिक ट्रस्ट द्वारा पुलिसकर्मियों की सहायता के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सिडकुल स्थित राने कंपनी में लगाया गया। इसका शुभारंभ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने किया।

शुक्रवार को शिविर के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने कहा कि रक्तदान महादान है। मनुष्य अपने रक्त के जरिए दूसरे व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है। ऐसे में जागृति सामाजिक संस्था द्वारा किया गया यह प्रयास बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी सहायता रक्तदान शिविर का मकसद उन पुलिसकर्मियों की सहायता करना है जो अपने कर्तव्य के दौरान चोटिल हो जाते हैं। ऐसे में उन पुलिस कर्मियों को तत्काल रक्त दिया जा सके।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ मनुष्य को अपने जीवन में सदैव रक्तदान करना चाहिए। कारण किया गया रक्तदान कार्य दूसरे मनुष्य के जीवन को बचा सकता है। इस मौके पर शिवानी चौधरी, यासमीन, दिव्या, विजय यादव, अमृतपाल, अनूप सिंह, काजल, कुलदीप यादव, महिपाल यादव, सुनील यादव, योगेश, मनीष बोहरा, अनूप शर्मा, सत्येंद्र सिंह, मिथुन कुमार, मनोज भट्ट आदि ने रक्तदान किया। अवसर पर जगजीत सिंह गोल्डी, राज कोली, सनी पासवान समेत कंपनी के तमाम कर्मचारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

दिनेशपुर-मटकोटा सड़क बनाने की मंजूरी मिली: भट्ट

घोषणा

संवाददाता, रुद्रपुर

अजय भट्ट।

अमृत विचार: केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के विशेष प्रयासों से ऊधमसिंह नगर के दिनेशपुर-मटकोटा सड़क बनाए जाने की स्वीकृति मिल गयी है। यह स्वीकृति केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दी है। विगत दिवस टनकपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री गडकरी ने इसकी घोषणा की।

बुधवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भट्ट ने केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का आभार जताते हुए कहा कि उनके द्वारा जनपद ऊधमसिंह नगर के तहत दिनेशपुर मदकोटा सड़क को स्वीकृत दिए जाने के संबंध में अनुरोध किया गया था। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने विगत दिवस टनकपुर में आयोजित जनसभा के दौरान सड़क बनाये जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि दूर दराज से आने वाले पर्यटकों को कुमाऊं के विभिन्न पर्यटक स्थलों में जाने का अवसर मिलेगा।

विकास कार्य विधायक बेहड़ ने फीता काटकर किया योजनाओं का लोकार्पण, बोले-मिलेगा लाभ

26 .54 लाख के कार्यों का लोकार्पण किया

संवाददाता, किच्छा

किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़। मौके पर उपस्थित ग्रामीण। ● अमृत विचार

अमृत विचार: कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत विधायक निधि से कराए करीब 26.54 लाख की लागत से कराए आधा दर्जन निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक बेहड़ ने ग्राम नजीबाबाद में 5 लाख की लागत से तीन शेड, ग्राम कलकत्ता फॉर्म गुरुद्वारे में 5.51 लाख से बाउंड्री वॉल निर्माण, ग्राम बखपुर में 4.86 लाख की लागत से मंदिर के सौंदर्यकरण, ग्राम बखपुर स्थित मस्जिद के निकट 2.33 लाख की लागत से सीसी सड़क, सिरौली कला वार्ड नंबर 19 में 3.84 लाख से सीसी सड़क एवं सिरौली कला स्थित मौलाना अब्दुल कलाम आजाद स्कूल में टीन शेड निर्माण कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया। विधायक बेहड़ ने कहा कि किच्छा विधानसभा में 2 साल के कार्यकाल में तेजी से विकास कार्य कराए गए हैं। विधायक बेहड़ का स्थानीय जनता ने फूल मालाओं से स्वागत किया और विकास कार्य कराने पर उनका आभार जताया। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, बलवंत सिंह, अकील अहमद, एन यू खान, सईदुल रहमान मलिक, छोटे लाल कोली, धर्मेंद्र सिंधी, अमृतपाल सिंह बंटी, दलेर सिंह, मान सिंह, आरिफ कुरैशी, शरीफ सलमानी, धर्मेंद्र सिंधी रहे।

विभिन्न मुद्दों को लेकर किसानों और मजदूर संगठनों की बैठक 16 को

रुद्रपुर। विभिन्न मुद्दों को लेकर ट्रेड यूनियन और किसान संगठनों के संयुक्त फोरम की बैठक 16 फरवरी को गांधी पार्क में आयोजित होगी। इसमें किसान संगठनों और मजदूर संगठनों जुड़े लोग मौजूद रहेंगे।

बुधवार को यह जानकारी ट्रेड यूनियन एक्टू के जिलाध्यक्ष और संयुक्त श्रमिक मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने दी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूरों-किसानों के खिलाफ नीतियां बना रही है। जिससे आमजन की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होते जा रही है। श्रमिक पक्षीय 44 श्रम कानूनों को खत्म कर दिया गया है और उसके बदले में 4 मजदूर विरोधी श्रम कोड लाए जा रहे हैं। जिससे मजदूर की स्थिति बंधुआ मजदूर की हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार किसानों से वादाखिलाफी कर रही है। उनके एमएसपी कानून बनाने की मांग लंबित है। ऐसे में किसानों और मजदूरों के ज्वाइंट फोरम द्वारा आहूत की गई 16 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल के समर्थन में 11 बजे से गांधी पार्क में सभा की जाएगी। इसके बाद जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने सभी किसान संगठनों व मजदूर संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में सभा स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

एक होटल कर्मी ने दूसरे कर्मी का अंगूठा तोड़ा

काशीपुर। होटल कर्मी ने एक अन्य कर्मी के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसके दाहिने हाथ का अंगूठा टूट गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने आरोपी होटल कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूल रूप से ग्राम लवाली पोस्ट काकड़ी घाट, जिला अल्मोड़ा हाल सिंह होटल निवासी किशन सिंह रावत ने बताया कि 10 फरवरी की रात को उनके किचन सैफ मोहन सिंह बिष्ट द्वारा अचानक उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया और बचाव में उसके दाहिने हाथ का अंगूठा टूट गया। बाद में वह बेहोश हो गया और उसको इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर अनुसार आरोपी मोहन सिंह बिष्ट के ऊपर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गुरुद्वारे के निदेशकों ने पूर्व रिसीवर पर पारिवारिक विवाद को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया

निदेशकों ने लगाया झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप

पत्रकार वार्ता

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी नानकमत्ता के चार डायरेक्टर पर मुकदमा दर्ज होने से भड़के निदेशकों ने पत्रकार वार्ता कर अपना पक्ष रखा और पूर्व रिसीवर के इशारे पर पारिवारिक विवाद को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। उनका आरोप था कि गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी पर कमजोर पड़ती पकड़ से बौखला कर मुकदमा पंजीकृत करवाया गया है।

बुधवार को पत्रकार वार्ता करते हुए पीड़ित गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के निदेशक प्रतपाल सिंह ने कहा कि पिछले 18 सालों से पूर्व रिसीवर का गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी पर कब्जा था। मगर संगत ने सत्ता परिवर्तन करते हुए निष्पक्ष कमेटी का चयन किया है। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारे के दो सेवादारों के परिवार में विवाद चल रहा है। जिसकी वजह से गुरुद्वारे की मर्यादा भंग हो रही थी। उसी का पटाक्षेप करने के लिए 30 जनवरी को प्रबंध कमेटी से जुड़े सात डायरेक्टर परिवार के घर पहुंचे और मामले का पटाक्षेप करने का प्रयास किया। आरोप था कि इसी का फायदा उठाकर पूर्व रिसीवर के इशारे पर चार निदेशकों के खिलाफ एससी एसटी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया, जबकि अपने करीबी तीन निदेशकों को मुकदमे से दूर रखा गया। आरोप था कि पूर्व रिसीवर के इशारे पर ही झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया। ताकि वर्तमान कमेटी का मनोबल तोड़ा जा सकें। आरोप था कि पूर्व रिसीवर धन बल के बल पर कुछ लोगों को कमेटी का डायरेक्टर बना दिया। जिसकी वजह से वर्तमान कमेटी अपने को असहज महसूस कर रही है। उन्होंने एसएसपी से मुकदमा प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने, मुकदमा निरस्त करने और साजिशकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर पलिवंदर सिंह, निर्मल सिंह हंसपाल, प्रतपाल सिंह, गुरमुख सिंह, बजिंदर सिंह, जसवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में पत्रकारों से वार्ता करते गुरुद्वारा नानकमता प्रबंध कमेटी के डायरेक्टर। ● अमृत विचार

धारदार हथियार से हमला कर युवक को किया घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में खाना लेने गए एक युवक को तीन से चार युवकों ने घेर कर धारदार हथियार से हमला बोल दिया और अधमरा कर फरार हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आवास विकास स्थित किराए के मकान में रहने वाले दिनेश चंद्र का कहना था कि वह एक होटल में काम करता है। बताया कि 13 फरवरी की दोपहर तीन बजे वह जगतपुरा स्थित अतिथि होटल में खाना पैक कराने के लिए गया था। अचानक सुमित राठौर, अमित राठौर, विशाल उर्फ नन्नू, सुनील राजपूत उर्फ सिक्का ने अपने साथियों के साथ घेर लिया और संगठित होकर धारदार हथियार से हमला शुरू कर दिया। इससे वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया और हमलावर अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वारदात

- घायल युवक को अस्पताल में कराया गया भर्ती
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

लोकसभा चुनाव में यूएसनगर में 85 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोस चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा, स्वीप कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शिता से भयरहित माहौल में सम्पन्न कराने के लिए चल रही प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही जनपद में स्वीप कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में जनपद में 85 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखने के निर्देश दिये।

बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार जनपद ऊधमसिंह नगर की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता के लिए सोशल मीडिया व्यापक प्रचार-प्रसार का विशेष माध्यम है। इसका उपयोग कर प्रतिदिन पांच बार पोस्ट अपलोड की जाए। विगत चुनावों में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का चिन्हीकरण करते हुए कम मतदान होने के कारणों की जांच करते हुए उन क्षेत्रों में विशेष रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने बूथ स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यदि संभव हो तो बच्चों के सामने ही अभिभावकों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर तत्परता से विशेष निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की फेक न्यूज सामने आने पर संबंधित के खिलाफ विधिक कार्यवाही अमल में लाते हुए फेक न्यूज का खंडन भी तत्काल जारी किया जाए। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी में लगने वाले वाहन चालकों को भी मतदान की सुविधा के लिए पोस्टल बैलेट या इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किए जाएं। ताकि वे भी मतदान कर सकें।

इससे पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली। दिव्यांग आईकॅन एवं मतदाताओं व अच्छे कार्य करने वाली बीएलओ को को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए निष्पक्ष मतदान करने की अपील की।

अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

स्वीप प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

वनभूलपुरा की घटना को देखते हुए जिले में क्रिटिकल-वल्नरेबल बूथों का करें निर्धारण

रुद्रपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनपद नैनीताल की समीक्षा के दौरान विगत निर्वाचनों में मतदान प्रतिशत कम होने पर चिंता व्यक्त की। साथ ही जनपद में कम मतदान के कारणों का पता लगाते हुए उनका निवारण करने और जनपद में स्वीप गतिविधियों को प्रभावी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनभूलपुरा में घटित घटना को संज्ञान में रखते हुए जनपद के क्रिटिकल और वल्नरेबल बूथों का निर्धारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद नैनीताल द्वारा अन्य जनपदों को भी वाहन उपलब्ध कराये जा सकते हैं। इसलिए नैनीताल जनपद इस बात पर विशेष ध्यान दे कि निर्वाचन ड्यूटी में लगने वाले वाहन चालकों को भी मतदान की सुविधा के लिए पोस्टल बैलेट या इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किये जाएं। ताकि वे भी मतदान कर सकें। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए जनपद में हस्ताक्षर अभियान की भी शुरुआत की।

बुजुर्ग व दिव्यांगों को उपलब्ध कराएं आवागमन सुविधा

रुद्रपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 80 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं, दिव्यांग और महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दिवस पर मतदान के लिए नियमानुसार आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा।

ओवर कॉन्फिडेंस में न रहें अधिकारी व कर्मचारी

रुद्रपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कहा कि हर इलेक्शन नया होता है। प्रत्येक इलेक्शन में कुछ न कुछ अवश्य परिवर्तन होता है। इसलिए कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी ओवर कॉन्फीडेंस में न रहे, बल्कि आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों को भलि भांति पढ़ते रहें और निर्वाचन प्रक्रिया में हर समय अपडेट रहें।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लिया स्ट्रांग रूम का जायजा

रुद्रपुर। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बगवाड़ा मंडी पहुंचकर प्रस्तावित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम और वीवीपेट को धूप व गर्मी से बचाने के लिए कूलिंग की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि मतगणना दिवस के लिए कूलिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने वाहनों की पार्किंग और कार्मिकों के खानपान के संबंध में भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

अंतरराज्यीय सीमाओं पर लगाएं सीसीटीवी

रुद्रपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस विभाग को सुरक्षात्मक दृष्टि से अंतरराज्यीय सीमाओं पर सीसीटीवी लगाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एफएसटी, एसएसटी, आबकारी, पुलिस आदि विभागों द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थों, शस्त्रों, नकदी के विरूद्ध की जाने वाली कार्यवाही को निर्धारित पोर्टल पर समय से अपलोड करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

यह लोग रहे मौजूद

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार, सीडीओ नैनीताल अशोक पांडे, अधिशासी निदेशक यूआईआरडीए आरडी पालीवाल, डेम जीबी पंत यूनिवर्सिटी मो. नासिर, अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, अपर जिलाधिकारी नैनीताल शिव चरण द्विवेदी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल सहित संबंधित अधिकारी।

महिला की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, केस दर्ज

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: शांतिपुरी क्षेत्र जवाहरनगर की एक युवती ने अपने पुरुष मित्र पर डरा धमकाकर उसकी आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाते हुए पंतनगर थाने में तहरीर दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जवाहरनगर पोस्ट नगला डेरीफार्म निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि इंस्टाग्राम पर उसकी मुलाकात गोविंद सिंह फर्त्याल नाम के युवक से हुई थी। अक्टूबर 2023 में उसने उसे फोन कर रुद्रपुर मिलने के लिए बुलाया। जब वह रुद्रपुर पहुंची तो वह उसे जबरदस्ती होटल में ले गया। जहां उसने डरा धमकाकर उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाई। इसके बाद फरवरी 2024 में उसने फिर उसे मिलने और शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा। युवती का आरोप है कि उसके मना करने पर युवक ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही उससे न मिलने पर युवक ने उसके परिवार, रिश्तेदार और सोशल मीडिया पर उसकी आपत्तिजनक वीडियो वायरल कर दी। इतना ही नहीं उसने उसके नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बनाकर सभी को वीडियो भेज दी। जिसके चलते वह मानसिक तनाव में है।

छात्र-छात्राओं को किया मतदान के प्रति जागरूक

काशीपुर। शिक्षा विभाग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को लोक सभा निर्वाचन के प्रति जागरूक किया गया। बुधवार को ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों में लोक सभा निर्वाचन-2024 स्वीप कार्यक्रम के व्यापक प्रचार के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के साथ छात्रों के परिवार के सदस्यों को सौ फीसदी मतदान का लक्ष्य के प्रति जागरूक किया गया। बीईओ आरएस नेगी ने बताया कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को शपथ ग्रहण, गोष्ठी, रैली निकालना आदि कार्यक्रम कर जागरूक किया गया। आज भी यह कार्यक्रम होंगे।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

चाय पर चर्चा

- नगर निगम सभागार में सहायता समूह रहे मौजूद
- भाजपा प्रदेश महामंत्री ने एनजीओ संग की चाय पर चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने एनजीओ और महिला सहायता समूह के साथ चाय पर चर्चा की। उन्होंने बैठक के जरिए बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

बुधवार को चर्चा कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति वंदन अभियान की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री बिष्ट ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार शहरी व ग्रामीण इलाकों में योजनाएं संचालित कर रही है। श्रमिकों को निरंतर रोजगार मिले और 2014 के बाद से बेरोजगारी दर गिरकर 6.2 फीसदी पर आ गई है।

सरकार ने मुद्रा लोन के माध्यम से बहुत बड़ी संख्या में महिलाओं को स्वयं के रोजगार शुरू करने का मौका दिया है। हर घर नल से जल, फ्री बिजली कनेक्शन जैसी अनेकों योजनाओं का लाभ गरीबों को तोहफा दी है।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही हैं। मनरेगा मजदूरी में भी महिलाओं की भागीदारी बड़ी है। देश की राजनीति में भी महिलाएं शीर्ष पायदान पर हैं।

कई महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आज अपना व्यवसाय कर रही हैं। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय भट्ट, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, साकेत अग्रवाल, कपिल सामंत, विमला मंडोला, सतीश गोयल, अमित नारग, डॉ.कुंदन राठौर, धर्म सिंह कोली, ममता त्रिपाठी, धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, राजेश तिवारी, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट। ● अमृत विचार

चाकू से हमला कर मोबाइल व हजारों से भरा पर्स लूटा

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक युवक पर चाकू से हमला कर मोबाइल और हजारों की नकदी लूटने का मामला सामने आया है। आरोप था कि अनजान युवक ने किसी को कॉल करने के लिए मोबाइल मांगा और हमलावर हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ट्रांजिट कैंप जगतपुरा निवासी गणेश सिंह ने बताया कि आठ फरवरी की शाम साढ़े नौ बजे वह घर के सामने टहल रहा था कि तभी अचानक एक अनजान युवक आया और किसी को कॉल करने के लिए मोबाइल मांगा। आरोप था कि दोबारा मोबाइल मांगने पर जब इंकार कर दिया। तभी युवक के अन्य साथी भी अचानक आए और चाकू निकालकर हमला करना शुरू कर दिया। आरोप था कि हमलावरों ने महंगा मोबाइल व 20 हजार की नकदी से भरा पर्स भी लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

विरोध संयुक्त किसान मोर्चा ने कल देश के सभी गांवों में जोरदार विरोध करने की अपील की

किसानों पर लाठीचार्ज करने की कड़ी निंदा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने किसान संगठनों के दिल्ली चलो मार्च को रोकने के लिए राज्य शक्ति के अति प्रयोग और लाठीचार्ज, रबर बुलेट, आंसू गैस के गोले और सामूहिक गिरफ्तारी का सहारा लेने के लिए मोदी सरकार का कड़ा विरोध और निंदा की।

तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संयोजक संयुक्त किसान मोर्चा तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि प्रशासन द्वारा किसानों के ऊपर आंसू गैस के गोले गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। एसकेएम ने देश में सभी सदस्य संगठनों और उनकी इकाइयों से आह्वान किया है कि वे 16 फरवरी 2024 को पंजाब में किसानों पर हुए हमले का पूरे भारत के सभी गांवों में जोरदार विरोध करें और पूरे भारत में ग्रामीण बंद और औद्योगिक व क्षेत्रीय हड़ताल को और अधिक व्यापक और सफल बनाएं।

एसकेएम ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे तुरंत सेना वापस बुलाएं और दिल्ली चलो विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के लिए किसानों के अधिकारों की रक्षा करें। चर्चा के माध्यम से किसानों और श्रमिकों के संघर्ष को हल करें। एसकेएम ने सभी समान विचारधारा वाले संगठनों से आम मांगों पर एकजुट होकर मुद्दे आधारित संघर्ष के लिए आगे आने की अपील जारी की है।

किसान आंदोलन को कुचल रही सरकार: पपनेजा

किच्छा। अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र पपनेजा बंटी ने कहा है कि केन्द्र की भाजपा सरकार किसान आंदोलन को कुचलने की साजिश रच रही है। पपनेजा ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम मूल्य जल्द निर्धारित करने का वादा किया था लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी केंद्र सरकार अपने वादे पर खरी नहीं उतरी। कहा कि केंद्र सरकार को उसका वादा याद दिलाने के लिए सैकड़ों किसान दिल्ली कूच कर रहे थे लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों पर लाठीचार्ज कर दिया। पपनेजा ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार पूंजीपतियों की सरकार बनकर रह गई है। आरोप लगाया कि हरियाणा- पंजाब के शंभू बॉर्डर पर सैकड़ों किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठियां बरसाकर किसानों की आवाज को दबाने की कोशिश की गई, जो कि शर्मनाक है। पपनेजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है और किसानों के आंदोलन को कांग्रेस पार्टी पूरा समर्थन देगी।

पुलिस ने शराब भट्टी तोड़ी, तस्कर फरार

बाजपुर। बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए घर के पीछे खेत में संचालित अवैध कच्ची शराब की भट्टी को तोड़ दिया। तस्कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने दो हजार लीटर लाहन नष्ट करते हुए 10 लीटर कच्ची शराब व उपकरण कब्जे में ले लिए। आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर फरार शराब तस्कर की तलाश शुरू कर दी है। बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में तैनात एसआई रमेश चंद्र बेलवाल सूचना पर ग्रान वनगढ़ गोबरा बंजारी क्षेत्र में पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस को देख गुरदेव सिंह मौके से फरार हो गया। टीम ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ शराब बनाने के उपकरण बरामद किए।

नकली दवा बनाने वाले की जमानत रद

सुनवाई

- पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री में बनाई जा रही थी नकली दवाएं
- पुलिस ने मामले में दो लोगों को किया था गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: नामी कंपनियों की नकली दवा बनाने के आरोपी की जमानत प्रथम एडीजे कोर्ट ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दी है।

30 जनवरी को पुलिस ने एक सूचना पर रम्पुरा में किराये के मकान में चल रही पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारा। फैक्ट्री के अंदर पुलिस को कई नामी कंपनियों की दवाइयां बोरे में भरी हुई बरामद हुई हैं। मौके से दवाई बनाने की मशीन भी बरामद हुई है। पुलिस ने दो लोगों अरुण कुमार निवासी ग्राम शामली थाना आदर्श मंडी जिला शामली और रविकान्त निवासी शिवपुरम कॉलोनी थाना गंगनहर, रूड़की जिला हरिद्वार को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक आरोपी अरुण कुमार की ओर से अदालत में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत नामंजूर कर दी।

साले को गोली मारने के आरोपी की जमानत मंजूर

काशीपुर। प्रथम एडीजे की अदालत ने साले को गोली मारकर घायल करने के आरोपी की जमानत मंजूर कर ली है। 30 दिसंबर 2023 को आवास विकास कालोनी में बेकरी संचालक ढकिया नम्बर एक निवासी अजय अपने पिता नारायण दास के साथ बेकरी बंद कर घर वापस जा रहे थे। रास्ते में उसे गोली मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने अजय के चचेरे भाई योगेंद्र कुमार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। 18 जनवरी को पुलिस ने उसके जीजा गदरपुर के ग्राम श्यामनगर निवासी जीजा अनिल गुंबर पुत्र करम चन्द्र, ग्राम खटोला थाना दिनेशपुर निवासी राजू पुत्र राजपाल व ग्राम महावीर नगर आदर्श नगर थाना गदरपुर निवासी हीरा लाल पुत्र राम सुभाष को गिरफ्तार किया था। आरोपी अनिल सिंह की ओर से उसके अधिवक्ता ने प्रथम एडीजे विनोद कुमार की अदालत में जमानत के लिए जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी की जमानत मंजूर कर ली।

बसंत पंचमी पर निकली मां अटरिया की भव्य शोभायात्रा

रंपुरा बस्ती से शुरू हुई ध्वज शोभायात्रा, देवी-देवताओं की झांकी रही आकर्षण का केंद्र, जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया पर्व

बसंतोत्सव

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: बसंत पंचमी के मौके पर शहर में जगह-जगह पूजा अर्चना हुई। वहीं रंपुरा बस्ती से मां अटारिया की ध्वज शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें देवी देवताओं की सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वहीं आस्था के सराबोर में श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए। यात्रा अटरिया मंदिर प्रांगण पर आकर समाप्त हुई। जहां मां का ध्वज स्थापित किया गया।

बुधवार को मां अटरियां मंदिर की महंत एवं कमेटी की अध्यक्ष पुष्पा देवी की मौजूदगी में मां अटरिया ध्वज यात्रा रंपुरा बस्ती स्थित मंदिर से प्रारंभ हुई। जिसमें ढोल नगाड़ों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु पालकी के पीछे चल रहे थे और देवी देवताओं की झांकियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। यात्रा इंदिरा चौक से नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग, डीडी चौक, अटरिया मार्ग से होते हुए जगतपुरा अटरिया मंदिर प्रांगण पर आकर समाप्त हुई।

यहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर मां अटरिया के ध्वज को मंदिर में स्थापित किया गया। महंत पुष्पा देवी ने बताया कि बसंत पंचमी बेहद ही शुभ दिन होता है और पीले वस्त्र आस्था को पवित्र करते हैं। बसंत पंचमी से ही मां अटरिया मेले की तैयारियां भी शुरू हो जाती है। जिसकी तैयारियों के लिए जल्द ही कमेटी का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव अरविंद शर्मा, पंकज गौड़, अशोक यादव, मनीष शर्मा, राम सिंह, धनराज सिंह, दीपा शर्मा, सुनीता शर्मा, अभिषेक गौड़, सौरभ शर्मा, नितिन शर्मा, कार्तिक गौड़ आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में शोभायात्रा में चलती पालकी। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में शोभायात्रा में निकलती झांकी। ● अमृत विचार

डायनेस्टी में बसंत पंचमी पर हवन-पूजन

खटीमा। डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती के पूजन पर विद्यालय में सामूहिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस पर्व पर विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की वंदना गायन के साथ-साथ अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने हवन पूजन के साथ ही विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, भरत बिष्ट, दिगंबर भट्ट, सुरेश ओली कविता सामंत, दया किशन पंत, अशोक जोशी, विजय रावत, गिरीश जोशी, सविता रावत, केशव जोशी, पूरन पांडे, केएस ज्याला, ललित मोहन कापड़ी, रमेश जोशी, दीपा मेहरा, बलवंत सिंह ऐरी, ऊषा चौसौली आदि थे।

रामराज रोड पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

हर्षोल्लास से मनाया बसंत पंचमी का पर्व

बाजपुर। बुधवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में स्थित श्रीबालाली घाटा मंदिर में महिलाओं ने बसंत पंचमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस मौके पर पूजा जिंदल, सविता शर्मा, सूची सिंगल, सुनीता गोयल, डाली शर्मा, आकांक्षा सिंगल, कविता गर्ग, पूनम अग्रवाल, हेमलता, स्वीटी जैन, मोनिका गर्ग, चंद्रिका फोगाट, अदीति, अनीता सिंह, उमा गुप्ता, ममता जैन, अनु चोपड़ा, अनुराधा, खुशी, लता आदि महिलाएं मौजूद रही। इसके अलावा वार्ड नंबर-तीन मोहल्ला आलापुर में होलिका दहन स्थल पर होली पूजन के साथ ही होली गायन का आगाज किया गया तथा विधि विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन स्थल पर पांच उपले रखे गए। रामराज रोड पर खिचड़ी के भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सभासद जगतजीत सिंह, राजन खन्ना, सर्वजीत सिंह, राजू गोयल, मनमोहन सिंह, दिनेश गर्ग, बलवीर सिंह, प्रदीप सिंह, जसप्रीत सिंह, गोपाल सेठी, बब्बी रहे।

शक्तिफार्म के द विलबर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

सरस्वती पूजा के साथ मनाया बसंत पंचमी पर्व

शक्तिफार्म। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थानों एवं अधिकांश घरों में, विद्या की देवी सरस्वती मां की भव्य मूर्ति स्थापित कर पूजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्रों ने मां सरस्वती से विद्या एवं बुद्धि प्रधान करने की प्रार्थना की। सरस्वती पूजा का बंगाली समुदाय में विशेष महत्व है। इस दिन बंगाली समुदाय के महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर सरस्वती पूजा में सम्मिलित होती हैं। सरस्वती पूजा के उपलक्ष पर क्षेत्र के द विलबर स्कूल, लीलावती पब्लिक स्कूल, ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, न्यू ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल, दिल्ली प्ले स्कूल समेत तमाम शिक्षण संस्थानों में पूजा के साथ-साथ, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

गदरपुर सनातन धर्म मंदिर में आरती करती महिलाएं। ● अमृत विचार

ईश्वर भक्ति में ध्यान लगाएः आचार्य नीरजा

गदरपुर। श्री सनातन धर्म मंदिर में बसंत पंचमी पर 45वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के समापन पर आचार्य नीरज शरणार्थी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के दिन मानव जीवन के लिए मौसम रूपी नया जीवन की शुरुआत होती है। इससे पूर्व महिला संकीर्तन मंडल द्वारा कीर्तन किया गया। पं. विजय शास्त्री ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष वेदराज बजाज कमेटी पदाधिकारियों ने द्वारा नगर के सामाजिक संगठनों के लोगों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया जिसमें नगर व दूर दराज क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर लंगर रुपी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पंजाबी महासभा अध्यक्ष कृष्णलाल सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, कृष्ण लाल अनेजा, राजकुमार भुड्डी, रविंद्र बजाज, राजकुमार सिंधी, लीना संजीव झाम, सोमनाथ रहे।

सिटी कॉन्वेंट में धूमधाम से मनाया गया पर्व

खटीमा। सिटी कॉन्वेंट स्कूल में बोर्ड परीक्षा देने वाले क्षेत्र के समस्त छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बसंत पंचमी पर्व पर हवन- पूजन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, अध्यक्ष गणेश चंद्र उपाध्याय ने सपरिवार हवन पूजन कर किया। शिक्षक शिक्षिकाओं तथा सिद्धेश्वर महिला कीर्तन मंडली द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ किया गया। विद्यालय में नए बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अभिभावकों द्वारा विद्यालय की नई शिक्षा नीति एवं डिजिटल एजुकेशन से प्रभावित होकर अपने बच्चों का प्रवेश कराया और विद्यालय में होने वाली समस्त गतिविधियों की सराहना की। विद्यालय के 10वीं और 12वीं के बच्चों ने अभिभावकों के साथ आकर मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी दिनेश आर्या, लायंस क्लब अध्यक्ष राजकुमार अरोड़ा, नवीन भट्ट, जगदीश शर्मा, सुधीर बत्रा, एचडीएफसी बैंक शाखा प्रभारी संजय सिंह, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान आदि ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

दिनेशपुर में धूमधाम के साथ की सरस्वती पूजन

दिनेशपुर। बसंत पंचमी पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय में मां सरस्वती पूजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस मौके पर मंदिरों व विद्यालयों को भव्य रूप से सजाया गया था। बुधवार की प्रात: पुरोहित द्वारा बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा- अर्चना कराई। श्रद्धालुओं ने खील व बतासे, बेल पत्र, फल, पंच मिठाई, नारियल आदि चढ़ाकर मनौतियां मांगी। उपवास रखकर श्रद्धालुओं ने अंजलि देकर उपवास समाप्त किया। बंगाली समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मां सरस्वती का श्रृंगार किया और क्षेत्र के सुख- शांति की कामना की। पार्वतीय समाज की महिलाओं ने बसंत पंचमी पर पूजा- अर्चना कर परिवारजनों को पीले वस्त्र भेंट किए। तत्पश्चात देवी-देवताओं को पकवानों का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। क्षेत्र के विद्यालय में लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर में प्रबंधक तरुण कुमार सिंह, अटल उत्कृष्ट स्व. चितरंजन राहा राइंका में प्रधानाचार्य डॉ मधुसूदन मिश्र, स्व. महंगा राम मिगलानी राबाइंका में प्रधानाचार्य सुनीता कश्यप, एसडीएसएन में प्रबंधक सुभाष व्यापारी, सैनिक कॉन्वेंट जूनियर हाई स्कूल चक्कीमोड़ में प्रधानाचार्य पुष्पा नेगी, नवोदय इंटर कॉलेज चक्कीमोड़ में प्रबंधक हरीश जोशी, किड्स पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी में प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान, होली कृष्णाज कॉलेज में प्रधानाचार्य रीना यादव, न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में प्रबंधक रविंद्र पाल सिंह, राउमावि मदनापुर में प्रधानाचार्य विनोद शर्मा के नेतृत्व में मां सरस्वती की पूजा- अर्चना की गई। इसके मौके पर समाजसेवी नित्यानंद मंडल, राजेंद्र सिंह मेहरा, केके गावा, विशंभर लाल मिगलानी, मान सिंह कोरंगा, अशोक कालड़ा, योगेश मिगलानी, राहुल बाठला, दीपक मक्कड़, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल, चेतन सुखीजा, सागर सिंह, प्रवीन नारंग आदि थे।

छात्रावास के बच्चों के साथ बसंत पंचमी का पर्व मनाते समर्पण फाउंडेशन के सदस्य।

छात्रावास के बच्चों के साथ मनाई बसंत पंचमी

काशीपुर। बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर समर्पण फाउंडेशन काशीपुर की टीम ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास में अपवंचित वर्ग के बच्चों के साथ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती की वंदना गायन किया। इस दौरान वाद्य यंत्र बच्चों द्वारा स्वयं बजाए गए। वहीं बच्चों ने मधुर स्वर में अनेक गीत भी गाए। इस दौरान पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बच्चों ने गीत गाकर नमन किया। यहां पर समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष विमल माहेश्वरी, सर्वेश शर्मा 'शशि', नवीन अरोरा, अमित अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, राजीव गुप्ता आदि उपस्थित थे।

डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी में बसंत पंचमी पर हवन पूजन करते बच्चे।

खटीमा में हवन पूजन करते सपरिवार विद्यालय संस्थापक एमसी उपाध्याय।

दिनेशपुर में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा- अर्चना करते श्रद्धालु।

सार-संक्षेप

बाजपुर, ब्लाक कार्यालय में बीडीओ को ज्ञापन सौंपते जनजाति समाज के लोग।

आवास योजना का लाभ देने की मांग उठाई

बाजपुर। जनजाति समाज के वंचित परिवारों को जन मन आवास योजना का लाभ देने की मांग को लेकर खंड विकास कार्यालय पहुंचे जनजाति समाज के महिला-पुरुषों ने मौके पर मौजूद बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को तोता बेरिया क्षेत्र के ग्रामीण महिला-पुरुष काफी संख्या में एकत्रित होकर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा की अगुवाई में खंड विकास कार्यालय जा पहुंचे और वहां मौजूद खंडविकास अधिकारी बसंत जोशी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना था कि ग्रामसभा तोता बेरिया में जनजाति समाज के परिवार निवासरत हैं, जोकि पात्रता की श्रेणी में आने के बावजूद जन मन योजना के तहत मिलने वाले आवास के लाभ से वंचित रह गए हैं। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, अभिषेक तिवारी, रवि सिंह, सोनी सिंह, सुरेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, रामचंद्र सिंह, बाबू सिंह, श्याम सिंह रहे।

दिनेशपुर में संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे-मुन्ने बच्चे। ● अमृत विचार

अजीम प्रेमजी स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

दिनेशपुर। अजीम प्रेमजी स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचाया। इस दौरान बच्चों ने दर्शकों की जमकर वाहवाही बटोरी। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य डॉ. नवनीत सहाय बेदार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से संचालित स्कूल में बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। बच्चों को नाश्ता एवं भोजन के साथ सभी मौसम के गणवेश (ड्रेस) निशुल्क उपलब्ध कराया जाती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने 2025 - 26 से उच्च माध्यमिक कक्षाओं का कला एवं विज्ञान वर्ग का संचालन करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर निर्वतमान नपं अध्यक्ष सीमा सरकार, समाजसेवी हीरा जंगपांगी, चंद्रकांत मंडल, विकास सरकार, रोहित मंडल, अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती रहे।

शिवभक्तों ने पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा पर की चर्चा

बाजपुर। बुधवार को ब्रह्मदेव-शनिदेव मंदिर परिसर में ऊँ शिव कांवड़ दल के महंत राजेंद्र कुमार उर्फ बंटी ठक्कर की अध्यक्षता में दल से जुड़े शिवभक्तों की बैठक हुई। जिसमें पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा पर चर्चा करते हुए अनेक निर्णय लिए गए।

बैठक में अवगत कराया गया कि चूंकि इस बार 8 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व पड़ रहा है जिसके चलते 2 मार्च को दल से जुड़े शिवभक्तों का जत्था कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार रवाना होगा। अगले दिन यानी तीन मार्च को हरिद्वार से 251 लीटर गंगाजल से भरे कलश को रथ पर रखकर कांवड़ यात्रा प्रारंभ कर दी जाएगी। करीब 180 किमी की पैदल यात्रा पूरी करके शिवभक्त रथ को हाथों से खींचकर सात मार्च की सायं बाजपुर पहुंचेंगे।

अलका बैरागी खुदकुशी मामले में पति को 7 साल का कारावास

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: शक्तिफार्म क्षेत्र के अलका बैरागी आत्महत्या प्रकरण के दोषी पति को न्यायालय ने सात वर्ष का कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड देने की सजा सुनाए जाने पर पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि मामले में दोषी को न्यायालय ने सजा दिया साथ ही न्याय की जीत हुई।

गौरतलब है कि 14 फरवरी 2021 को भूड़िया कॉलोनी निवासी प्रशांत मंडल ने पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में कहा था कि वर्ष 2010 में उसकी बहन अलका बैरागी की शादी गोविंद नगर पड़ागांव निवासी अरुण बैरागी के साथ हुई थी। शादी के बाद जानकारी हुई कि अरुण नशे का आदी है और वह अपनी पत्नी पर गलत कार्य करने का दबाव बनाता है। इससे तंग आकर 14 फरवरी 2021 को उनकी बहन अलका बैरागी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा पति अरुण बैरागी एवं अन्य ससुरालयों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत होने के पश्चात मामला तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चला। जहां से मृतका के पति अरुण बैरागी को दोषी करार देते हुए 7 साल का कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड देने की सजा सुनाई गई।

मामले में बुधवार को पूर्व विधायक नारायण पाल ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि इस लंबी लड़ाई में वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहे। आखिर लंबी लड़ाई के बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिला।

श्रीनंगली निवासी भगवानजी का जन्मोत्सव मनाया

बाजपुर। केलाखेड़ा नगर क्षेत्र में संगत ने अपने आराध्य श्रीनंगली निवासी भगवानजी का जन्मोत्सव केक काटकर मिष्ठान वितरित करके मनाया। इस दौरान बसंत पंचमी का पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र रामनगर, गणेशपुर, लंकुरा, टांडा आजम, हरिपुरा, धीमरखेड़ा आदि में बसंत पंचमी का पर्व मनाते हुए विद्या एवं बुद्धि की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही अपने आराध्य गुरु महाराज श्री नंगली निवासी भगवान जी का जन्मोत्सव भी मनाया गया। संगत ने मंदिरों को गुब्बारे, झालरें आदि लगाकर विशेष रूप से सजाया और जन्मोत्सव मनाते हुए केक काटा तथा विष्ठान वितरित किया। यहां कांता यादव, रितु खुराना, ममता खुराना, सीडी खुराना, तुलाराम रहे।

सार-संक्षेप

किच्छा में उर्दू डिप्लोमा दिखाते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

कोर्स इन उर्दू लैंग्वेज के प्रतिभागियों को डिप्लोमा बांटे

किच्छा। नगर स्थित सेंट मैरी जूनियर हाईस्कूल में कोर्स इन उर्दू लैंग्वेज के प्रतिभागियों को डिप्लोमा वितरित किए गए। मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत कौमी काउंसिल बराए फरोगे उर्दू जबान का डिप्लोमा प्राप्त करने वाले 50 प्रतिभागियों को उधमसिंह नगर के खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह यादव ने डिप्लोमा सौंपते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार व विद्या पुष्प एकेडमी की प्रबंधिका आशा रानी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसी खंड शिक्षा अधिकारी किरण शर्मा व संचालन प्रधानाध्यापिका हुमा रहमान ने किया। केंद्र प्रभारी एम रहमान अंसारी ने बताया कि सेंट मैरी जूनियर हाई स्कूल में विगत 17 वर्षों से डिप्लोमा कोर्स इन उर्दू लैंग्वेज का कार्यक्रम संचालित है।

स्मरण | भाजपा जिला अध्यक्ष सुखीजा बोले- शहीद जवानों का बलिदान कभी नहीं भूलेगा देश

शहीद जवानों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 5 वर्ष पूर्व आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए जवानों को विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा नेता ने कहा कि देश शहीद हुए जवानों का बलिदान कभी नहीं भूलेगा।

बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के दर्जनों लोग कंबोज धर्मशाला पहुंचे जहां उन्होंने 5 वर्ष पूर्व आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों पर बम ब्लास्ट कर दिया था जिससे 40 जवान शहीद हो गए थे शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर कैंडल मार्च निकाला भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि देश शहीद जवानों का बलिदान कभी नहीं भूलेगा। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा अनिल जेटली परमजीत पम्मा ज्योती चुग, पंकज सेतिया, पूनम ग्रोवर, कंचन सिंह, पागती शर्मा, सतीश छाबड़ा, निर्मल नारंग, सुभाष गुंबर, निपुण गजनेजा, अमित सेतिया, हरीश रहेलन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

कंबोज धर्मशाला में पुलवामा के शहीद जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते भाजपा एवं योगी सेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सड़क का शिलान्यास करते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा। ● अमृत विचार

विधायक ने चार सड़कों का किया शिलान्यास

काशीपुर। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने ग्रामीण क्षेत्र की 4 सड़कों का शिलान्यास किया। इन निर्माण कार्यों में 60 लाख रुपये की लागत आऐगी।विधायक चीमा ने बताया कि ग्राम भगवन्तपुर में पुलिया से महिपाल सिंह पटवाल के मकान तक एवं जसोद सिंह से वीरेन्द्र सिंह भण्डारी के मकान तक 260 मी. खड़ंजा, ग्राम लक्ष्मीपुर लच्छी में रामनगर रोड से मुकेश एवं लीला के घरों तक 150 मी. एवं पंचायत घर से राजकुमार के मकान तक 100 मी. टायल मार्ग। ग्राम गढ़ी इंद्रजीत में डीपीएस स्कूल के पास डामर रोड से जीत राम आदि की आबादी की तरफ पूर्व में बने खड़ंजे तक 100 मी. खड़ंजा तथा ग्राम चांदपुर में नरूला फैक्ट्री से मंदिर तक 510 मी. खड़ंजा निर्माण आदि कार्यों का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी मार्गों का निर्माण गुणवत्तापूर्वक किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, खिलेन्द्र चौधरी, आशीष गुप्ता, गुरबख्श सिंह बग्गा, ग्राम प्रधान भगवन्तपुर बीनू, ग्राम प्रधान लक्ष्मीपुर लच्छी अमनीत कौर एवं ग्राम प्रधान चांदपुर बबीता आदि मौजूद रहे।

एक नजर

एक महीने में उखड़ने लगा सड़क का डामर

अल्मोड़ा : चौखुटिया विकास खंड के खीड़ा-तड़ागताल मोटर मार्ग में किया गया डामरीकरण एक माह में ही उखड़ने लगा है। जिससे स्थानीय लोगों आक्रोश व्याप्त है । स्थानीय लोगों ने जल्द बेहतर गुणवत्ता का डामर करने के साथ ही इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। गेवाड़ विकास समिति के दान सिंह ने बताया कि इस मार्ग के अधिकांश स्थानों पर कंक्रीट एक माह में ही उखड़ गया है। उन्होंने बताया कि गोदी चौराहे पर बिखरे कंक्रीट के चलते कई दोपहिया वाहन सवार दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो चुके हैं। जबकि इस मोटर मार्ग में यातायात का भारी दबाव है। इस मार्ग से खीड़ा, तडागताल के अलावा गढ़वाल के माईथान, चौखुटिया व देहरादून को जाने वाली परिवहन निगम की बसें व निजी वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। ऐसे में मोटर मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे जानलेवा बने हैं और हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने मार्ग पर डामरीकरण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए मामले में जांच कर सुधार करने की मांग की है।

उपनल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कहा- सरकार उन्हें हटाने की कर रही है साजिश, कार्रवाई न होने पर आंदोलन का ऐलान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर चल रहे उपनल कर्मचारियों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। उपनल कर्मचारी बुधवार को भी पूरी तरह कार्य बहिष्कार पर रहे। उपनल कर्मियों ने कहा है कि वह अपनी उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनकी मांगों पर शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

जिले के उपनल कर्मचारी पिछले कई दिनों से अपनी मांगों पर कार्रवाई ना होने से नाराज हैं और कार्य बहिष्कार पर चल रहे हैं। उपनल कर्मचारियों का कहना है कि वह दशकों से मामूली मानदेय पर विभिन्न सरकारी विभागों में पूरी ईमानदारी से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन सरकार ने आज तक उनका नियमितीकरण नहीं किया। सालों की सेवा के बाद अब सरकार उन्हें हटाने की साजिश कर रही है।

अल्मोड़ा में कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन करते उपनल कर्मचारी। ● अमृत विचार

जिस कारण अब उनके सामने रोजगार और पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन की चिंता पैदा हो गई है और वह लगातार अवसाद की ओर जा रहे हैं। उपनल कर्मचारियों ने कहा है कि वह समय समय पर विभिन्न माध्यमों से अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने की कोशिश करते आए हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कार्रवाई करना तो दूर गौर करना तक मुनासिब नहीं समझ रही है।

उपनल कर्मचारियों ने कहा है कि अभी वह कार्य बहिष्कार कर सरकार से न्याय की मांग कर रहे हैं। लेकिन अगर उनकी इसी तरह उपेक्षा होती रही तो वह उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। बुधवार को कार्य बहिष्कार के दौरान मनीष वर्मा, राजेश साह, हितेश वर्मा, मुन्नी भाकुनी, विक्की मेहरा, निशांत गोस्वामी, राजेंद्र सिंह, सोनाली परिहार आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस और उपपा का भी मिला समर्थन

अल्मोड़ा, अमृत विचार : विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर गए उपनल कर्मियों को कांग्रेस और उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी का समर्थन मिला है। दोनों राजनैतिक दलों ने उपनल कर्मियों की मांगों को जायज बताया है। दोनों राजनीतिक संगठनों का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे उपनल कर्मियों की सरकार अनदेखी कर रही है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी और उपपा केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि एक तरफ सरकार समानता की बात करती है, वहीं उपनल कर्मियों के साथ दोहरा रवैया अपना रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

अल्मोड़ा, अमृत विचार : एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर अल्मोड़ा की यातायात पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गा। सीओ सिटी विमल प्रसाद ने बताया कि 34 वें सड़क सुरक्षा माह के मसापन पर इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में जनमानस को होने वाली रक्तहानि में रक्त की आवश्यकता होने पर घायलों को ससमय रक्त उपलब्ध हो सके।

इस उद्देश्य से इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यातायात पुलिस कर्मियों व अनेक स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग कर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा की चिकित्सकीय टीम व प्रभारी यातायात निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत व अल्मोड़ा ट्रैफिक पुलिस के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

शारदा में खनन शुरू न होने से कारोबारियों में आक्रोश

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: पिछले चार दिनों से टनकपुर के शारदा नदी के डाउनस्ट्रीम से खनन कार्य शुरू ना होने से इससे जुड़े खनन कारोबारियो और श्रमिकों में भारी आक्रोश पनप रहा है। इस मसले को लेकर मां शारदा शक्तिमान यूनियन द्वारा एक आपातकाल बैठक बुलाई गई लेकिन उसमें कोई निर्णय नहीं निकल पाया। निर्णय लिया गया कि सोमवार को इस मसले को लेकर बैठक कर नई रणनीति तैयार की जाएगी। बताया जाता है कि टनकपुर के लगभग दोनों स्टोन क्रेशर में खनन सामग्री डंप हो जाने के कारण दोनों क्रेशर स्वामियों द्वारा साफ तौर पर खनन सामग्री लेने से मना कर दिया गया है जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

इधर बुधवार को इस मसले को लेकर यूनियन के अध्यक्ष अमन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई जिसमें कहा गया कि दोनों स्टोन क्रेशर में खनन सामग्री डंप होने के कारण अब शारदा नदी से आने वाले खनन सामग्री को लेने में उनके समक्ष दिक्कत आ रही है। बैठक में कहा गया कि इसके कारण इस कारोबार से जुड़े लोगों और श्रमिकों को दिक्कतें आ रही है। निर्णय लिया गया कि इस मसले को लेकर आने वाले सोमवार को बैठक ली जाएगी जिसमें ठोस निर्णय लिया जाएगा। बैठक में दीपक जोशी, जगदीश, अशोक मुरारी, नवीन जोशी, राजू रजवार, गजेंद्र पाल, संजू पाल, चंदन सिंह, जगदीश चन्द्र आदि खनन कारोबारी मौजूद रहे।

रोष

- खनन कारोबारियों ने बैठक कर नई रणनीति की तय
- कहा, कारोबार से जुड़े लोगों व श्रमिकों को हो रही है दिक्कतें

बसंत पंचमी पर्व पर सुंदरकांड का आयोजन

संवाददाता,चम्पावत

अमृत विचार : बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर मादली में सुंदर कांड का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यारंभ संस्कार के तहत15 नए पाल्यों का भी प्रवेश हुआ।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवीलाल वर्मा, विद्यालय के पूर्व छात्र व भाजयुमो जिलाध्यक्ष एडवोकेट गौरव पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वंदना सत्र में प्रतिभाग करने के बाद दोनों अतिथियों ने शिशु मंदिर को संस्कार केन्द्र बताया। कहा कि शिशु भारती के विद्यालय से पाल्य संस्कार, अनुशासन और ईमानदारी की सीख मिलती है। इस दौरान सुंदर कांड का आयोजन भी किया गया। इस मौक़े पर विद्यारंभ संस्कार के तहत बच्चों का लिखित पुस्तिका देकर स्वागत किया। इसके बाद सुंदर कांड के पाठ का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हीरा बल्लभ उप्रेती, आचार्य नवीन पांडेय, मीना तड़ागी, शंकर भट्ट व, दीपा गहतोड़ी, सीमा बोहरा, दीक्षा चौधरी, हेमा कापड़ी, विमला पंत, रेखा माहरा आदि रहे।

चम्पावत में बसंत पंचमी पर्व पर सज धज कर आए नन्हे मुन्ने बच्चे। ● अमृत विचार

सदस्यता रसीद न होने पर एक नामांकन रद

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल की होने वाले चुनावों के लिए बुधवार को छह पदों के लिए सत्रह प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान सदस्यता रसीद ना होने से एक प्रत्याशी का नामांकन रद किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्रिलोचन जोशी ने बताया कि प्रत्याशियों के नामांकनों का विधिवत परीक्षण करने के बाद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दीपेश चंद्र जोशी की सदस्यता रसीद नहीं होने के कारण उनका नामांकन रद्द कर दिया गया है। जांच में अध्यक्ष पद पर अनिल गुरुरानी, संजय साह, मो. नौसाद और हिमांशु कांडपाल का नामांकन पत्र सही पाया गया। जबकि उपाध्यक्ष, महासचिव, महिला उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष के पद पर भी सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। जांच कमेटी में सदस्यता प्रभारी राजेंद्र तिवारी, सह पर्यवेक्षक मनोज सनवाल, सह चुनाव निर्वाचन अधिकारी विनीत बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, दीप लाल साह, अनूप, दिनेश जोशी, अर्जुन बिष्ट, मनोज आदि मौजूद रहे।

मृतक आश्रितों को शीघ्र नौकरी दी जाए

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : रोडवेज विभाग में नियुक्ति से वंचित रह गए मृतक आश्रितों का अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति किए जाने की मांग को लेकर रोडवेज मृतक आश्रित संगठन का शिष्ट मंडल टनकपुर तहसील पहुंचा। जहां उन्होंने तहसीलदार जगदीश गिरी को ज्ञापन सोप उन्हें अनुकंपा के आधार पर शीघ्र नियुक्ति दिए जाने की मांग उठाई गई।

रोडवेज मृतक आश्रित संगठन उत्तराखंड के अध्यक्ष गंगा गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में रोडवेज के मृतक आश्रितों ने टनकपुर तहसील पहुंचकर तहसीलदार जगदीश गिरी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले दिनों शासन द्वारा रोडवेज के मृतक आश्रितों को नियुक्त पत्र दे दिए गए हैं लेकिन अभी भी कई लोग इस सेवा से वंचित रह गए हैं। उन्होंने शासन से नियुक्ति से वंचित रहे रोडवेज के मृतक आश्रितों को शीघ्र नियुक्ति पत्र देने की मांग उठाई है। इस अवसर पर कुलदीप कुमार, सोनी सिंह,शान्ति देवी, शिबू, देवकी देवी,मोहित गुप्ता, विनोद कुमार, पार्वती देवी आदि मौजूद रहे।

टनकपुर में तहसीलदार को ज्ञापन देते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

फायर के जवानों को आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: पिछले चार दिनों से टनकपुर के शारदा नदी के डाउनस्ट्रीम से खनन कार्य शुरू ना होने से इससे जुड़े खनन कारोबारियो और श्रमिकों में भारी आक्रोश पनप रहा है। इस मसले को लेकर मां शारदा शक्तिमान यूनियन द्वारा एक आपातकाल बैठक बुलाई गई लेकिन उसमें कोई निर्णय नहीं निकल पाया। निर्णय लिया गया कि सोमवार को इस मसले को लेकर बैठक कर नई रणनीति तैयार की जाएगी। बताया जाता है कि टनकपुर के लगभग दोनों स्टोन क्रेशर में खनन सामग्री डंप हो जाने के कारण दोनों क्रेशर स्वामियों द्वारा साफ तौर पर खनन सामग्री लेने से मना कर दिया गया है जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

इधर बुधवार को इस मसले को लेकर यूनियन के अध्यक्ष अमन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई जिसमें कहा गया कि दोनों स्टोन क्रेशर में खनन सामग्री डंप होने के कारण अब शारदा नदी से आने वाले खनन सामग्री को लेने में उनके समक्ष दिक्कत आ रही है। बैठक में कहा गया कि इसके कारण इस कारोबार से जुड़े लोगों और श्रमिकों को दिक्कतें आ रही है। निर्णय लिया गया कि इस मसले को लेकर आने वाले सोमवार को बैठक ली जाएगी जिसमें ठोस निर्णय लिया जाएगा। बैठक में दीपक जोशी, जगदीश, अशोक मुरारी, नवीन जोशी, राजू रजवार, गजेंद्र पाल, संजू पाल, चंदन सिंह, जगदीश चन्द्र आदि खनन कारोबारी मौजूद रहे।

एसडीआरएफ केंद्र में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्राप्त करते रिक्रूट जवान।

हेरिटेज टूरिज्म गाइड प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जागेश्वर क्षेत्र में पर्यटन और हेरिटेज को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड के पर्यटन विभाग और टूरिज्म एवं हॉस्पिटेलिटी स्किल काउंसिल द्वारा बुधवार को दस दिवसीय हेरिटेज टूरिज्म गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम गरूड़ाबांज महाविद्यालय में आरंभ किया गया। यह कार्यक्रम अपर निदेशक पूनम चंद्र के दिशा निर्देश में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जागेश्वर के विधायक मोहन सिंह मेहरा ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जहां भावी गाइडों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षित किया जा सकेगा। वहीं यह प्रशिक्षण स्थानीय समुदाय के उत्थान में भी साबित होगा। उन्होंने पर्यटन विभाग की इस पहल की सराहना भी की। अपर निदेशक पूनम चंद ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण वेप टैक्नोलॉजी संस्था के माध्यम से संचालित कराया जा रहा है। जिसमें भावी गाइडों को विभिन्न स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधी महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। ताकि वह भविष्य में पर्यटकों को बेहतर तरीके से गाइड कर सकें। कार्यक्रम के पहले दिन गाइडों को जागेश्वर धाम, वृद्ध जागेश्वर, लखुउडियार, डंडेश्वर झांकर सैम आदि प्रमुख स्थलों का विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्रशिक्षक नरेश रावत, संयोजक विजय तिवारी, भगवान भट्ट, हरीश भट्ट, केवल भट्ट, हिमांशु भट्ट, नाथू भट्ट ,धीरज बिष्ट, गौरव नैनवाल आदि मौजूद रहे।

हेरिटेज टूरिज्म गाइड प्रशिक्षण में भाग लेने वाले नेचर गाइड। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा के वैभव जोशी ने लोअर पीसीएस में किया टॉप

अल्मोड़ा, अमृत विचार : नगर के विवेकानंद इंटर कालेज रानीधारा के पूर्व छात्र वैभव जोशी ने उतराखंड लोक सेवा आयोग की अपर अधीनस्थ सेवा परीक्षा पास कर ली है। वैभव ने 450 में से 280 अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में पहली रैंक प्राप्त की है। मूल रूप से चीनाखान व हाल निवासी कठघरिया हल्द्वानी वैभव जोशी ने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता पाई। वैभव ने 2005 में विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा से 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। वर्ष 2014-15 से वह यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। वर्ष 2021 में परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी हुआ और अगस्त 2022 में मुख्य परीक्षा हुई थी। जनवरी में हुए साक्षात्कार के बाद वैभव ने 450 में से 280 अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में पहली रैंक प्राप्त की है। वैभव जोशी की इस उपलब्धि पर विवेकानंद इंटर कालेज रानीधारा के प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावल ने खुशी जताई है। प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावल ने बताया कि वैभव बचपन से ही मेधावी रहे। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

वर्ग पहेली-343

बाएं से दाएं

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।
5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।
6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।
7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

ऊपर से नीचे

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना, थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना, जैसे- गर्भ ठहरना।
2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।
3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।
5. 1. आघात लगना



वर्ग पहेली - 342 का हल

	1 शु		2 झ	3 स
4 मे	जा		न	ना
	5 अ	भि	क	थि	त
	त		म		न
		6 मा	न	स	
	7 जी	र	क		
		ना			

सुडोकू-60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			6			5		
3	8				2		7	
			4		7			1
8				5		1		
1								9
		2		7				6
6			3		9			
	1		2				3	8
		4			8			

सुडोकू - 59 का हल

5	3	1	2	8	4	9	7	6
8	9	4	6	3	7	2	1	5
2	6	7	5	1	9	8	3	4
6	5	2	9	7	3	4	8	1
4	7	9	1	2	8	6	5	3
3	1	8	4	6	5	7	9	2
1	4	3	7	9	6	5	2	8
9	2	5	8	4	1	3	6	7
7	8	6	3	5	2	1	4	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 10 .12 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 09 .26 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज व्यापारिक घाटे में तेजी से कमी आएगी। कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। किसी सार्वजनिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की खरीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है।

मिथुन — आज सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे। फाइनेंस और कमीशन वाले कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

कर्क — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा।

सिंह — आज वह कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

कन्या — आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें।

तुला — आज घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है। आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है।

वृश्चिक — आज कुछ परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी एवं भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

धनु — आज धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रणय जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

मकर — आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर समन्वय की कमी के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शांति पूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

कुंभ — आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

मीन — आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- वन टू थ्री — सुबह : 09 .31
- भैयाजी सुपरहिट — रात : 07 .17

SONY MAX
- इशकजादे — सुबह : 11 .04
- चक दे इंडिया — रात : 07 .02

SONY PIX
- मॉर्टल कॉम्बैट — सुबह : 10 .17
- वेनम — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- ईना मीना डीका — सुबह : 10 .30
- नमस्ते इंग्लैंड — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- राम और श्याम — दोपहर : 12 .03
- कल हो न हो — शाम : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

छोरा- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरा- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी-नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरा- अरे! वाट्सऐप चलाती है क्या?
छोरी-नहीं पगले मेरे पास साईकिल है वहीं चलाती हूं।
छोरा- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पूछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी -मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति-एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

फिर किसान आंदोलन

चुनावों से पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन करना कोई नई बात नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह तरीका संविधान सम्मत नहीं है। बीते दो दिनों से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की बराबर कोशिश कर रहें हैं। धारा-144 लगाकर शंभू बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती और पुख्ता इंतजाम करके किसानों को रोकने की कोशिश जारी है। इस दौरान किसानों की पुलिस से कई बड़ी झड़पें भी हो चुकी हैं। सही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, लेकिन किसानों को भी यह सोचना है कि बिना किसी उपद्रव के संवैधानिक तरीके से अपनी बात को मजबूती के साथ रखें। यहां इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व भी अपनी जमीन तलाश रहें हैं जिनका मंसूबा हमेशा से देश को अस्थिर करने का रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2021 में कृषि कानून के विरोध में आंदोलन चल रहा था, तब 26 जनवरी को दिल्ली के कई इलाकों खासकर लालकिला पर खूनी हिंसा का खेल खेला गया था जिसमें पुलिस अधिकरियों समेत कई जवान हिंसा का शिकार हुए थे।

आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को कृषि मंत्री अनुराग ठाकुर की किसानों से वार्ता हुई, लेकिन वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यहां एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सहमत हुआ जा सकता है, लेकिन कृषि ऋण माफी और पेंशन की मांग से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। क्योंकि पूर्व में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें कृषि ऋण माफी की आड़ में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि कार्यों के नाम पर कर्ज लिया गया, लेकिन उसका उपयोग कृषि कार्यों में न करके व्यक्ति कार्यों में किया जाने लगा। इस तरह कृषि ऋण को उपभोग की वस्तु बना लिया गया है। इसी प्रकार पेंशन संबंधी मांग से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि खेती एक व्यावसायिक कार्य है, जो निरंतर चलता है। साथ ही एक बात और गौरतलब है कि किसानों की आय पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं है। वर्तमान में हो रहे किसान आंदोलन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या शुरू हो चुकी है जिससे जनजीवन तो प्रभावित हो रहा है, साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनरत किसानों को समझना होगा कि वे अपना प्रदर्शन बेशक जारी रखें, लेकिन देश की संपत्ति और जनमानस को प्रभावित किए बिना प्रदर्शन करें।

संस्मरणात्मक विरासत बनाती पुस्तक मेलों की संस्कृति



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है।

दिल्ली और अपने घर के आसपास के संस्थानों में लगने वाले पुस्तक मेलों में पचासों बार गया हूं। मेरा मकसद साहित्यिक विमर्श और वैचारिक आदान-प्रदान नहीं होता। इसके लिए पुस्तक मेला बिल्कुल अनुपयुक्त स्थल है। बेचने के लिए ही पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। प्रकाशकों से पहचान हो जाना और पुस्तक लेखन की योजना पर आंशिक चर्चा होना भी संयोग समझिए। पुस्तक मेले में मंथर गति से चलते हुए,सुबह से शाम तक पुस्तकें छांटना और अपनी पसंद की क्वालिटी पब्लिकेशंस खरीदना बहुत समय साध्य है। हर एक मनुष्य अपनी फाइनेंसियल और बौद्धिक क्षमता के अनुसार यहां आकर पुस्तकें खरीद सकता है।

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है। वह समय सन् 1970 बीतते गया जब हिंदी भाषा के प्रकाशन ओरिजिनल हुआ करते अध्येता परिश्रम से इनमें ऐतिहासिकता,क्रिटिकैलिटी,विमर्श और इंटरप्रिटेशन की टाइपोलॉजी को उच्च स्तर पर रखा करते जैसे कि आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल के निर्देशन में अम्बा प्रसाद 'सुमन' जी की बृज क्षेत्र की कृषि शब्दावली। किताब तब खरीदी जाती है जब इसे लेने के लिए रुपया और रुचि दोनों मौजूद हैं। पढ़ने की ललक है और घर में रखने के लिए पर्याप्त स्पेस है। मंथर गति से चलने पर भी पुस्तक मेले में अवलोकन करते हुए थकान हो जाती है। करीब सात-आठ बार मेले में आने से तृप्ति होती थी। इस प्रक्रिया के चलते कुछेक बेहतरीन पुस्तकों और जर्नल्स का अच्छा कलेक्शन किया जा सकता है। मेरे निजी पुस्तकालय में पुस्तकों और जर्नल्स को देख-देख कर मुझे आनंद का अहसास होता रहता है। जीने की अनेक कलाओं में यह भी है। पुस्तकों को देखने मात्र से मिलने वाले आनंद के सहारे जिंदगी मजे से चल रही है। जब कुछ लिखता हूं तो इन्हें संदर्भ के लिए देख कर तसल्ली भी कर लेता हूं कि जो लिखा है वह त्रुटिपूर्ण तो नहीं है। हिंदी मीडिया के लिए लिखते समय संदर्भ का हवाला लेख की बॉडी में ही देना होता है और ऐसा

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है।

करने से लगता है कि यह मात्र विचार संप्रेषण नहीं है,बल्कि सबूत और संदर्भ के कारण इसे शोधपूर्ण भी बनाया गया है। लेखन चाहे पोलिटिको-सोशल हो या सोशियो-इकॉनोमिक, साइंटिफिक हो या सोशियो-साइंटिफिक या खेल से सम्बंधित,यह हर हाल में ऑथेंटिक होना चाहिए और चेंज एवं ट्रेंड्स को दिखाने वाला। लेखन को गहन, संयमित और संतुलित बनाकर इसे मानव ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसा आभास हमें पुस्तकों के अध्ययन से खासतौर से आत्मकथाएं पढ़ कर हासिल होता है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है। लाहौर के एक बड़े प्रकाशक 'फिरोज पब्लिशर्स' से मैंने एक बार बीसियों टाइटल्स खरीदे। वे मुझे आधे दाम में पड़े। ये सभी किताबें पाकिस्तान की ज्योग्राफिकल, आर्किटेक्चरल, आर्टिस्टिक, इंडस्ट्रियल क्राफ्ट्स और कल्चरल हिस्ट्री से संबंधित हैं और अब लगभग अप्राप्य हैं। पाकिस्तान के भिन्न ज्योग्राफिकल रीजन्स की कॉस्ट्यूम और फलों पर भी किताबों के टाइटल्स फिरोज पब्लिशर्स के कैटेलॉग में दर्ज थे,लेकिन किताब उपलब्ध नहीं थी। कहा कि अगले पुस्तक मेले में ले आएंगे। फिर वे कभी नहीं आए। जनाब शुएब राजा जो कि फिलवक्त डेरा गाजीखान में स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के मार्फत मुझे मालूम हुआ कि इन बुजुर्ग का काफी साल पहले इंतकाल हो चुका है। पुस्तक मेलों पर बहुत लेख मैंने पढ़े हैं,लेकिन एकाध लेखक ही ऐसा रहा होगा जो व्यक्तिगत शैली में जज्बाती होकर खुद के अनुभव लेख के जरिए साझा करता है। पुस्तकों को कभी एक उड़ती सी नजर से नहीं देखना चाहिए। मैं इसे ज्ञान की अवमानना मानता हूं। पुस्तकों में बंद ज्ञान को आत्मसात करने से आनंद चौगुना हो जाता है। मुझे तो जब कोई भी रेयर बुक अफोर्डेबल लगती है तो मुझे इस कीमती चीज का मालिक बन जाने से कौतुक और गर्व महसूस होता था। कुछ लाजवाब टाइटल्स केवल एक बार ही छपते हैं। इनका फुल-टेक्स्ट, पीडीएफ संस्करण भी सुलभ नहीं है। आप सजग नहीं और यह आपकी रुचि के बेहद करीब है तो समझिये कि एक खजाना हाथ से निकल गया। उदाहरण के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी ने 'इंडियन लिट्रेचर' जर्नल का जनवरी-फरवरी 2024 का ताजा अंक भारतीय विज्ञान कथा साहित्य को समर्पित किया है। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरु विश्व विद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर जी.जे.वी. प्रसाद ने चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कुछ दिन पहले साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित इस जर्नल के अंक में भारतीयों द्वारा लिखे गए विज्ञान कथा साहित्यिक सामग्री के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणी प्रकाशित की है। इस संग्रह में जौनपुर के डॉ.अरविंद मिश्र की भी एक कहानी है। पढ़कर मैं उत्सुक हुआ और 10 फरवरी को मेरा बेटा जब पुस्तक मेले में गया तो इसकी एक प्रति वह ले आया इसमें दी गई कुछ कथाएं मैंने पढ़ ली हैं। सन् 1980 से ही विज्ञान कथा साहित्य मैं पढ़ता रहा हूं। जाहिर है उस समय भारत में विज्ञान कथा लेखन बहुत नहीं होता था,लेकिन दसेक साल से इसमें बढ़ोतरी हुई। इसे महिला और पुरुष दोनों लिख रहे हैं और ये सब पश्चिम के विज्ञान कथा लेखन से कुछ मायने में इसलिए भिन्न हैं कि इसमें पात्र, घटनाएं और विषय वस्तु लीक से हटकर है। शैली भी भिन्न है और कुछ तो आत्म कथात्मक है।

इससे पहले मैंने अमेरिकन पल्प साइंस फिक्शन, ब्रिटिश, पोलिश, रशियन और फ्रेंच (दोनों भाषाओं से अंग्रेजी जुबान में अनूदित) विज्ञान कथाएं और उपन्यासों के अलावा विज्ञान कथा साहित्य की थ्योरी और लिट्रेरी क्रिटिसिज्म को खूब पढ़ा है। जाहिर है विज्ञान कथा साहित्य को अब एक लिट्रेरी विधा मानकर भारतीय लेखक इस पर ध्यान दे रहे हैं। इसके पाठक भी हैं। कुछ महीना पहले हिंदी की पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने विज्ञान कथाओं को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया था। पुस्तक मेले में लोकरुचि शैली में वैज्ञानिक विषयों के बारे में सौ से अधिक टाइटल्स तो नेशनल बुक ट्रस्ट ने ही अब तक प्रकाशित किए हैं। विज्ञान कथा साहित्य प्रकाशित करने के बारे में भारतीय प्रकाशकों की रुचि अब बढ़ रही है। परंपरागत साहित्य में लोगों की रुचि घट रही है। इसलिए डाइवर्सिटी के बतौर विज्ञान कथा साहित्य का प्रकाशन एक सुखद बात है। हिंदी भाषा में आजकल बहुत ही शानदार और प्रभावपूर्ण टाइटल्स, साहस यात्रा, एंथ्रोपोलॉजी, एथ्नोग्राफी, पॉपुलर साइंस, एजुकेशन, संस्मरण, जीवनी, ज्योग्राफी, ट्रेवल, भाषा और मनुष्य समाज की सोशियोलॉजी के बारे में आ रहे हैं। इन्हें पढ़कर हमारी समझ में जो इजाफा होता है,वही हमारी संस्मरणात्मक विरासत है। पारंपरिक ट्रेवल राइटिंग हिंदी में अब घुमक्कड़ी साहित्य हो गया है,परंतु जो मॉडर्न है वह राहुल संकृत्यायन जैसे यायावरों की लेखन शैली और कथ्य से अभी कुछ दूर है,लेकिन इससे भी पहले ब्रिटिश राज के समय में लिखा गए सर्वे, मिलिट्री, व्यापारिक और एथनोग्राफिक प्रकृति के यात्रावृत्तों की लेखन शैली का और उसी समय के कुछ भारतीय यायावरों के संस्मरण संबंधी पुस्तकें डिटेल्स में गजब की थीं। ऐसी पुरानी पुस्तकों के नवीन संस्करण पुस्तक मेलों में नहीं लाए जाते जबकि कॉपीराइट समाप्त होने से इनका पुनर्प्रकाशन मूल भाषा के अलावा हिंदी में अनूदित रूप में संभव है। इनमें बृहत्तर भारत की वह जानकारी है जो अब दुर्लभ है। रुचि अनुसार हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं,लेकिन कहना चाहूंगा कि प्रांतीय सरकारों के वित्तीय अनुदान से चलने वाली ग्रंथ अकादमियों द्वारा सन् 1950 और 1960 आदि दशक तक प्रकाशित की गई पुस्तकों के अलावा सन् 1965 से लेकर 1990 तक प्रांतों की साहित्य अकादमियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी अपने देश और लोगों से संबद्ध शानदार पठनीय सामग्री नियमित रूप से मामूली कीमत पर सुलभ कराती रहीं। बिहार राज्य की ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित 40-50 वर्ष पहले छापी गई। अनेक पुस्तकों की गुणवत्ता श्रेष्ठ थी जिनमें से मैंने दो-चार खरीदी थीं। असल में जैसी पुस्तकें मेरे जैसे व्यक्ति खरीदने और पढ़ने की उत्सुकता बनाए रखते हैं,उसकी वजह शायद ज्ञान के मूल स्रोत और इनके संदर्भों की जानकारी लेकर खुद को सक्षम बनाने की प्रवृत्ति ही अधिक है।

प्रसंगवश

महत्वपूर्ण है प्रेम में त्याग

कल वैलेंटाइन डे था। हर तरफ बड़ा शोर था,खासकर महानगरों में। यह एक प्रेम दिवस है,ऐसा माना जाता है। जीवन में प्रेम की आस सब को है। इस दिवस के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। कहानियों से अधिक महत्वपूर्ण है व्यक्ति का प्रेम के प्रति लगाव और उसके लिए अवसर की तलाश एवं प्रेम के लिए किया गया त्याग।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी ज़िद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी जिद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

शायद अहम -अहंकार-स्वार्थ, प्रेम-प्राप्ति के रास्ते के सबसे बड़े बाधक हैं। हम स्वकेंद्रित हो रहे हैं और समाज सापेक्षता एक बड़े वर्ग के जीवन से लुप्त हो रही। क्या एक स्व-केंद्रित व्यक्ति एक सच्चा प्रेम कर सकता है या पा सकता है? हैपी वैलेंटाइन डे के मैसेज एक प्रेम की आस से किया गया संदेश है। यह मात्र प्रेमी-प्रेमिका या पति-पत्नी के बीच के संबंधों से उपजा दिवस नहीं है।

इसके वृहद आयाम है। भारतीय इतिहास प्रेम-आख्यानों से भरा हुआ है-प्रेम परिवार के प्रति, पारिवारिक मान्यताओं के प्रति। प्रेम में त्याग महत्वपूर्ण है,यह संदेश प्रेम का सबसे आवश्यक अवयव है।

लिव इन अब कोई खेल नहीं

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष प्रावधान एवं रस्मों तथा रिश्तों पर वैधानिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए। विधेयक के दायरे में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी रहा और यह मुद्दा है- सहमति संबंधों अथवा लिव इन रिलेशनशिप का।

वैसे तो भारतीय समाज में लिव इन की परंपरा एक नए नवेले मेहमान की तरह है,क्योंकि हमारी पुरानी संस्कृति व परंपराओं में कहीं भी लिव इन का जिक्र नहीं मिलता है। किंतु बहुत से रिवाज ऐसे हैं जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता से या तो मजबूरन ग्रहण किया है अथवा सदियों की दासता के परिणामस्वरूप हमारी परंपराएं एवं प्रथाएं भी पश्चिमी रंग में रंग गई हैं। इन्हीं आधुनिक परंपराओं में से एक है लिव इन रिलेशनशिप अथवा सहमति संबंध। बिना किसी वैवाहिक रस्म के और बिना किसी प्रतिबद्धता के किसी पुरुष एवं महिला का एक साथ रहने लगना आखिर किस हद तक उचित है। हालांकि बदलते वक्त के साथ सही और गलत के पैमाने भी पूर्णतया बदल गए हैं। हकीकत यह है कि लिव इन संबंध आज के समय में आधुनिकता के स्तर को स्पर्श करने का प्रतीक माना जाता है,लेकिन इस प्रथा के चहुं ओर किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा मौजूद नहीं था। कई मामले तो ऐसे सामने आए हैं जिनमें लिव इन में रहने वाले प्रेमी युगल के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी और आखिरकार वे संबंध बालू की किसी भीत की तरह साबित हुए। स्वाभाविक सी बात है कि जिस संबंध में किसी तरह की कोई सीमाएं या नियंत्रण रेखा न हों,वह निश्चित रूप से अस्थिर ही सिद्ध होगा। यह बात तो समझ से पूर्णतया परे है कि सहमति संबंध का अर्थ सिर्फ यही है कि पुरुष व स्त्री स्वेच्छा एवं सहमति के आधार पर जब तक चाहें साथ रहें और जब चाहे अलग हो जाएं। लिव इन के साथ यौन संबंध न हों, ऐसा तो नितांत असंभव है,बल्कि सत्य कहा जाए तो लिव इन संबंधों का केंद्र बिंदु ही शारीरिक संबंध है। क्या ऐसा संभव है कि लिव इन में साथ रहने पर तो सहमति हो किंतु शारीरिक संबंधों पर नहीं। ऐसा हो जाए तो लिव इन का अस्तित्व क्षण भर में खत्म हो जाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में कानून दंड देगा। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लिव इन में रहने के लिए पुरुष व स्त्री दोनों का वयस्क होना अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के उपरांत मिलने वाली रसीद के आधार पर ही युगल किसी घर अथवा हॉस्टल को किराए पर ले सकेगा। पंजीकरण न करने की दशा में तीन माह का कारावास अथवा दस हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। पंजीकरण में गलत सूचना देने पर भी छह माह के कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। निस्संदेह लिव इन संबंधों पर लगने वाले ये प्रतिबंध संबंधों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण कराने वाले युगल की पूरी सूचना उसके माता-पिता को दी जाएगी। परिजनों को इस विषय में पूरी सूचना व जानकारी होना भी चाहिए ताकि वे निश्चिंत होकर रह सकें। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि लिव इन संबंधों के दौरान पुरुष के द्वारा महिला को छोड़ दिया जाता है तो महिला भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव इन संबंधों से पैदा हुआ बच्चा पैतृक संपत्ति का अधिकारी होगा। इस प्रावधान से लिव इन से पैदा होने वाले बच्चों को भी एक सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाएगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि लिव इन संबंधों को एक सुरक्षा आवरण देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। लिव इन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वाले यह तर्क देते हैं कि इन संबंधों के माध्यम से पुरुष व महिला को एक दूसरे को समझने एवं परखने का अवसर मिलता है, लेकिन अनेक ऐसे मामले हैं जिनमें किसी पुरुष अथवा महिला को कुछ भी जानने एवं समझने का अवसर ही नहीं मिला और उनकी जिंदगी लिव इन की भेंट चढ़ गई। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिव इन संबंधों को सख्त प्रतिबंधों एवं कानून के दायरे में लाना नितांत आवश्यक है। पंजीकरण अनिवार्य हो जाने से यह समस्या हल हो जाएगी। लिव इन संबंधों का उद्देश्य स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता प्राप्त करना है,किंतु यह भी निश्चित है कि स्वच्छंदता पर अगर बंदिशें न लगाई गईं तो वही स्वच्छंदता घातक भी सिद्ध हो सकती है।

सोशल फोरम

कौन हैं देवी सरस्वती

हिंदू धर्म की तीन पौराणिक महानायिकाओं लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती में विद्या और कला की देवी सरस्वती वस्तुतः प्राचीन भारत की सबसे पवित्र नदी सरस्वती का मानवीकरण है। वैदिक भारत में उसके तट पर हुई विद्या, बुद्धि, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक। प्राचीन आर्य सभ्यता-संस्कृति का केंद्र उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत हुआ करता था। आज की विलुप्त सरस्वती इस क्षेत्र की मुख्य नदी थी। सदानीरा सरस्वती के रास्ते अरब सागर होकर आर्य व्यापारियों का दुनिया के दूसरे हिस्सों से समुद्र व्यापार होता था। ऋग्वेद में एक नदी के रूप में ही सरस्वती के प्रति श्रद्धा निवेदन किया गया है।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आर्य सभ्यता के सारे नगर, गढ़ और व्यावसायिक केंद्र सरस्वती के किनारे बसे थे। उस युग की तमाम शिक्षण संस्थाएं, ऋषियों की तपोभूमि और आचार्यों के आश्रम सरस्वती के तट पर ही स्थित थे। ये आश्रम अध्यात्म, धर्म, कला, संगीत, चिकित्सा और विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र थे। वेदों, उपनिषदों और अनेक स्मृति ग्रंथों की रचना इन्हीं आश्रमों में हुई थी। ऋग्वेद के एक सूक्त के अनुसार-'प्रवाहित होकर सरस्वती ने जलराशि ही उत्पन्न नहीं की, समस्त ज्ञानों का भी जागरण किया है।' हजारों साल पहले सरस्वती में आई प्रलयंकर बाढ़ अथवा सूखे से अधिकांश नगर और आश्रम नष्ट हो गए थे। सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद आर्य सभ्यता धीरे-धीरे गंगा और यमुना के किनारों पर स्थानांतरित हो गई। कालांतर में सरस्वती विलुप्त हो गईं, लेकिन लोगों की धारणा है कि प्रयाग में वह अब भी अंतः सलिला होकर बहती है।

सरस्वती के तट से आर्यों के विराट पलायन के बाद भी जनमानस में सरस्वती की पवित्र स्मृतियां बची रहीं। प्रकृति की कल्याणकारी शक्तियों पर देवत्व आरोपित करने की हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप कालांतर में पुराणों में सरस्वती नदी को अलौकिक देवी का दर्जा दिया गया। आज वसंत पंचमी का दिन होने वाली सरस्वती पूजा वस्तुतः आर्य सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, गीत-संगीत, धर्म और अध्यात्म के कई क्षेत्रों में विलुप्त सरस्वती नदी की भूमिका के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

-फेसबुक वॉल से

राजनीति से समाज में रहता है मूवमेंट का माहौल

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं।

कभी कांशीराम ने 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा', कहकर तत्कालीन राजनीति में चुनौती पेश कर हलचल पैदा कर दी थी। राजनीति में नारों का बहुत योगदान है। समाजवादी पार्टी का एक नारा बहुत प्रचलित हो रहा पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सवर्णों को भी खुश रखने हेतु कहा गया एका मतलब अगड़े भी आधी आबादी भी, लेकिन जानने वाले सब जान रहे हैं। यह नारा बहुजन के आधार पर लगा, क्योंकि बहुजन में भी दलित, पिछड़े व धार्मिक अल्पसंख्यक थे वो पार्टी भी जब बहुजनों के आधार पर स्थापित हो गई तो बहुजन से सर्वजन की पार्टी हो गई। जानते सब हैं कि उनके वोटर कौन हैं।

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं। कोरोना काल में खूब ताली, थाली, टॉर्च भी जलाई थी तब भी समाजवादी नेताओं को टॉर्च का प्रकाश किस ओर है नहीं दिख रहा। 22 जनवरी के राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अभिषेक बच्चन साथी फिल्मी कलाकारों के साथ मौजूद थे। अहसास नहीं होता किस विचारधारा के साथ हैं। ऐसे ही बिहार के फ्लोर टेस्ट में राजद विधायक चेतन आनंद ने विचारधारा के साथ जाना पसंद किया, क्योंकि उन्हें मनोज झा द्वारा ओमप्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुंआ पढ़ना पसंद नहीं आया। उनके पिता आनंद मोहन को सजा से बरी कराया गया, जो कि दलित जिलाधिकारी कृष्णईया की हत्या में भीड़ को उकसाने के दोषी थे। भाजपा पूरी तरह अपनी विचारधारा के आधार पर गरीब सवर्णों को आरक्षण के साथ लीडरशिप बढ़ा रही। साथ ही साथ पिछड़े दलितों को लोकसभा व विधानसभा और विधान परिषद व राज्यसभा भेज उन जातियों को साध रही, जो कभी बहुजनवादी या समाजवादी थे।

लगभग 12 राज्यसभा में दलित पिछड़े और 4 सामान्य लोग भेजने को टिकट का एलान किया है। कांशीराम कहते थे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यहां उलट हो रहा है। न उनकी संख्या भारी, न उनके समाज की वोट, तुम्हारी फिर सर पर बैठाने की तैयारी। न कोई अल्पसंख्यक, न कोई पिछड़ा केवल एक ही रामजी लाल सुमन को भेजने से पीडीए का सिद्धांत असरदार नहीं हो जाएगा।

कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पिछड़े दलित कितने हैं। विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर कितने हैं, जो समाज निश्चित अवस्था मे वोट कर रहा है। उनको साधना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो अनिश्चित को निश्चित बनाने के चक्कर में निश्चित भी चले जाएं। पाला खींचकर सामाजिक न्याय की बात करो जब देने की बात आए तो दो भी, उधर भाजपा चारों ओर बैटिंग कर रही है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा दिया। उधर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा कर घोषित साथी जयंत चौधरी को छीन लिया। सत्ता मिले या न मिले सिद्धांत पर राजनीति करनी चाहिए। यही गलती हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कि, उन्होंने दलितों को मंत्री नहीं बनाया। समाजवादी राजनीति तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कर रहे। अब भी पिछड़े दलित समाज की राजनीति करने वालों ने अपना दिल बड़ाकर गठबंधन नहीं किया। हिदुत्व की धार में बेअसर हो जाओगे, भले ही बड़े नेताओं का कुछ न होगा, लेकिन जो समाज तुम्हारे पीछे है, उनका नुकसान बहुत बड़ा हो जाएगा, बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खोले जा सकते हैं।

संभलकर करें डिजी यात्रा का प्रयोग

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी।

एयरपोर्ट और हवाई यात्रा के निजीकरण के बाद सरकार ने यात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामले में अनदेखी शुरू कर दी है। एयरपोर्ट पर हो रहे यात्रियों से झगड़े, हवाई यात्राओं में हो रही देरी और ग्राहकों की असुविधा जैसे एयरपोर्ट पर ही उनको लाक करने जैसी घटनाओं से उसे कोई सरोकार नहीं है,इन्हीं प्राइवेट पार्टनर्स ने सुरक्षा चेकिंग के नाम पर एयर पोर्ट और आसान सुरक्षा चेकिंग के नाम पर डिजी यात्रा पोर्ट शुरू किया है,जो देश के 13 एयरपोर्ट पर शुरू हो चुका है। इससे जल्दी सुरक्षा चेकिंग की बात कही जा रही है। इसमें चेहरे की बायोमेट्रिक होगी वो भी एक प्राइवेट मॉनिटरिंग डाटा सेंटर पर यानी आधार के बाद आपका बायोमेट्रिक डाटा भी इन सेंटर पर पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी। एयर पर सुरक्षा चेकिंग के काउंटर घटाए जा रहे हैं और ग्राहकों को फोर्स किया जा रहा है कि इन डिजी काउंटर में सुरक्षा चेक कराए,ग्राहक भी समय बचाने और सुविधा को देखते हुए तेजी से इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हो सकता है आने वाले समय में देश के सभी एयरपोर्ट पर इन्हें चालू कर दिया जाए और जब कोई विकल्प नहीं रहेगा तो ग्राहक और भी तेजी से इस और रुख करेंगे। हम टेक्नोलॉजी के विरोध में नहीं है,लेकिन जिस तरह आधार बनाने और बैंक से लिंक करने को पहले स्वैच्छिक बताया गया और बाद में अनिवार्य बना दिया। उसी तरह जब सामान्य चेकिंग के काउंटर कम या खत्म हो जाएंगे तो इसी का प्रयोग होगा। हमारी सरकार भी जानती है कि जिस तरह आधार का थोड़ा सा विरोध हुआ वो भी कुछ समय के लिए उसी तरह देश की जनता इस डिजी यात्रा को अपना लेगी और फिर सारा खेल शुरू होगा। यही डाटा जगह-जगह प्रयोग होगा आपके मोबाइल पर विज्ञापन आएंगे,लोन लेने,होटल,टेक्सी बुक करने मकान खरीदने बेचने वाले ऐप आने शुरू हो जाएंगे जिनका प्रयोग करते ही जानता किसी बड़े स्कैम का शिकार भी हो सकती है।

यहां यह उल्लेख करना असंगत न होगा की वर्ष 2023 में देश में हवाई यात्रा करने वाले 90 लाख यात्रियों ने इस डिजी यात्रा का प्रयोग किया,लेकिन इसका डाटा कहा रखा गया यह पता नहीं। सरकार का कहना है कि यह डाटा पूरी तरह सुरक्षित,लेकिन प्राइवेट लोगों के हाथों में गया डाटा कितना सुरक्षित है,कहा नहीं जा सकता। हमें याद होगा कि आधार डाटा भी सुरक्षित रहने की बात कही गई थी,लेकिन कोई नहीं कह सकता कि वो सुरक्षित रह पाया,यह भी बताना जरूरी है कि कई देशों में बायोमेट्रिक डाटा मांगने का भारी विरोध हो रहा है। क्या हमारी सरकार भी इस और ध्यान देगी तथा हमारे हवाई यात्री इस डिजी यात्रा के मर्म को समझ पाएंगे।

एक नजर

प्रत्याशियों के खर्च की निगरानी को टीम गठित

देहरादून : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 विभिन्न राजनैतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे व्यय की निगरानी के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन व्यय टीमें गठित कीं। नोडल अधिकारी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण/मुख्य कोषाधिकारी देहरादून रोमिल चौधरी ने निर्वाचन के लिए गठित व्यय टीमों, सहायक व्यय प्रेक्षक प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय व लेखा टीम, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, उड़न दस्ते स्थैतिक निगरानी टीम व व्यय अनुवीक्षण नियन्त्रण कक्ष व कॉल सेन्टर आदि टीमों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विभिन्न टीमों के पूछे गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का उत्तर दिया गया।

जनहित से जुड़ी योजनाएं समय पर पूरी हों : धामी

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को राज्य में संचालित व प्रस्तावित बाह्य सहायतित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनहित से जुड़ी योजनाएं समय पर पूरी हों, इसके लिए कार्यदायी संस्थाओं की सजगता से निगरानी की जाए। योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित हो, यह विभागीय सचिवों व विभागाध्यक्षों की जिम्मेदारी है। सचिवालय में पर्यटन, पेयजल, जलागम प्रबंधन, वन, नगर विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा कौशल विकास एवं सेवा योजना के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित बाह्य सहायतित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिये कि हमारा लक्ष्य एवं प्रयास योजनाओं को समय पर पूर्ण करने का होना चाहिए।

जिले के नए मतदाताओं को पोस्टकार्ड भेजेंगी डीएम

देहरादून : स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सोनिका जनपद के नए मतदाताओं को पोस्टकार्ड से मतदान के लिए प्रेरित करेंगी। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों को अपने अभिभावकों को पत्र लिखवाकर मतदान के लिए प्रेरित कराया जाए।

पुलवामा हमले की 5वीं बरसी पर शहीदों को किया नमन

मंत्री गणेश जोशी ने वीर जवानों को पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : पुलवामा आतंकी हमले की 5वीं बरसी पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आतंकी हमले में शहीदों को नमन करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बुधवार को सैनिक कल्याण निदेशालय में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पुलवामा आतंकी हमले की 5वीं बरसी पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को पुष्प चक्र अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कई पूर्व सैनिकों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि आज ही के दिन पुलवामा में सीआरपीएफ के 40 जवान एक आत्मघाती आतंकी हमले में शहीद हो गए थे, जिसमें उत्तराखंड के दो जवान भी शामिल थे। मंत्री ने कहा कि हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कई कड़े कदम उठाए।

मंत्री ने कहा कि बालाकोट हवाई हमले में भारत की जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद शत्रु ऐसा दुस्साहस करने से पहले सौ बार सोचेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी शहीद को हम वापस नहीं ला सकते लेकिन उनकी वीरता का बखान करना हर देशवासी का कर्तव्य है। इस अवसर सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर अमृत लाल, मेजर जनरल सम्मी सभरवाल, कर्नल बीएस रावत, पूर्व सैनिक दिनेश प्रधान, पूर्व सैनिक एमएल भट्ट, पूर्व सैनिक सुधीर शाही सहित कई लोग उपस्थित रहे।

पुलवामा आतंकी हमले में शहीद जवानों के चित्र में पुष्प चक्र अर्पित करते गणेश जोशी।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दिया संदेश

- छात्र-छात्राओं ने रैली व कार्यक्रम कर जनमानस को अपने मताधिकार का प्रयोग करने दिया का संदेश

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में बुधवार को चुनाव देश का पर्व, देश का गर्व थीम के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने रैली व कार्यक्रम कर जनमानस को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। इसी प्रकार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विकासखंड रायपुर के जीजीआईसी विद्यालय मालदेवता में छात्र-छात्राओं व शिक्षिकाओं ने गांव में एक रैली का आयोजन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सोनिका ने कहा कि स्वीप की गतिविधि निरंतर जारी हैं व भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा कलैंडर व दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वीप एक्टिविटी की जा रही हैं। उन्होंने जिसका भी नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं है, वह अपना पंजीकरण वोटर हेल्प लाईन एप व ऑन लाईन करवा सकते हैं।

स्वास्थ्य के लिए अभिनव पहल का शुभारंभ

देहरादून : जिलाधिकारी सोनिका की अभिनव पहल से जनपद की गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सम्बन्धी हालचाल जानते हुए दिया जा रहा है स्वास्थ्य परामर्श। जिलाधिकारी के निर्देशन पर बुधवार को जिला प्रशासन ने जनपद की गर्भवती महिलाओं की सहायता व उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श हेतु सुविधा शुरू करते हुए आईटीडीए में स्थापित स्मार्ट सिटी कन्ट्रोलरूम के टोल फ्री न. 18001802525 पर महिलाओं के स्वास्थ्य की निगरानी बनाए रखने तथा परामर्श के लिए अभिनव पहल का शुभारम्भ किया। उन्होंने चिकित्सकों की निगरानी टीम बनाते हुए स्मार्ट सिटी के कन्ट्रोलरूम से दूरभाष के माध्यम से गर्भवती महिलाओं से स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की व विशेषज्ञों ने चिकित्सा सम्बन्धी परामर्श भी दिया।

सार-संक्षेप

चम्पावत में बैठक लेते सीडीओ संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

लोकसभा चुनाव में 75 फीसदी मतदान कराने का लक्ष्य

टनकपुर : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव में जनपद में कम से कम 75 फीसदी मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक सीडीओ एवं जनपद के स्वीप नोडल अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सीडीओ ने निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों को मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके लिए चौपाल लगाकर संवाद करने, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं के माध्यम से, गीत, फिल्म, लोकगीत और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी मतदान के लिए जागरूक करने को कहा। निर्देश दिए कि 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाएं। बैठक में स्वीप समन्वयक एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र जोशी, उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दीपक मुरारी, डीटीओ अरविंद गौड़, स्वीप सह समन्वयक जीवन कलौनी के अलावा सभी खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

रैली के साथ हुआ सड़क सुरक्षा माह का समापन

टनकपुर : 15 जनवरी से शुरू हुए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन परिवहन विभाग और पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर संयुक्त रैली निकाली। टनकपुर के आदर्श सरन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से निकाली गई रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस इंटर कालेज प्रांगण पहुंची। जहां अभियान का समापन किया गया। इस दौरान लोगों को पंपलेट वितरित कर सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन किए जाने की अपील की गई। कार्यक्रम में एआरटीओ सुरेंद्र कुमार, सीओ शिवराज सिंह राणा, टीएसआइ आनंद सिंह बिष्ट, बीएस बिष्ट, हरीश प्रसाद, रामलाल पासवान, महेंद्र पाल, बबीता बोहरा, जगदीश भट्ट आदि रहे।

स्वच्छ भारत व जल जीवन मिशन की समीक्षा की

देहरादून : सचिव पेयजल व स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार विनी महाजन व मुख्य सचिव उत्तराखंड राधा रतूड़ी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा जल जीवन मिशन की समीक्षा की। मुख्य सचिव रतूड़ी ने सचिवालय समेत राज्य के सभी सार्वजनिक भवनों, होटलों, बड़े संस्थानों में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को होटल मालिकों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति से जुड़ी योजनाओं को समय से पूरा करना जिलाधिकारियों की निजी जिम्मेदारी है। कहा कि प्रत्येक घर, स्कूल, आंगनबाड़ी में पेयजल आपूर्ति का सर्टिफिकेशन करवाना आवश्यक है।

सीएम ने कतर से लौटे सौरभ वशिष्ठ की कुशलक्षेम जानी

देहरादून, अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कतर से सकुशल वापस लौटे नौसेना के पूर्व अधिकारी सौरभ वशिष्ठ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री बुधवार को वशिष्ट के टर्नर रोड स्थित आवास पर जाकर उनसे और उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सौरभ की सकुशल रिहाई विश्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारत की बढ़ती ताकत की पहचान है। यही नहीं उनकी रिहाई मोदी है तो मुमकिन है, का स्पष्ट उदाहरण भी है। सीएम ने कहा कि सौरभ वशिष्ठ लंबे समय के बाद तमाम मुश्किलों का सामना कर घर लौटे हैं, उनके परिवार के लिए यह अवसर दीपावली जैसा है।

मोदी सरकार की गारंटियां झूठी निकलीं: प्रदीप टम्टा

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा ने बुधवार को कहा कि आगामी चुनाव में पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनाएगी, मैं उसके साथ दृढ़ता से खड़ा रहूंगा। कहा कि मोदी सरकार की कोई भी गारन्टी चाहे वो 15 लाख की हो, काला धन वापसी की बात हो, प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ नौकरियां देने की बात हो, सब झूठी गारंटी निकली। भाजपा केवल धर्म के नाम पर देश को बांटना चाहती है।

बैठक में पुलवामा में शहीद 44 सैनिकों की शहादत को याद कर 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदीप टम्टा ने कहा कि पुलवामा की घटना आज तक रहस्य बनी हुई है। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट ने की व संचालन ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव ने किया। यहां गीता पवार, नेहा माहरा, बसंती डोरियाल, महेश आर्या, कुलदीप कुमार, ललित मोहन आर्या, किशन सिंह अधिकारी, भुवन सिंह रावत, महिपाल सिंह मेहरा, सुरेंद्र सिंह पवार आदि मौजूद रहे।

शहीदों को नमन

- पुलवामा शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि
- बोले, भाजपा केवल धर्म के नाम पर देश को बांटना चाहती है

पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देश की रक्षा के देश के जिन वीर जवानों ने आज ही के दिन पुलवामा हमले में अपनी जान कुर्बान कर दी। देश के उन रणबांकुरों का नाम भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उनके बलिदान को आज का भारत ही नहीं बल्कि देश की आने वाली पीढ़ियां भी कभी नहीं भुला पाएंगी। देश के प्रति उनका समर्पण आने वाले भारत के लिए एक प्रेरणा बनकर सामने आएगा।

14 फरवरी 2019 को कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों पर हुए हमले के दौरान शहीद हुए देश के अमर जवानों की बरसी पर एक्स पैरामिलिट्री फोर्स पर्सनल वेलफेयर एसोसिएशन, कुमाऊं मंडल द्वारा नगर के गांधी पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने यह बात कही। संगठन के अध्यक्ष मनोहर सिंह नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि इस आतंकी हमले में शहीद जवान केवल चालीस परिवारों के नहीं बल्कि पूरे देश के सपूत थे। उनकी शहादत को याद करने और देश के प्रति भावी पीढ़ी में ना उत्साह पैदा करने के लिए प्रतिवर्ष उनकी बरसी पर उन्हें याद कर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान शहीदों की याद में कैंडल जलाई गई और शांति पाठ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में एसएसबी अल्मोड़ा, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, राजपूत आर्मी के अधिकारियों और जवानों ने भी प्रतिभाग किया।

पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते पैरामिलिट्री संगठन के सदस्य व गणमान्य नागरिक।

उत्तर प्रदेश

निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे हैं। कुछ डिग्री कॉलेजों की भी निगरानी की जा रही है। गहराते मामले को लेकर चर्चा है कि किसी भी दिन मौका-मुआएना और गाज गिरनी तय है।

यूपी के 73 जिलों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। हर केन्द्रों को राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ने की व्यवस्था अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा के निर्देश पर इंदिरा भवन में की गई है। मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में हुई जांच के दौरान कई घालमेल पाए गए, ऐसे में निदेशक के निर्देश पर एक जनपद में शिक्षकों के विरुद्ध केस दर्ज हो चुका है। सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसा ही मामला सीतापुर के मदरसों में सामने आया है। माना जा रहा है कि निदेशक तथ्यपरक जांच करने का मन बना चुकी हैं। इसको लेकर स्थलीय परीक्षण भी किया जाना तय है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक जे. रीभा ने बताया कि प्रदेश के कई जनपदों में मदरसा और कॉलेजों के मौका मुआयना किये जाते रहे हैं। अगर कहीं कमी या दिक्कत आती है, तो उसका निस्तारण कराया जाता है। विभागीय त्रुटि और अन्य खामियों में कार्रवाई भी होती रही है।

महाविद्यालयों पर भी पैनी नजर

सीतापुर जनपद के कुछ महाविद्यालय भी जांच की परिधि में शामिल किये गए हैं। जानकारों की मानें तो विभागीय जांच में जिले के दो महाविद्यालयों का नाम चर्चा में आया है। ये भी मुआएने की जद जोड़ा जा रहा है।

50% से कम सवारी मिलीं तो परिचालक पर होगी कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार: 50 प्रतिशत से कम सवारी ले जाने पर परिचालकों पर गाज गिरेगी। आरएम ने यातायात निरीक्षकों के साथ बैठक में कम सवारी ले जाने वाले परिचालकों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं चालक और परिचालक अगर वर्दी में नहीं मिले तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा।

पुराने रोडवेज बस अड्डे पर अपने कार्यालय में आरएम दीपक चौधरी ने रीजन भर के यातायात निरीक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि रीजन की बसों में अगर 50 प्रतिशत से कम सवारी हों तो मौके पर ही परिचालक पर जुर्माना डालकर रिपोर्ट उन्हें दें। इसके अलावा बिना वर्दी के मिलने वाले चालकों के साथ परिचालकों पर भी कार्रवाई करें। आरएम ने कहा मौसम साफ होने पर यात्री भी आ रहे हैं। ऐसे में 50% से कम सवारी होने पर बसों का संचालन किसी हाल में नहीं किया जाए।

कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ले रहा होमगार्ड गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने बुधवार को होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सेटेलाइट चौराहे के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि एक होमगार्ड की निलंबित की गई ड्यूटी बहाल करने के लिए गौरव जिला कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ले रहा था। थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में होमगार्ड गौरव के साथ जिला कमांडेंट को भी नामजद किया गया है।

एफआईआर एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर आनंद कुमार वर्मा की ओर से दर्ज कराई गई है। इसके मुताबिक आंवला के गांव आजमपुर निवासी सतीश चंद्र वर्मा ने 10 फरवरी को कार्यालय आकर शिकायत की थी कि वह होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। उनका 27 जनवरी को जमीन को लेकर भाई जगदीश से विवाद हो गया था। उन पर उनके पिता ने एनसीआर दर्ज करा दी थी। आंवला पुलिस की ओर से 30 जनवरी को इसकी रिपोर्ट भेजने के बाद जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर अगले आदेश तक के लिए उनकी ड्यूटी निलंबित कर दी थी।

सतीश के मुताबिक नौ फरवरी को वह जिला कमांडेंट को स्पष्टीकरण देने पहुंचे थे। कमांडेंट ने उन्हें अपना पत्र होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को देकर बात करने को कहा। गौरव ने उन्हें बताया कि साहब ने ड्यूटी बहाल करने के लिए 30 हजार रुपये मांगे हैं। इसमें 10 हजार उन्हें अभी देने होंगे और बाकी 20 हजार दो-चार दिन के अंदर। सतीश का आरोप है कि उन्होंने रकम बहुत ज्यादा होने की बात कहकर कम करने को कहा लेकिन गौरव ने साफ इन्कार कर दिया।

अयोध्या में भक्तों को राहत देगा सुग्रीव पथ

लखनऊ, अमृत विचार: अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रोजाना आ रही लाखों की भीड़ को देखते हुए राज्य सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक एक नया पथ बनाकर आवागमन के मार्ग को सुलभ करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 290 मीटर नया कॉरिडोर सुग्रीव पथ के नाम से बनेगा। यह हनुमानगढ़ी और राम मंदिर परिसर के बीच भक्तों के आवागमन के लिए एक आयताकार सर्किट के रूप में होगा, जिसपर 11.81 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

आए दिन जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए योगी सरकार ने अयोध्या में सुग्रीव पथ नाम से एक नए कारीडोर के निर्माण की स्वीकृति दी है। अयोध्या में हनुमानगढ़ी मंदिर से रामजन्मभूमि मंदिर तक बनने वाले सुग्रीव पथ पर लगभग 11.81 करोड़ की लागत आएगी, जिसमें से 5.1 करोड़ का उपयोग भूमि अधिग्रहण के लिए किया जाएगा।

सवा लाख का कपड़ा नेपाल ले जाते चार महिलाएं पकड़ीं

संवाददाता, पलिया कलां (खीरी)

अमृत विचार: गौरीफंटा पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर बनगवां मंडी से करीब सवा लाख का कपड़ा लेकर नेपाल जा रहीं चार महिलाओं को पकड़कर कस्टम के सुपुर्द किया है। हालांकि पुलिस पर गुडवर्क दिखाने के चक्कर में कार्रवाई करने के आरोप लग रहे हैं। कपड़ा कारोबारी पंकज गुप्ता ने सोशल मीडिया पर अपना बयान वायरल कर पुलिस पर मुख्य मार्ग से महिलाओं को कपड़ा ले जाते पकड़ने का आरोप लगाया है। जांच में पक्के बिल भी मिले, लेकिन पुलिस ने कहानी गढ़ते हुए अवैध मार्ग से सामान ले जाते दर्शाकर महिलाओं को फंसा दिया है।

गौरीफंटा कोतवाली उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि अधीनस्थ सिपाहियों के साथ कपड़ा लेकर नेपाल जा रहीं चार महिलाओं को रोककर पूछताछ की, लेकिन महिलाएं मौके पर कपड़ों का न तो कोई बिल दिखा सकीं और न पूछे गए संबंधित प्रश्नों का सही उत्तर ही दे सकीं। बरामद कपड़े की कीमत करीब सवा लाख रुपये है। बताया कि कपड़े का सीजर बनाकर कस्टम के सुपुर्द कर दिया। उधर, दोपहर के बाद कपड़ा कारोबारी पंकज गुप्ता ने सोशल मीडिया में बयान जारी कर पुलिस पर महिलाओं को फांस देने का आरोप लगाया है, जिससे महकमे में चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कपड़ा कारोबारी वायरल वीडियो में कह रहा है कि महिलाएं जंगल से नहीं, बल्कि वैध मार्ग से पक्के बिल लेकर बाइक से जा रही थीं।

कार्रवाई

- कपड़े की गांठों समेत महिलाओं को कस्टम के सुपुर्द किया
- दुकानदार ने बयान देकर पुलिस पर मनमानी का आरोप लगाया

मायावती ने आंदोलन को समर्थन दिया

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि, किसानों की मांगें गंभीरता से लेकर उनका समाधान किया जाए। भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने वाले मेहनतकश किसानों की जो मांगें हैं, सरकार उन्हें गंभीरता से ले और उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनका समय से समुचित समाधान करे।

बसपा प्रमुख ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि इस संबंध में 'दिल्ली चलो' के अभियान के तहत आंदोलित किसानों पर सख्ती करने के बजाय केन्द्र सरकार उनसे सही वार्ता कर उनके आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास करे तो बेहतर होगा।

कागजों में मजबूत, मौके पर एक साल में ही धंस गईं सड़कें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नगर निगम विकास कार्यों पर धन तो खूब खर्च कर रहा है लेकिन गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। अधिकारियों के सोते रहने का नतीजा यह कि बनते ही सड़कें-नालियां उखड़ने लगती हैं। अधिकारियों की बेफिक्री और ठेकेदारों की मनमानी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

सीबीगंज में खड़ौआ मोहल्ले में कराये गये कागजों में मजबूती वाले विकास कार्यों की एक साल में ही परतें उधड़ने लगीं। यहां दो काम कराए गए और दोनों ही कार्यों में गुणवत्ता की तरफ इंजीनियरों व अन्य अफसरों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। एक प्रोजेक्ट 10 लाख रुपये का बताया जा रहा है। इसमें 80 मीटर इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़क, नालियां और नाले का निर्माण होना था। सुनील की चक्की से अंतराम के मकान तक सड़क और नालियां बन गईं लेकिन नाले का निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है। अभी करीब एक साल हुआ है सड़क जगह-जगह से धंस गई और नालियों के ऊपर से चुनाई उधड़ गई और पीली ईंटें दिखाई देने लगी हैं। सूत्रों का कहना है कि सड़क और नाला बनाने का काम जिस ठेकेदार को दिया गया था। उसका भुगतान नहीं होने से उसने नाला निर्माण नहीं शुरू किया। दूसरा विकास कार्य भी खड़ौआ मोहल्ले में ही किया गया है। यहां छत्रपाल के मकान से होली चौराहे तक लगभग 200 मीटर सड़क का निर्माण कराया गया। यह सड़क भी एक साल में ही अफसरों की गंभीरता की कलई खोलने लगी है। सड़क जगह-जगह धंसने से ऊंची-नीची हो गई है।

ठेकेदार से कहा-सड़कें ठीक करो

अवर अभियंता विकास साहू से एक साल में ही सड़कों के जर्जर होने की जानकारी की तो बताया कि उनकी तैनाती कुछ समय पहले हुई है। उन्हें सड़कें खराब होने की जानकारी मिली है। उन्होंने ठेकेदार से सड़कों को फिर से दुरुस्त करने को कह है।

उत्तर प्रदेश में बनेंगे छह नए छात्रावास

लखनऊ, अमृत विचार: ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए शहर आने वाले अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को अब छात्रावास के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। अगले वित्तीय वर्ष से समाज कल्याण विभाग छह नए छात्रावास बनवाएगा। नए छात्रावास के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। छात्रावास के निर्माण पर 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 230 छात्रावास संचालित हो रहे हैं, जबकि 31 छात्रावास जर्जर हो चुके हैं और इनको बंद कर दिया गया है। छात्रावास में 70% अनुसूचित, 20% ओबीसी और 10% सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को दिया जाता है। ग्रामीण परिवेश से आने वाले छात्रों को छात्रावास निशुल्क दिया जाता है।

चेयरकार की जगह जनरल कोच लगाकर चला दी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सुविधाओं के नाम पर यात्रियों को किस तरह ठगा जा रहा है इसकी एक बानगी बुधवार को बरेली जंक्शन पर देखने को मिली। नई दिल्ली इंटर सिटी एक्सप्रेस को चेयरकार के स्थान पर जनरल कोच लगाकर चला दिया गया। मजबूरी में यात्रियों को जनरल कोच में ही सफर करना पड़ा। अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

बुधवार सुबह 14315 नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नंबर चार पर लगाया गया था। यात्रियों ने अपना कोच ढूंढना शुरू किया तो डी-1 और डी-2 आरक्षित कोचों में चेयरकार की जगह अनारक्षित साधारण कोच लगा था जिस पर यात्रियों ने ऐतराज जताया। बताया गया कि रात को जब ट्रेन दिल्ली से आई थी तो यह जनरल कोच लगे हुए आये थे।

इंटरसिटी की जगह आला हजरत से किया सफर

14315 नई दिल्ली इंटर सिटी एक्सप्रेस में सफर के लिए सुबह बरेली जंक्शन यात्री पहुंचे तो उन्हें पता चला कि ट्रेन को 4 घंटा 30 मिनट रिशेड्यूल कर दिया गया है। ऐसे में इंटरसिटी एक्सप्रेस को अपने निर्धारित समय 4:55 बजे के स्थान पर सुबह 9:30 बजे चलाया गया। ट्रेन लेट होने के कारण दिल्ली जाने वाले काफी यात्री आला हजरत एक्सप्रेस से निकल गए।

हल्द्वानी में जान गंवाने वालों के परिवारों को मिलें 10-10 लाख

बरेली, अमृत विचार: ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने हल्द्वानी की घटना में पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाते हुए गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर गिरफ्तारियों पर रोक लगाने की मांग की है। जमात की बैठक में मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि हल्द्वानी में पुलिस ज्यादती कर रही है। घरों पर दबिश बंद करने के साथ गिरफ्तारियां रोकी जाएं और जान गंवाने वालों के परिवारों को 10-10 लाख और घायलों को दो-दो लाख का मुआवजा दिया जाए। इसके साथ सरकार ठोस कदम उठाकर हल्द्वानी में जल्द शांति स्थापित करे। बैठक में हाजी नाजिम बेग, वसीम मियां, सय्यद शाबान अली, मौलाना मुजाहिद हुसैन कादरी आदि रहे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1565, जय जवान 1440, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1550, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो.) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध

आईईए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी बोले-बढ़ती सक्रियता से एजेंसी को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा-मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा-समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा-एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक करना है कम

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

सोना में 750 रुपये चांदी के दाम में 1,400 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

इक्विटी बाजार में एफपीआई का निवेश 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिसंबर तिमाही में सितंबर की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा

दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक-इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई आईपीओ आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित किया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	71,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,300
गिन्नी (प्रति नग)	47,150-47,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	71,300
चांदी तैयार	71,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,350
सोना जेवरात गिन्नी	62,350
चांदी पक्की	710 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,500
चांदी आभूषण	71,350।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 70-85 मसूरी 48-75 1121 बासमती 105-110, **दाल दलहन**-काला चना 68-70 साबुत चना दाल 77 मूंग साबुत 100-110 राजमा 105-112 दाल उड़द 105-130 साबुत मसूर दाल 77-96 मसूर दाल 72-110 उड़द साबुत 108-115 काबुली चना 135-157 अरहर दाल 130 लोबिया/करमानी 100-109 सोयाबीन 57-70 मूंगफली 110-120 मटर (सूखी) 50-61 मक्का 25-27 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये।

वित्त मंत्रालय के नियमों एवं शर्तों के बारे में की गई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 16वें वित्त आयोग की पहली बैठक संपन्न

अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित सोलहवें वित्त आयोग की बुधवार को पहली बैठक संपन्न हुई। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस बैठक में आयोग ने भारत की राष्ट्रपति के आदेश और 31 दिसंबर, 2023 को जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुरूप अपने नियमों एवं शर्तों के बारे में चर्चा की। मंत्रिमंडल ने संविधान के अध्याय एक, 12वें खंड के तहत संघ और राज्यों के बीच शुद्ध कर आय का वितरण और संबंधित राज्यों की हिस्सेदारी के आधार पर कर आवंटन से संबंधित नियमों एवं शर्तों को मंजूरी दी थी।

इसके अलावा 16वां वित्त आयोग भारत की संचित निधि से राज्यों को राजस्व सहायता अनुदान देने और राज्यों को सहायता अनुदान के जरिये दी जाने वाली राशि तय करने वाले सिद्धांतों पर भी गौर करेगा। निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार आयोग पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों को लेकर राज्य की संचित निधि बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय भी सुझाएगा।

बीमित नहीं हो पाई रबी फसल, कटने लगी मटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंकों ने तय समय पर काट लिया प्रीमियम पर फीडिंग नहीं की
- बीमा कंपनी को होगा फायदा किसानों को नुकसान

अमृत विचार: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की फसलें बीमित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिलों में मटर कटने लगी है। इनमें वह किसान शामिल हैं, जिनका बैंकों ने प्रीमियम तो काट लिया लेकिन बीमित करने के लिए पोर्टल पर फीड नहीं कर पाए हैं। ऐसे में बीमा होता है या नहीं किसानों को फायदा नहीं होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंकों ने आलू, गेहूं, सरसों, मटर, टमाटर आदि फसलों का बीमा करने के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक किसान क्रेडिट कार्ड से प्रीमियम तो काट लिया। लेकिन, पोर्टल पर पूरी तरह से किसान और फसलों का विवरण फीड नहीं कर पाए हैं। जब तक फीडिंग नहीं तब तक बीमा मान्य नहीं होगा। फीडिंग की अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। जो खराब प्रगति पर बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। इधर, अधिकांश जिलों में मटर की कटाई होने लगी है।

अब सवाल इस बात का जिन किसानों ने मटर काट ली उनकी फसल किस आधार पर बीमित होंगी और कैसे लाभ मिलेगा। क्योंकि मौके पर फसल नहीं है। यदि 15 फरवरी तक फीडिंग कर बीमा हुआ तो आगे क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान भी बिना फसल के नुकसान का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इस लापरवाही का सीधा फायदा बीमा कंपनी को मिलेगा।

राष्ट्रीय

70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा

राजस्थान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सलाह-देश की महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें

जयपुर, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है। राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, '' देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा?

राष्ट्रपति ने कहा कि इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरुष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा-जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजदू थे।

कोर्ट ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

शिवसेना नेता पर गोलीबारी

ठाणे। अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

महिलाओं ने मनाया बसंत पंचमी का पर्व...

नागपुर में बुधवार को हिंदुओं के प्रमुख पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर महिलाओं ने मंदिरों में जाकर मां सरस्वती की पूजा की। इसके बाद मंदिर से निकलीं महिलाओं ने एक-दूसरे टीका करके पर्व की बधाई दी। ● एजेंसी

एक नजर

सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा जुर्माने का आदेश दिया गया था।

हत्या के आरोपी ने जेल में की आत्महत्या

जम्मू। पिछले साल अक्टूबर में अपनी मां और एक नाबालिग बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे एक व्यक्ति ने जेल के अंदर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जगदेव सिंह (37) उर्फ माइकल के शव को मंगलवार शाम अम्फाला जिला जेल में उसकी कोठरी के अंदर पतलून से बनाए गए फंदे पर लटका हुआ पाया गया।

तमिलनाडु विस में एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित

चेन्नई, एजेंसी

- मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र के प्रस्ताव को मनमाना कहा

तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को केंद्र की प्रस्तावित एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया और इसे अव्यावहारिक तथा अलोकतांत्रिक करार दिया। विधानसभा ने परिसीमन प्रक्रिया पर भी एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया है कि अगर इसे अपरिहार्य कारणों से किया भी जाना है तो इस कवायद के लिए 1971 की जनगणना मानदंड होनी चाहिए। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दोनों प्रस्ताव पेश करते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव को मनमाना करार दिया।

उन्होंने जनगणना (जो लोकसभा चुनावों के बाद आयोजित की जा सकती है) के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद जारी रखने के प्रस्तावित कदम को एक साजिश करार दिया। स्टालिन ने कहा कि इससे तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या में गिरावट आएगी। मार्च 2023 में तत्कालीन केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यसभा में कहा था कि अगली परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के बाद की जा सकती है। स्टालिन ने कहा-एक राष्ट्र, एक चुनाव पूरी तरह अव्यावहारिक और संविधान की मौलिक रूपरेखा के खिलाफ है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संविधान में दी गई गारंटी के पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से राज्य विधानसभाओं को समय से पहले भंग किया जा सकता है जो संविधान के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है तो क्या सभी राज्य विधानसभाओं को भंग किया जाएगा? इसी तरह यदि कुछ राज्यों में सरकारों को निर्धारित कार्यकाल से कम समय तक रहना पड़ा तो क्या केंद्र की सत्ता में बैठे लोग पद छोड़ेंगे? मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निकायों में चुनाव राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है और स्थानीय निकाय चुनाव कराने का दावा राज्य के अधिकारों का हनन माना जाएगा।

मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

इंफाल, एजेंसी

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मंगलवार की रात में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए हैं, जहां भारी मात्रा में हथियार हैं। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने बताया-यह घटना मंगलवार रात को तब हुई जब स्थानीय युवा, जिनमें ज्यादातर ग्राम स्वयंसेवक थे, एमपीटीसी के गेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

राशन घोटाले का एक और आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) घोटाले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान व्यवसायी विश्वजीत दास के रूप में हुई है। उसे जेल में बंद राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व बोनगांव (उत्तर 24 परगना) नगर पालिका अध्यक्ष शंकर अद्ध्या का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद राशन घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में कम से कम आठ स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें बिधाननगर थाना क्षेत्र के तहत साल्ट लेक में विश्वजीत का घर भी शामिल था।

ईडी ने अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में तलाशी ली

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। कार्रवाई का विस्तृत विवरण अभी नहीं मिला है। जबकि मामले की अभी भी जांच जारी है।

कोर्ट ने महिलाओं की आयु सीमा पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सरोगेसी कानून को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरोगेसी के लिए महिलाओं की आयु निर्धारित करने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा। इस कानून में केवल 23 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सरोगेसी की अनुमति दी गई है। एक दंपती की ओर से दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जवाब मांगा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दंपती की याचिका पर नोटिस जारी किया जिनकी उम्र लगभग 51 वर्ष है। उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह का कानून उन्हें बच्चा पैदा करने के उनके अधिकार से वंचित करता है। पीठ ने केंद्र से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि विज्ञान के कुछ आधार होते हैं। हम विज्ञान के बीच हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं...किसी और के जीवन के साथ न खेलें। इससे बच्चा विकृत हो जाएगा। दंपती ने सरोगेसी के लिए राज्य मेडिकल बोर्ड में आवेदन किया था, लेकिन बोर्ड ने यह कहकर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार कर दिया कि इच्छुक महिला ने सरोगेसी अधिनियम- 2021 के तहत निर्धारित आयु सीमा पार कर ली है, जिसके बाद दंपती ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करेगा निस्तारण

दिल्ली उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करेगा और उनसे जुड़ी कानूनी कार्यवाही में पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। अदालत ने उच्चतम न्यायालय के 26 सितंबर 2023 के एक फैसले में पारित निर्देशों के अनुपालन में ये निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार जनरल कंवलजीत अरोड़ा के मार्फत सात फरवरी को जारी निर्देश के अनुसार-एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से जुड़ी किसी भी कानूनी कार्यवाही का निस्तारण अदालतें एचआईवी (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 की धारा 34(2) में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर करेंगी। इसमें कहा गया कि अदालतें यह भी सुनिश्चित करेंगी कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की गोपनीयता को पूरी तरह से बरकरार रखा जाए और कार्यवाही की रिकॉर्डिंग में ऐसे व्यक्तियों के असली नाम की जगह छद्म नामों का इस्तेमाल किया जाए।

सिंधू की जीत के साथ वापसी, चीन को 3-2 से हराया

भारतीय पुरुष टीम ने भी नॉकआउट में किया प्रवेश, हांगकांग की टीम को दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने से पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को चीन से भिड़ेगी, जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई, जिससे 3 मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने 149वें नंबर की वू लियो यू को हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। इस बीच पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को हराने में पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को हराकर टीम की 4-1 से जीत तय की। 4 ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।

एफआईएच प्रो-लीग में भारत का लक्ष्य हैट्रिक

भुवनेश्वर, एजेंसी

एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो-लीग के सत्र को लगातार दो जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैम्पियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी। नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भी इस मुकाबले में दो जीत के साथ उतरेगी। टीम ने स्पेन को 4-3 और आयरलैंड को 5-0 से मात दी है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अभी सुधार बाकी है। शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलना हमेशा कठिन होता है, लेकिन हमें उबरने के लिए अच्छा ब्रेक मिला और अब हमारा ध्यान भुवनेश्वर चरण के आखिरी दो मैचों पर है। फुल्टोन को पता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम कितनी मजबूत है लेकिन उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले मैच के लिए तैयार हैं। यह निश्चित रूप से एक कठिन मैच होने वाला है। वे (ऑस्ट्रेलिया) लगातार बड़ी जीत दर्ज कर रहे हैं। भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह लय में है। उन्होंने अब तक तीन गोल किए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शूटआउट में शानदार रक्षण के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को भुवनेश्वर चरण में आयरलैंड का सामना करेगी।

खेल डायरी

नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

डैज के गोल से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

लेपजिग (जर्मनी), एजेंसी। ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी। उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा।

भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण और रजत पदक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने में 9 स्वर्ण सहित 7 पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629 .0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627 .4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

नागल की नजरें अब पेरिस ओलंपिक पर

बेंगलुरू, एजेंसी। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने जीत के बाद कहा कि हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वह बस अलग तरह से खेलते हैं: जडेजा

राजकोट में खेला जाएगा आज पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद के मैच में भारत को हराया था, लेकिन मेजबान टीम ने

विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी कर ली। तीसरा टेस्ट यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने कहा कि मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट से दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा कि अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते। भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा कि अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और अधिक रन लुटा दें और विकेट भी नहीं मिले। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है।

भरत को रन बनाने होंगे: पार्थिव

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में बल्ले से लचर प्रदर्शन करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत को एक और मौका देने की वकालत करते हुए पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा कि आंध्र के इस खिलाड़ी ने विकेट के पीछे अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। इस बात की संभावना है कि तीसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी के कारण ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका मिले। भरत ने इस श्रृंखला में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी (विकेटकीपिंग में) शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं की आप उसके बल्ले से रन चाहते हैं।

क्रिकेट के लिए अच्छा बैज़बॉल: कुलदीप

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि बैजबॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ ही उन्हें विकेट लेने में भी मदद करता है। आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं। लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब वे शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है।

भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाऊंगा: स्टोक्स

राजकोट, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर बनी 'हाइप' को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह हैं लेकिन वह इस मैच में भारतीय दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जब इंग्लैंड की अगुवाई करने को उतरेंगे तो वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के 16वें खिलाड़ी होंगे। अपनी उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह होती हैं लेकिन मैंने हमेशा भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया है, क्योंकि इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और लोगों की काफी दिलचस्पी होती है।

स्टोक्स ने कहा कि उनका ध्यान अभी परिस्थितियों को समझने और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर है। जब आप विकेट देखते हो तो उसमें कुछ दरार होती हैं। यह समय ही बताएगा कि मैच में उनकी भूमिका होगी या नहीं। मैं पिच के बारे में अभी से बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता हूं लेकिन आपके पास रणनीति होनी चाहिए जो आप अपने खिलाड़ियों को बताओगे। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह निसंदेह अविश्वसनीय गेंदबाज है। वह लंबे समय से यह साबित कर रहा है और उसने पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

बशीर की जगह वुड इंग्लिश टीम में शामिल

इंग्लैंड ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा की, जिसमें बदलाव किया गया है। टीम में आफ स्पिनर शोएब बशीर के स्थान पर तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया है। श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड दो तेज गेंदबाजों को शामिल करेगा। वुड पहले टेस्ट में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, हालाँकि उन्हें दो पारियों में कोई विकेट नहीं मिला।

मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपेनहेगन को रौंदा

कोपेनहेगन, एजेंसी। केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है। टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है। सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई, लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया। बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा।

राजकोट में चलेगा बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू: जहीर

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का नजारा पेश करते हुए मैच में 9 विकेट चटकाए, जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबरी की। जहीर ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी। इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी। जहीर ने कहा कि आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों का दबदबा होगा। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवैस शाह भी जहीर से सहमत दिखे। मुख्य मुकाबला बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा।

बॉलीवुड हलचल

नेहा- लवली का ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी गाना ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज हो गया है। ब्लेजर में बेजोड़ लागेला वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में लवली काजल अपने पति पर प्यार जताते हुए बहुत प्यारी लग रही हैं। वह अपने हसबैंड को प्यार भरी नजाकत के साथ तारीफ करते हुए कह रही हैं कि...'भले सांवर बाड़ा नाही कम बाड़ा हो, खाके मम्मी के कसम हैंडसम बाड़ा हो, दिलवा में बोली के गोली दागेला, अरे गोली दागेला...राजा हो ब्लेजर में तू बेजोड़ लागेला, ब्लेजर में बेजोड़ तू लागेला...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ब्लेजर में बेजोड़ लागेला' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर नेहा राज हैं, जबकि अभिनेत्री लवली काजल है।

नोरा के जन्मदिन पर 1000 बच्चों को खिलाया गया खाना

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गई और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है। हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं, क्या तोहफा है।

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गई है। फिल्म चीख की कहानी जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा, चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है, टेक्नोलॉजी के इस जमाने में फिल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को संज़ीदगी से उठाया गया है। हम लोग फिल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे। हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफलता के बाद हम यह काफी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फिल्म बनेगी। दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर ने इस फिल्म को खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया हैं। दूसरे शेड्यूल में हम हर सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर जाएं। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि दूसरे शेड्यूल में फिल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ हैं। फिल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन टीम तन्मयता से काम मे लगी थी और इसी का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं। पिछले शेड्यूल में हमने 1 महीने तक फिल्मांकन किया और आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है। फिल्म के लेखक धर्मेन्द्र सिंह, छायांकन विजय मंडल हैं। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अर्चना सिंह राजपूत, संतोष पहलवान, जितेंद्र झा, प्रेम दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, आर्यन बाबू, छोटी, निशा सिंह, सोनिया मिश्रा, जेश केशरवानी हैं।

करण जौहर की वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिए बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया, शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है।

अरविंद अकेला कल्लू का गाना अनार रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना अनार रिलीज हो गया है। गाना अनार को जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस गाने को कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के वीडियो में आरोही सिंह और कल्लू है। अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि अनार फुल्ली कमर्शियल गाना है और यह दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देने वाला है। जेएमएफ भोजपुरी शानदार म्यूजिक प्लेटफ़ॉर्म हैं, जहां हर तरह के गाने उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का मनोरंजन हो सके। उसी प्ले लिस्ट में हमारा यह गाना भी जुड़ गया है, जिसे मैं भोजपुरी के दर्शकों से बड़ा और मिलियन व्यूज वाला बनाने का आग्रह करता हूं। यह गाना आपके लिए है और इसे खूब एन्जॉय करें। वहीँ इस चैनल के मालिक बद्रीनाथ झा ने कहा कि कल्लू का गाना अनार मनोरंजन की ताजगी देने वाला है, इसलिए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी सबसे ऊंची इमारत



मंदिर के भव्य शिखर हैं खास: मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में किया गया है। बीएपीएस मंदिर की आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। इसके आधे हिस्से में पार्किंग भी बनाई गई है। अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। बीएपीएस के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएई के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, बकौल स्वामी ब्रह्मविहरिदास, इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए मंदिर में भारतीय पौराणिक कथाओं में अहम स्थान रखने वाले हाथी, ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।

दुबई, एजेंसी

भारत के मित्र देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का तिरंगा शान से लहरा रहा है। दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा तिरंगे के रंगों में उस वक्त जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।

भारत-यूएई के रिश्तों में सद्भाव-संस्कृति का प्रतीक बनी विश्व की सबसे ऊंची इमारत। दरअसल, भारत दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में बतौर एक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुआ। पीएम मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे में मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।



कई देशों की सभ्यताओं को भी मिली जगह

मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया (मैक्सिको की महत्वपूर्ण सभ्यता), एज्टेक (मध्य अमेरिकी सभ्यता), मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर की बाहरी दीवारों को भारत के बलुआ पत्थर का इस्तेमाल करके बनाया गया, जबकि आंतरिक दीवारें सफेद इतालवी संगमरमर से बनाई गई हैं।

धीरज का प्रतीक है ऊंट

पत्थरों पर नक्काशी करने वाले शिल्पकार सोमसिंह ने कहा कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को यूएई के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।



एक नजर

गुजरात: दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

गांधीनगर। गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

इजराइल-हमास युद्धविराम पर बातचीत जारी रहेगी: मिस्र

काहिरा। मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र इजराइल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र मीडिया ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं।

पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी

वाशिंगटन। पाकिस्तान चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पाकिस्तान में चुनावों से अवगत हैं।

ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

दुबई। ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य करार दिया। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई।

अमेरिका: दो जुड़वा बच्चों का घोंटा गला, दंपती को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

घर में मृत मिला भारतवंशी परिवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था। इसलिए, उनकी मौत की वजह का पता लगाने के शव का परीक्षण होगा। पुलिस मानकर चल रही है कि बच्चों का या तो गला घोंटा गया या उन्हें जानलेवा ओवरडोज दी गई, क्योंकि उनके शरीर पर हमले का कोई निशान नहीं था। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी बाथरूम के अंदर पाए गए। दोनों को गोली लगी हुई थी। बाथरू में 9 एमएम की पिस्तौल और भरी हुई मैगजीन मिली है।

अमेरिका में भारतीयों पर बढ़े हमले

हाल के महीनों में एक भारतीय छात्र सहित सात भारतवंशी लोगों की मौतें हुई हैं। वाशिंग में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले शिकागो में एक छात्र सैयद मजाहिर पर हमला हुआ था। उससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेड़ी ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था।

भारतवंशी नागरिकों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां

बीते कुछ अरसे से भारतीयों, खासकर भारतीय छात्रों के साथ घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में काम करने वाले संगठन टीम के अनुसार भारतीय छात्रों के समक्ष मुख्य तौर पर ये तीन प्रमुख चुनौतियां आती हैं। **ड्रगिस्ट के हमले :** अमेरिका में बीते कुछ समय से ड्रग एब्यूज (नशे की स्थिति में दुर्व्यहार) के मामलों में काफी तेजी आई है। भारतीय छात्र इनका आसान शिकार बन जाते हैं। पंचकुला के विवेक सैनी की जान ऐसे ही एक ड्रगिस्ट ने गत सप्ताह ले ली थी। **संवाद**

की समस्या : उत्तर भारत से अमेरिका जाने वाले अनेक छात्रों को भाषा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिकारियों के समक्ष उसे बयां करने से हिचकते हैं, जिससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है। **मानसिक संताप :** भारतीय अभिभावक अपने बच्चों को अमेरिका पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका तनाव भी बच्चों को रहता है। जब उन्हें लगता है कि राशि का वे उचित प्रतिसाद नहीं दे पाएंगे तो खुदकुशी जैसे कदम उठा लेते हैं।

पं. बंगाल की जेलों में 4 साल में जन्में 62 बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी गई है कि पिछले चार वर्षों में बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जेल जाने से पहले ही यह महिला कैदी गर्भवती थीं। जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

- शीर्ष कोर्ट में रिपोर्ट पेश जेल जाने से पहले ही हुईं थीं महिला गर्भवती

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के तबादले का प्रस्ताव

नई दिल्ली। सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। दरअसल, इन न्यायाधीशों ने अपने तबादले का अनुरोध किया था। मंगलवार को कॉलेजियम की बैठक में जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल थे। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के अन्य हाई में ट्रांसफर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कॉलेजियम ने कहा, 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता हाई कोर्ट से किसी अन्य हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में जस्टिस भट्टाचार्य को तेलंगाना हाई कोर्ट में ट्रांसफर किये जाने की सिफारिश की जाती है।

जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद ने शीर्ष कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 14 फरवरी को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका रद्द कर दी। अदालत ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बुधवार को उमर खालिद ने कोर्ट ने अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उमर खालिद को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। खालिद साल 2020 से ही दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में जेल में बंद हैं। उमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि यह याचिका इसलिए वापस ली जा रही है क्योंकि कुछ परिस्थितियां बदली हैं और अब हम बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में फ्रेश याचिका डालेंगे। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने याचिका को रद कर दिया।

इंडोनेशिया: 20 करोड़ मतदाता चुनेंगे अपना नेता, मतदान शुरू

जकार्ता। मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं।

बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। 'जोकोवी' के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है।

बर्फबारी से 1100 उड़ानें रद...

न्यूयॉर्क : अमेरिका के कई हिस्से बर्फीले तूफान की चपेट में हैं। न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कनेक्टिकट प्रांतों में मंगलवार को भीषण बर्फीला तूफान आया। सर्दी के सीजन में इस बर्फीले तूफान में नॉरईस्टर विंटर स्टॉर्म कहा जाता है। इस तूफान की वजह से न्यूयॉर्क में 5 से 8 इंच तक हिमपात हुआ है। न्यूयॉर्क के कैनेडी एयरपोर्ट की 1100 उड़ानों को रद करना पड़ा। साथ ही, न्यूयॉर्क के स्कूल-कॉलेज को भी बंद कर दिया गया है। ● एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध मजबूत: पेंटागन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध को लेकर पेंटागन ने बयान जारी किया है। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध बहुत अच्छे हैं।

सबरीना सिंह ने कहा किस क्षेत्र में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी जारी रखेंगे। रक्षा मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों के बारे में पेंटागन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 13 फरवरी से अमेरिका के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने पाकिस्तान में संपन्न हुए चुनाव को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेंटागन, पाकिस्तान में चल रही गतिविधियों पर नजर रख रहा है। पाकिस्तान में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी की जा रही है। भारतीय सेना में परिवर्तन, वैश्विक खतरे की धारणा, सेना में परिवर्तन-2030/2040, मानव संसाधन चुनौतियां, भविष्य की सेना का विकास और आधुनिकीकरण, और सह-उत्पादन जैसे मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है।

जनरल रैंडी जॉर्ज से मुलाकात करेंगे मनोज

रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल रैंडी जॉर्ज, अमेरिका के सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय चर्चा और बातचीत करेंगे।

युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो उनकी हत्या हो जाएगी: एलन मस्क

वाशिंगटन। रूस और यूक्रेन युद्ध को करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया साक्षात्कार काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता।

अमेरिकी सांसदों के सामने एलन मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। मस्क एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है।

43 भारतीयों समेत 186 लोगों को मालदीव ने किया निर्वासित

माले। मालदीव ने वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए 43 भारतीयों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित किए गए लोगों में सर्वाधिक संख्या बांग्लादेशियों (83) की है।

मालदीव में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों को बंद करने की जारी प्रयासों के बीच विदेशियों को निर्वासित किया गया है। गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि विभिन्न नामों से संचालित अवैध व्यवसायों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। गृह मंत्रालय इस प्रकार के व्यवसायों को बंद करने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों निर्वासित करने पर काम कर रहा है। यदि व्यवसाय किसी विदेशी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुनाफा कमाने के लिए संचालित किया जा रहा है तो ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण को समाप्त करने के लिए दिसंबर 2021 में एक कानून बनाया गया था। आव्रजन नियंत्रक शमां वहीद ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विदेशी श्रमिकों को खोजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आव्रजन विभाग ने कई लोगों को हिरासत में लिया और वैध दस्तावेजों व पासपोर्ट वाले लोगों को निर्वासित कर दिया गया।

- अवैध कारोबार करने का लगाया आरोप, बांग्लादेशी सबसे ज्यादा

विज्ञान नासा के रोबर पर्सिवरेंसरोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में किया कैद, मंगल के चंद्रमा फोबोस ने लगाया ग्रहण

लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ग्रहण की चपेट में पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य ही नहीं आते, बल्कि हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहते। पिछले सप्ताह मंगल पर लगे सूर्य ग्रहण को देखा गया। जिसकी तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान ने अपने कैमरे में कैद की हैं। मंगल पर यह अद्भुत ग्रहण की खगोलीय घटना आठ फरवरी को हुई।

लाल ग्रह मंगल के चंद्रमा फोबोस के कारण यह दुर्लभ नजारा सामने आया। नासा के रोबर पर्सिवरेंस रोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में कैद किया। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण के दौरान फोबोस का आकार आलू के बराबर नजर आया। मंगल का जेज़ेरो नामक क्रेटर क्षेत्र ग्रहण की चपेट में आया। ग्रहण के दौरान सूर्य के सामने से फोबोस गुजरा। रोबर ने इस घटना का विडियो बनाया है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने सूर्य ग्रहण की 68 तसवीरें अपलोड की हैं। फोबोस को पहली बार 1877 में अमेरिकी खगोलशास्त्री आसफ हॉल ने खोजा था। यह क्षुद्रग्रह के आकार का छोटे आकार का चंद्रमा है जो मंगल ग्रह की सतह से कुछ हजार मील की दूरी से परिक्रमा करता है। मंगल के काफी नजदीक होने के कारण यह मंगल के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में रहता है।

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।

लाल ग्रह मंगल से सूर्य ग्रहण की तस्वीर।

रहस्य के साए में उपग्रह फोबोस और डेमोस

लाल ग्रह के उपग्रह फोबोस और डेमोस दो ऐसे उपग्रह हैं, जिनके निर्माण के बारे में रहस्य अभी भी बना हुआ है। वैज्ञानिक अभी तक पता नही लगा पाए हैं कि वे क्षुद्रग्रह बेल्ट से आए हैं या किसी टकराव से इनका निर्माण हुआ है। यह भी समझा जाता है कि यह दोनो उपग्रह प्रारंभिक सौर मंडल के बचे हुए मलबे से बने हों। बहरहाल इस रहस्य को समझने के लिए अध्ययन जारी हैं।

पुतिन नाटो देशों पर हमला करते हैं तो हम रक्षा करेंगे: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने हाल ही में अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई टिप्पणियों की खतरनाक बताते हुए कहा कि 74 साल पुराना यह संगठन अमेरिका के लिए पवित्र प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि जब तक मैं राष्ट्रपति हूं और यदि पुतिन नाटो में शामिल किसी भी देश पर हमला करते हैं तो अमेरिका नाटो क्षेत्र के हर इंच की रक्षा करेगा। अभी हाल ही में दक्षिण कैरोलिना में एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह नाटो सहयोगियों से अपना रक्षा खर्च बढ़ाने को कहेंगे अन्यथा उन देशों पर आक्रमण करने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि जब अमेरिका जबान देता है तो उसका कुछ मतलब होता है। जब हम कोई वादा करते हैं तो हम उसे निभाते हैं और नाटो हमारे लिए पवित्र प्रतिबद्धता है। हालांकि ट्रंप इसे बोझ के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब वह नाटो को देखते हैं तो उन्हें अमेरिका और पूरी दुनिया की रक्षा करने वाला गठबंधन नहीं दिखता है।

- बाइडन ने ट्रंप के बयान पर कसा तंज, उन्होंने टिप्पणियों को खतरनाक बताया